BBD GROUP **
# वॉयस ऑफ लखनऊ
सच, सिर्फ सच
सोमवार, 31 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 87, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## हमारे प्रेरणा स्त्रोत



# डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी

### सुपुत्र स्व. बाबू बनारसी दास जी (पूर्व मुख्यमंत्री उ.प्र.)

पूर्व केन्द्रीय मंत्री, पूर्व मेयर लखनऊ, भारतीय बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, बैडमिंटन एशिया कंफेडरेशन, उपाध्यक्ष, भारतीय ओलम्पिक संघ, संस्थापक एवं चेयरमैन, बी.बी.डी. ग्रुप, हिन्दी दैनिक वॉयस ऑफ लखनऊ एवं उर्दू दैनिक कौमी खबरें

## 64वीं जयन्ती पर
## शत्-शत् नमन

### (31 मार्च 1961-12 अप्रैल 2017)

**यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति।**
**तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति।। 30।।**

जो पुरुष मुझे सर्वत्र देखता है और सबको मुझमें देखता है, उसके लिए मैं नष्ट नहीं होता (अर्थात उसके लिए मैं दूर नहीं होता) और वह मुझसे वियुक्त नहीं होता।। 30।।

## बी.बी.डी. ग्रुप

# समाज सेवा के प्रति जीवन भर समर्पित रहे डॉ. अखिलेश दास गुप्ता





डॉ. अखिलेश दास गुप्ता

बहुमुखी एवं विराट व्यक्तित्व के मालिक डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ने राष्ट्र के नवनिर्माण और सामाजिक उत्थान के अपने प्रयासों से लंबी एवं अमिट लकीर खींची है जो आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करती रहेगी। समाज सेवा के प्रति जीवन भर समर्पित रहे डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ने सामाजिक दायित्व के प्रति एक मिसाल कायम की। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ने हवाओं की दिशा में बहना नहीं सीखा था, वे तूफान के रुख को मोड़कर अपने अनुकूल बनाने में पारंगत थे। इसी खासियत ने उन्हें देश का सबसे युवा मेयर बनाया और महज ढाई दशक के राजनीतिक जीवन में अधिकांश समय तक उनके सितारे सियासत के राष्ट्रीय फलक पर चमकते रहे। एक राजनेता, खिलाड़ी और खेल प्रशासक के रूप में उन्होंने जो काम किये, वह यूपी की राजधानी में जमीन पर दिखायी देता है। वे स्वयं एक खिलाड़ी थे और भारत को खेल के क्षेत्र में सुपर पावर बनाना चाहते थे। उनका सपना था कि हमारे खिलाड़ी ओलंपिक मेडल जीतें और इसके लिए उन्होंने अथक प्रयास किया। भारतीय बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट के विकास, विश्व स्तरीय सुविधाओं के निर्माण, नये-नये बैडमिंटन कोर्ट बनाने, खिलाड़ियों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन देने, विदेशों में ट्रेनिंग दिलाने, नकद इनाम देने के साथ ही प्रीमियर बैडमिंटन लीग शुरू कर भारतीय बैडमिंटन को पूरी दुनिया में सिरमौर बना दिया। उनके प्रयासों का परिणाम है कि हमारे बैडमिंटन खिलाड़ी ओलंपिक और विश्वकप जैसी शिखर स्पर्धाओं के साथ लगभग सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में मेडल जीत रहे हैं और तिरंगे की शान बढ़ा रहे हैं।

(बीबीडी ग्रुप के प्रेरणास्रोत डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 64वीं जयंती पर विशेष)

## एआई से सुसज्जित अखिलेश दास गुप्ता स्कूल छात्र-छात्राओं के भविष्य को दे रहा आकार



शैलेन्द्र श्रीवास्तव

लखनऊ। राजधानी में बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप ने अब छात्र-छात्राओं के भविष्य को आकार देने के लिए एआई से सुसज्जित अखिलेश दास गुप्ता (एडीजी) स्कूल इस शैक्षणिक सत्र से शुरू किया है। यह स्कूल छात्रों को ज्ञान, कौशल और मूल्यों के साथ सशक्त बनाने में विश्वास रखता है जो उन्हें तेजी से विकसित हो रही दुनिया के लिए तैयार करेगा। राजधानी में यह सात एकड़ का परिसर एक जीवंत शिक्षण केंद्र है जहां परंपरा आधुनिकता से मिलती है, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार और समग्र विकास को बढ़ावा देती है। एडीजी स्कूल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप एक प्रगतिशील पाठ्यक्रम को वरीयता दी गयी है, जिसमें योग्यता-आधारित शिक्षा, 21वीं सदी के कौशल और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों पर जोर दिया जाता है। इसमें अनुभवी और उच्च प्रशिक्षित शिक्षक कक्षा में विशेषज्ञता और जुनून लाते हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि छात्रों को उच्च-गुणवत्ता, आकर्षक और व्यक्तिगत सीखने का अनुभव मिले। साथ ही यहां पर आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और अच्छे संचार कौशल को प्राथमिकता दी जाती है ताकि छात्रों को खुद को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने, सहयोग करने और जटिल समस्याओं को हल करने की क्षमता मिले। इसके साथ ही एडीजी स्कूल का अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा एक इमर्सिव लर्निंग अनुभव का समर्थन करता है, जिसमें आधुनिक रोबोटिक्स और गणित प्रयोगशालाएं हैं। यह व्यावहारिक शिक्षण स्थान है, जहां छात्र तकनीक, एआई और समस्या-समाधान का पता लगाते हैं। डिजिटल लाइब्रेरी और एआई के तहत सुसज्जित स्मार्ट क्लासरूम में नवीनतम तकनीक द्वारा संचालित इंटरैक्टिव और अनुकूली शिक्षा शामिल है।

## बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप को विश्वस्तरीय बनाने का संकल्प



फोटो: अमित वर्मा

अनिल द्विवेदी

लखनऊ। बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप विश्वस्तरीय बनने के संकल्प के साथ नित्य नयी ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। इसकी गवाही बीबीडी यूनिवर्सिटी और संबद्ध कालेजों में लगातार बढ़ रही विद्यार्थियों की संख्या है। साथ ही छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापरक शिक्षा मिलने के चलते उनका बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में चयन हो रहा है। बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास निरन्तर छात्र-छात्राओं की सुविधा और उनके गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए प्रयासरत रहते हैं ताकि छात्रों को भविष्य की ऊंचाइयां मिल सके। बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप में बीबीडी युनिवर्सिटी समेत परिसर में एकेटीयू से सम्बद्ध तीन कॉलेज संचालित होते है। इन कालेजों में दाखिले के समय राजधानी ही नहीं बल्कि अन्य प्रदेश के विद्यार्थी प्रवेश लेने के लिए आतुर रहते हैं। इन तीन कॉलेजों में बीबीडी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (बीबीडी आईटीएम), बीबीडी नार्दर्न इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (बीबीडी एनआई आईटी) और बीबीडी इंजीनियरिंग कालेज (बीबीडीईसी) हैं। इसके अलावा दिल्ली में छात्रों को गुणवत्तापरक शिक्षा देने के लिए कृत संकल्पित भाव से डॉ. अखिलेश दास गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज संचालित हो रहा है। यूनिवर्सिटी समेत सभी कालेजों में दाखिले की बात की जाए तो यहां पर प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में दाखिला लेने वाले छात्र-छात्राओं का तांता लगता है। केवल विद्यार्थी ही नहीं बल्कि उनके अभिभावकों की भी बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा दिलाने और उनके बेहतर भविष्य बनाने के लिए पहली पसंद बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप बनता जा रहा है।

## बीबीडी ग्रीन सिटी से मिल रहा सपनों का आशियाना

आशीष मौर्य




लखनऊ। गरीबों, असहायों को राहत पहुंचाने के साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. अखिलेश दास ने लोगों को उनके सपनों का आशियाना देने का भी काम किया है। डॉ. अखिलेश दास का यही सपना रहा है कि सभी को उनके सपनों का घर उनके बजट में मिले। उनके सपने को पूरा करने में विराज कंस्ट्रक्शन ने महती भूमिका निभाई है। विराज कंस्ट्रक्शन लखनऊ में एक जाना-पहचाना नाम है और अपने बेहतरीन व्यावसायिक एवं आवासीय निर्माण कार्य व गुणवत्ता से ग्राहकों का भरोसा प्राप्त कर चुका है। विराज कंस्ट्रक्शन ने पिछले कुछ वर्षों में लखनऊ शहर में कई बहुमंजिला आवासीय योजना, टाउनशिप और होटल का निर्माण सफलतापूर्वक सम्पूर्ण किया है। इनमें से प्रमुख रूप से बी.बी.डी विराज टावर्स, बी.बी.डी ग्रीन सिटी, बी.बी.डी. टाइम्स स्क्वायर, लोटस कोर्ट, लोटस इन्क्लेव, फार्च्यून पार्क बी.बी.डी होटल व बेस्ट वेस्टर्न सागर सोना होटल आदि हैं। विराज कंस्ट्रक्शन ने अद्भुत आवासीय विकास का निर्माण किया, जिसे बी.बी.डी ग्रीन सिटी के नाम से जाना जाता है। राजधानी में अयोध्या रोड पर यह आवासीय परिसर अपने नाम के अनुरूप कई एकड़ की हरियाली से घिरा हुआ है जो कि शांतिपूर्ण परिवेश के साथ समकालीन जीवन का आदर्श मिश्रण प्रदान करता है।

बी.बी.डी ग्रीन सिटी अपने स्मार्ट डिजाइन, अत्याधुनिक सुविधाओं और लाभप्रद स्थान के कारण सुखद और समृद्ध जीवन शैली की तलाश कर रहे व्यक्तियों के लिए आदर्श स्थल है। यह परिवारों, कामकाजी पेशेवरों और निवेशकों के लिए अत्यधिक मांग वाला आवासीय विकल्प है क्योंकि यह प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य सुविधाओं, शॉपिंग मॉल और मनोरंजन केंद्रों के करीब स्थित है।

## नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा से जनता को मिल रही राहत

अनिल कुमार सिंह




**लखनऊ। डा. अखिलेश दास गुप्ता द्वारा मरीजों की मदद के लिए शुरू की गयी नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। उनके इस जनहित कार्य को उनके पुत्र बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने आगे बढ़ाते हुए पिछले दिनों एम्बुलेंस संख्या में बढ़ोतरी कर जनता को और अधिक सुविधा प्रदान की है। विराज सागर दास के इस फैसले से हजारों मरीज लाभान्वित हो रहे हैं। अभी हाल ही में आलमबाग निवासी राजेन्द्र शर्मा को अचानक दिल का दौरा पड़ा। जल्द से जल्द उन्हें अस्पताल पहुंचना जरूरी था। परिजनों ने बीबीडी ग्रुप की नि:शुल्क एंबुलेंस सेवा पर फोन किया और पांच मिनट के भीतर एम्बुलेंस उनके दरवाजे पहुंच गयी और मरीज को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। समय पर इलाज मिलने से उनकी जान बच गयी। राजेन्द्र के बेटे अनिल ने इस एम्बुलेंस सेवा की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि समय पर एम्बुलेंस मिलने से उनके पिता की जान बच गयी।**

## समाज सेवा को समर्पित है बीबीडी ग्रुप

रूपक सान्याल



लखनऊ। पौशाला के जरिए हर चौराहे पर लोगों की प्यास बुझाने की बात हो, सर्दी में अलाव जलवाने की बात हो या फिर गरीबों को कंबल एवं गर्म कपड़े बांटकर उनको सर्दी से बचाने की बात हो या फिर समय-समय पर भव्य व बड़े भंडारे कराने का आयोजन हो, ऐसे सामाजिक कार्य में अग्रणी भूमिका निभाने वाला बीबीडी ग्रुप समाज सेवा से जुड़ रहे लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बन गया है।

समाज के प्रति ऐसा संवेदनशील नजरिया किसी दूरदर्शी राजनेता का ही हो सकता है जिनके लिए पहले राष्ट्र, फिर समाज और अंत में राजनीति होती है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. अखिलेश दास गुप्ता देश के ऐसे ही राजनेता थे जिनकी राजनीति, समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण को समर्पित थी। यही कारण है कि आज भी डॉ. अखिलेश दास गुप्ता को काफी सम्मानित तरीके से याद किया जाता है। उनके युवा पुत्र बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास भी उनकी परम्परा को निरंतर आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप का एक मात्र ध्येय जनसेवा है। इसी के तहत हर सर्दी में जहां प्रत्येक चौराहों, अस्पतालों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाने का प्रबंध किया जाता है।

## समृद्ध धार्मिक विरासत की पहचान बना गणेश महोत्सव

समरेश पति त्रिपाठी



लखनऊ। बीबीडी समूह द्वारा हर साल आयोजित होने वाला गणेश महोत्सव राजधानी लखनऊ की समृद्ध धार्मिक विरासत की पहचान बन चुका है। गणेश महोत्सव की ख्याति सिर्फ लखनऊ में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में देखी जा सकती है। बीबीडी समूह के प्रेरणास्रोत बाबू बनारसी दास और संस्थापक डॉ. अखिलेश दास गुप्ता का धर्मपरायणता और सर्वधर्म समभाव में अडिग विश्वास था और इस गौरवशाली परम्परा को बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन अलका दास गुप्ता और प्रेसिडेंट विराज सागर दास गुप्ता आगे बढ़ा रहे हैं, जिससे दिनोंदिन बीबीडी समूह की धार्मिक परम्परा समृद्ध हो रही है।

लखनऊ में दुर्गा पूजा पंडालों की आर्थिक मदद करने के साथ ही बीबीडी परिसर पर हर वर्ष गणेश महोत्सव का भव्यता के साथ आयोजन किया जाता है। बीबीडी का गणेश महोत्सव राजधानी लखनऊ में एक इवेंट बन चुका है, यहां प्रदेश के तमाम उभरते कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां देकर सिद्धि विनायक का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही बालीवुड के कई बड़े कलाकार और गायक बीबीडी ग्रुप के गणेश महोत्सव की भव्यता में चार चांद लगा चुके हैं। भगवान गणेश बीबीडी ग्रुप के प्रथम देवता के तौर पर पूज्य हैं और इस समूह के हरेक कार्य के शुभारंभ के अवसर पर गणपति बप्पा का सबसे पहले आशीर्वाद लेने की परम्परा है और अपनी इस गौरवशाली आध्यात्मिक परम्परा को विराट आकार देने और भगवान गणेश के प्रति अपनी भक्ति भावना को ज्ञापित करने के लिए बीबीडी शिक्षण संस्थान ने अपने वृहद कैंपस के प्रवेश द्वार पर ही भव्य गणेश मंदिर का निर्माण कराया है।

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

सोमवार, 31 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 87, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



**कंपनियों की पूंजी 88085.89 करोड़ बढ़ी**

सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 88,085.89 करोड़ की बढ़ोतरी हुई। } 14

**छत्तीसगढ़ में 50 नक्सलियों का आत्मसमर्पण सराहनाीय**

केंद्रीय गृह मंत्री ने छत्तीसगढ़ में 50 नक्सलियों के आत्मसमर्पण की सराहना की और कहा कि जो लोग हथियार छोड़कर विकास का रास्ता अपनायेंगे, उनका पुनर्वास किया जायेगा। } 16




## द्वितीय-मां ब्रह्मचारिणी



दधाना करपद्माभ्यामक्षमला कमण्डलू। देवीप्रसीदतु मयि ब्रह्मद्दचारिण्यनुत्तमा॥ शिवजी को पति के रूप में प्राप्त करने के लिये उन्होंने ब्रह्म अर्थात ईश्वर का कठिन तप किया एवं शिव पत्नी हुई।

## हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन से छह की मौत, पांच घायल

एजेंसी

मनाली। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में भीषण भूस्खलन से 6 लोगों की मौत हो गई है कई घायल बताए जा रहे हैं। कुल्लू के मणिकरण गुरुद्वारा पार्किंग के पास घटना हुई।

यहां भूस्खलन की वजह से पेड़ उखड़ने के चलते 6 लोगों की मौत हो गई जबकि पांच घायल बताए जा रहे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और रेस्क्यू टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल ले जाया गया। कुल्लू के एडीएम अश्वनी कुमार ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि कुल्लू के मणिकरण गुरुद्वारा पार्किंग के पास पेड़ उखड़ने से छह लोगों की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए। पुलिस और जिला प्रशासन की बचाव टीमों ने पांच घायलों को जरी के स्थानीय सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया है। जिन छह लोगों की मौत हुई उनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। घटना शाम 5 बजे की बताई जा रही है। कुछ लोग सड़क के किनारे बैठे हुए थे तभी पेड़ गिरा और लोग उसके नीचे दब गए। बताया जा रहा है कि जब भुस्खलन हुआ तो पेड़ भी मलबे के साथ गिर गया। कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ने बताया कि जिन 6 लोगों की मौत हुई है उनमें से दो स्थानीय और 4 बाहर से थे। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक ये हादसा ऊंचाई से खोखला पेड़ गिरने की वजह से हुआ है। इसकी चपेट में वहां मौजूद रेहड़ी वाले और... शेष पृष्ठ 14 पर

## रामनवमी पर भगवान सूर्य करेंगे रामलला का अभिषेक

### इसरो के वैज्ञानिकों ने किया ट्रॉयल, सूर्य की किरण भगवान के मस्तक पर लाने की तकनीकी व्यवस्था

जिला संवाददाता

अयोध्या। रामजन्मभूमि परिसर में सूर्य तिलक का ट्रॉयल किया गया। इसरो के वैज्ञानिक छह अप्रैल को सूर्य की किरण भगवान के मस्तक पर लाने की तकनीकी व्यवस्था कर रहे हैं। गत वर्ष अस्थायी तौर पर रामलला का सूर्य तिलक हुआ था। अब स्थायी तौर पर वैज्ञानिक मंदिर का निर्माण पूरा होने पर सूर्य तिलक की व्यवस्था कर रहे हैं।

रामलला के जन्मोत्सव के दिन भगवान के मस्तक का सूर्य अभिषेक होगा। इस निमित्त वैज्ञानिकों ने रविवार को एक मिनट का ट्रॉयल किया है। इस दौरान सफलतापूर्वक सूर्य की किरणें रामलला का सूर्य अभिषेक करती नजर आईं। रामनवमी को चार मिनट तक भगवान सूर्य रामलला के मस्तक



पर तिलक करेंगे। गत वर्ष 17 अप्रैल को रामनवमी पड़ी थी। रामनवमी पर अयोध्या के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद विराजमान रामलला का पहली बार सूर्य तिलक हुआ था। दोपहर 12 बजकर 01 मिनट पर वैज्ञानिकों के द्वारा बनाई तकनीक से रामलला के मस्तक पर सूर्य तिलक हुआ था। जैसे ही रामलला के मस्तक पर सूर्य की पहली किरण पहुंची मंदिर का वातावरण भक्ति भाव में डूब गया। विधि-विधान के साथ भगवान राम की पूजा की गई और मंगल गीत और भजन गाया गया। इसरो के वैज्ञानिकों के मुताबिक इस साल भी सबसे पहले मंदिर के पहले हिस्से पर लगे दर्पण पर सूर्य की रोशनी गिरेगी फिर यहां से रोशनी परावर्तित होकर पीतल के पाइप में प्रवेश करेंगी। फिर दूसरे चरण में पीतल की पाइप में लगे दूसरे दर्पण से सीधे रोशनी टकराकर 90 डिग्री में बदल जाएगी। इसके बाद लंबवत पीतल के पाइप में सूर्य किरणें तीन अलग-अलग लेंस से आगे बढ़ेंगी। सूर्य तिलक के चौथे चरण में किरणें तीन लेंस से गुजरने के बाद गर्भगृह के सीध में लगे दर्पण से टकराएंगी। यहां से किरणें एक बार फिर 90 डिग्री के कोण में मुड़कर सीधी यानी क्षैतिज रेखा में आ जाएंगी। आखिरी चरण में किरणें सीधे रामलाल के मस्तक पर टकराकर सूर्य तिलक करेंगी। हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर जहां अयोध्या में विभिन्न मंदिरों से झांकी निकाल कर संत, महंत और भक्तों ने रामकोट की परिक्रमा की तो वहीं हिंदू नववर्ष के पहले सूर्योदय पर वैदिक ब्राह्मण और संतों ने नमन किया। रामनगरी में रविवार को नववर्ष के उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर आरती उतार कर स्वागत किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति, वैदिक बटुक और आरएसएस के कार्यकर्ता शामिल रहे। नववर्ष संवत 2082 के स्वागत में महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने सरयू के तट पर सरयू जल से अर्घ्य देकर उदीयमान सूर्य की आरती उतारी।

## संक्षेप

### युद्धाभ्यास करेगी भारतीय वायुसेना

नयी दिल्ली। भारतीय वायुसेना सोमवार से यूनान में शुरू होने जा रहे 12 दिवसीय विशाल युद्धाभ्यास में हिस्सा लेगी जिसका उद्देश्य आधुनिक वायु युद्ध चुनौतियों से निपटने की तैयारी करना है। यूनान के अन्द्राविडा वायुसैन्य अड्डे पर द्विवार्षिक आईएनआई ओसीएचओएस-25 युद्धाभ्यास में भारतीय वायुसेना सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों के साथ-साथ लड़ाकू क्षमता वाले आईएल-78 और सी-17 ग्लोबमास्टर के साथ शामिल हो रही है। भारतीय वायुसेना ने रविवार को कहा, यह युद्धाभ्यास भारत की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेगा तथा मित्र देशों के साथ संयुक्त अभियानों में इसकी क्षमताओं को बढ़ाएगा। हेलेनिक वायुसेना द्वारा आयोजित यह युद्धाभ्यास 31 मार्च से 11 अप्रैल तक चलेगा। यह वायुसेनाओं के लिए अपने कौशल को निखारने, सामरिक ज्ञान का आदान-प्रदान करने तथा सैन्य संबंधों को मजबूत करने के लिए एक मंच के ...शेष पृष्ठ 14 पर

### उत्तराखंड : गंगोत्री धाम के कपाट 30 को खुलेंगे

उत्तरकाशी। उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्र में स्थित विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर रोहिणी नक्षत्र में सुबह साढ़े दस बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जायेंगे। इसी दिन उत्तरकाशी जिले में स्थित एक अन्य धाम यमुनोत्री के कपाट भी खोले जाएंगे और इसके साथ ही प्रदेश में चारधाम यात्रा की शुरुआत हो जाएगी।

### अवकाश की सूचना

ईद उल फितर पर 'वॉयस ऑफ लखनऊ' के सुधी पाठकों, विज्ञापनदाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।

31 मार्च यानी सोमवार को वॉयस ऑफ लखनऊ कार्यालय बंद रहेगा। अगला अंक 2 अप्रैल बुधवार को प्रकाशित होगा।

–संपादक



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 34.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 20.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- महेशपुर और बुटाहनी वनटांगिया ग्रामों में खुलेगा स्कूल (पृष्ठ-02)
- उप मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष ने सुनी 'मन की बात' (पृष्ठ-02)
- एफआईआई की गतिविधियों से तय होगी बाजार की दिशा (पृष्ठ-14)
- 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था (पृष्ठ-14)
- एफपीआई ने शेयर बाजार में 31 हजार करोड़ डाले (पृष्ठ-14)


# संघ भारतीय संस्कृति का वटवृक्ष

## पीएम मोदी ने माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखी

एजेंसी

मुंबई। प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने के 11 साल बाद पहली बार नागपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) मुख्यालय पहुंचे नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आरएसएस को भारत की अमर संस्कृति का वट वृक्ष बताया। मोदी नागपुर में आरएसएस मुख्यालय का दौरा करने वाले दूसरे प्रधानमंत्री हैं।

आरएसएस के एक पदाधिकारी ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 2000 में अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान यहां का दौरा किया था। यह मोदी का भी शीर्ष पद पर तीसरा कार्यकाल है। प्रधानमंत्री मोदी नागपुर में अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच सुबह आरएसएस मुख्यालय में डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा किया और संघ के संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वह दीक्षाभूमि भी गए, जहां डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। मोदी ने माधव



नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला भी रखी, जो माधव नेत्रालय नेत्र संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र का एक नया विस्तार भवन है। इस भवन का नाम आरएसएस के दिवंगत पूर्व प्रमुख माधवराव गोलवलकर के नाम पर रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखने के बाद कहा कि आरएसएस के स्वयंसेवक देश के विभिन्न क्षेत्रों एवं हिस्सों में निःस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आरएसएस भारत की अमर संस्कृति और आधुनिकीकरण का वट वृक्ष है, जिसके आदर्श और सिद्धांत राष्ट्रीय चेतना की रक्षा करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह विशाल वटवृक्ष कोई साधारण वटवृक्ष नहीं है। आरएसएस सेवा का पर्याय है। मोदी ने कहा कि पिछले 100 वर्षों में आरएसएस के अपने संगठन के साथ की गई तपस्या का फल मिल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## हमारे त्योहार देश की विविधता में एकता को दर्शाते हैं: प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि आज और आगामी दिनों में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहार भारत की विविधता में व्याप्त एकता की भावना के सूचक हैं। मोदी ने लोगों से इस भावना को मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने मन की बात मासिक कार्यक्रम में कहा कि रविवार को विभिन्न राज्य अपना पारंपरिक नववर्ष मना रहे हैं और आगामी दिनों में कई अन्य राज्य भी इसे मनाएंगे। उन्होंने कहा कि आज कर्नाटक में, आंध्र प्रदेश, तेलंगना में उगादी का पर्व बहुत धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज ही महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा मनाया जा रहा है। विविधता भरे हमारे देश में, अलग-अलग राज्यों में अगले कुछ दिन में असम में रोंगाली बिहू, बंगाल में पोइला बोइशाख, कश्मीर में नवरेह का उत्सव मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा, इसी तरह, 13 से 15 अप्रैल के बीच देश के अलग-अलग हिस्सों में त्योहारों की जबरदस्त धूम दिखेगी। इसे लेकर भी उत्साह का माहौल है और ईद का त्योहार तो आ ही रहा है। यानी ये पूरा महीना त्योहारों का है, पर्वों का है। उन्होंने कहा कि मैं देश के लोगों को इन त्योहारों की बहुत-बहुत बधाई देता हूं। हमारे ये त्योहार भले ही अलग-अलग क्षेत्रों में हो लेकिन ये दिखाते हैं कि भारत की विविधता में भी कैसे एकता पिरोई हुई है। इस एकता की भावना को हमें निरंतर मजबूत करते चलना है। मोदी ने कहा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के आत्मसमर्पण में दोगुनी वृद्धि

एजेंसी

नयी दिल्ली/रायपुर। छत्तीसगढ़ में इस साल के पहले तीन महीनों में नक्सलियों के आत्मसमर्पण की संख्या पिछले साल इसी अवधि की तुलना में दोगुनी से भी अधिक हो गई है।

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने छत्तीसगढ़ के सबसे कठिन युद्ध क्षेत्र में नक्सलियों को हथियार डालने के लिए राजी करने के उद्देश्य से खुफिया शाखा को सक्रिय कर दिया है। अर्धसैनिक बल द्वारा अपने खुफिया अभियान इकाई को जारी निर्देश में जन मिलिशिया और रिवोल्यूशनरी पीपल्स कमेटी (आरपीएससी) के सदस्यों के साथ-साथ उनके समर्थकों की पहचान करने का काम सौंपा गया है। सीआरपीएफ ने अपनी खुफिया इकाई से यह भी कहा है कि वे स्थानीय निवासियों के साथ संवाद करें, उन्हें यह प्रेरित करें कि वे नक्सली कैडरों को आत्मसमर्पण करने, नक्सली विचारधारा को त्यागने और समाज के मुख्यधारा में शामिल होने के लिए मनाने में भूमिका निभाएं। केंद्र सरकार ने मार्च 2026 तक देश से वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) को खत्म करने का लक्ष्य रखा है।



पीटीआई-भाषा को छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के आत्मसमर्पण के आधिकारिक आंकड़े प्राप्त हुए हैं, जिनके अनुसार 2024 के पहले तीन महीनों (जनवरी-मार्च) में कुल 124 नक्सलियों ने अपने हथियार डाले थे, जिसमें कुछ ऐसे नक्सली शामिल हैं जिन पर इनाम घोषित था जबकि कुछ पर इनाम घोषित नहीं था तथा कुछ जन मिलिशिया के सदस्य थे। आंकड़ों के अनुसार इस साल (2025) की इसी अवधि में यह संख्या बढ़कर 280 हो गई है। वर्ष 2024 में कुल 787 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, जिनमें से अधिकतर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और इसकी विशेष कमांडो इकाई द्वारा किए गए प्रयासों के कारण हुए।

## तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देगी सरकार

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वच्छ और स्वस्थ भोजन सुनिश्चित करने की पहल

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने चारधाम यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्यवर्धक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल आज से थोड़ा कम' अभियान शुरू कर दिया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तराखंड के आयुक्त एवं स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देश पर ग्राउंड जीरो पर अभियान शुरू कर दिया गया है।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य भोजन में अतिरिक्त नमक, चीनी और वसा की मात्रा को नियंत्रित करना है, जिससे हृदय रोग, मधुमेह और हाई ब्लड प्रेशर



जैसी बीमारियों से बचाव किया जा सके। चारधाम यात्रा मार्ग के रेस्तरां एवं भोजनालयों को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे शेफ और खाद्य विशेषज्ञों के सहयोग से स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन तैयार करें और पोषण संतुलन का ध्यान रखें। इस अभियान के तहत फ्लेक्स बैनर, पोस्टर एवं डिजिटल माध्यमों के जरिए जागरूकता बढ़ाई जा रही है। आयुक्त एवं स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए विभाग ने री-पर्पज यूज्ड कुकिंग ऑयल पहल शुरू की है। इसके तहत, बार-बार इस्तेमाल किए गए तेल के दुष्प्रभावों को कम करने और उसे दोबारा खाद्य श्रृंखला में आने से रोकने के लिए सख्त निगरानी की जा रही है। प्रयुक्त तेल को एग्रीगेटर नेटवर्क के माध्यम से एकत्रित कर बायोडीजल, साबुन और अन्य गैर-खाद्य उत्पादों में पुनर्चक्रित किया जाएगा। इससे हृदय रोग, हाईपरटेंशन और लिवर संबंधी बीमारियों से बचाव होगा और पर्यावरण को भी सुरक्षित रखा जा सकेगा। ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जयपुर से चेन्नई जा रहे विमान का टायर फटा, सुरक्षित उतरा

चेन्नई। जयपुर से चेन्नई आ रहे एक विमान का टायर रविवार सुबह हवाई अड्डे पर उतरने से पहले फट गया और अधिकारियों को इसे आपातकालीन स्थिति में उतारना पड़ा। हवाई अड्डा अधिकारियों ने बताया कि सभी यात्री और चालक दल के सभी सदस्य विमान से सुरक्षित उतर गए। उन्होंने बताया कि विमान के हवाई अड्डे पर उतरने से पहले पायलट को टायर फटने का पता चला और उसने इस बारे में अधिकारियों को सूचित किया। अधिकारियों के अनुसार, पायलट से सूचना मिलने पर ऐसी परिस्थितियों में विमान को उतारने के लिए निर्धारित मानदंडों का पालन किया गया। उन्होंने कहा कि विमान को आपातकालीन परिस्थिति में उतारने के बाद इसका निरीक्षण किया गया।

## ओडिशा में बेंगलुरु-कामाख्या एक्सप्रेस पटरी से उतरी

### एक की मौत, सात घायल, साजिश की आशंका, जांच के आदेश

एजेंसी

कटक। ओडिशा के कटक जिले में रविवार को एक एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पूर्वी तटीय रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि एसएमवीटी बेंगलुरु-कामाख्या एसी एक्सप्रेस के 11 डिब्बे सुबह 11:54 बजे मंगुली के पास निरगुंडी में पटरी से उतर गए।

बचाव अभियान की निगरानी कर रहे कटक के जिलाधिकारी दत्तात्रेय भाऊसाहेब शिंदे ने कहा कि दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद क्षेत्र में भीषण गर्मी के



कारण कुछ यात्री बीमार भी पड़ गए। उन्होंने कहा कि उनका दुर्घटना स्थल पर बनाए गए अस्थायी स्वास्थ्य शिविर में इलाज किया गया। दुर्घटना में मामूली रूप से घायल हुए कुछ लोगों को भी प्राथमिक उपचार दिया गया और उन्हें यात्रा के लिए स्वस्थ घोषित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में करीब 15 लोगों को प्राथमिक उपचार दिया गया। शिंदे ने बताया कि गंभीर रूप से घायल सात लोगों को कटक स्थित सरकारी एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एससीबी एमसीएच) में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि सभी की हालत स्थिर है। एससीबी एमसीएच ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर**

### कड़ी सुरक्षा–व्यवस्था के बीच तीर्थयात्रियों ने माता वैष्णोदेवी गुफा मंदिर में पूजा–अर्चना की

# देवी मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

एजेंसी

रियासी (जम्मू-कश्मीर)। चैत्र नवरात्रि उत्सव शुरू होने पर जम्मू-कश्मीर की त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में रविवार को तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

वहीं इसके साथ ही देश भर के सभी देवी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ा। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए भवन के आधार शिविर और मार्ग पर एआई-सक्षम सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से निगरानी की जा रही है तथा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। शनिवार को 48,000 तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन किए, जबकि रविवार को आधार शिविर से लेकर मंदिर तक लंबी कतारें देखी गईं। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अंशुल गर्ग ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं



चैत्र नवरात्रि के अवसर पर तीर्थयात्रियों को बधाई देता हूं। कटरा से भवन तक तीर्थयात्रियों में भारी उत्साह है। तीर्थयात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कटरा से भवन तक लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं। उन्होंने कहा कि निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए कटरा से भवन तक मार्ग पर सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन टीम तैनात की गई हैं। यात्रा का प्रबंधन करने वाले श्राइन बोर्ड ने श्रद्धालुओं के लिए तीर्थयात्रा को आसान बनाने के लिए नयी पहल की है। कई श्रद्धालुओं ने कहा कि वे बोर्ड द्वारा की गई व्यवस्थाओं से खुश हैं। दिल्ली के अमित शर्मा ने कहा कि नवरात्रि के पहले दिन, हम गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना करके धन्य महसूस कर रहे हैं। हालांकि भारी भीड़ के कारण थोड़ी कठिनाई होती है, लेकिन जब आप भवन में पर्यावरण और आध्यात्मिकता की सुंदरता का अनुभव करते हैं, तो सब भूल जाते हैं। बोर्ड की व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए पुणे निवासी श्रद्धालु सुधाकर कदम ने कहा कि हिंदू नव वर्ष और नवरात्रि के पहले दिन यहां आकर पूजा-अर्चना करना एक सपने के सच होने जैसा है।

## पाक सेना के ड्रोन हमलों में 12 आतंकियों की मौत

एजेंसी

पेशावर। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों द्वारा देश के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों के एक ठिकाने पर किए गए ड्रोन हमलों में 12 आतंकवादियों और कुछ आम नागरिकों की मौत हो गई।

प्रांतीय सरकार ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि आतंकवाद के खिलाफ अभियान के तहत मरदान जिले में कटलंग के सुदूर पहाड़ी क्षेत्र में शनिवार सुबह आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया गया। सरकार ने इन हमलों में आम नागरिकों के हताहत होने की पुष्टि की और संकेत दिया कि इनमें महिलाएं एवं बच्चे भी शामिल हो सकते हैं। आधिकारिक रिपोर्ट में बताया गया कि अभियान के दौरान 12 आतंकवादी मारे गए। शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि यह अभियान आतंकवादियों के ठिकाने संबंधी विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिलने के बाद चलाया गया। इसमें कहा गया कि क्षेत्र में जारी आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े कई आतंकवादी इस अभियान के दौरान मारे गए।

प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि दुर्भाग्यवश, बाद की रिपोर्ट से इस बात की पुष्टि हुई कि जिस इलाके को निशाना बनाया गया था, उसके आसपास महिलाओं और बच्चों समेत आम नागरिक मौजूद थे जिसके परिणामस्वरूप ...शेष पृष्ठ 14 पर

# गुरु गोविंद सिंह के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत : केशव

## उप मुख्यमंत्री ने लखनऊ की कीर्ति सिंह व सरदार परविन्दर सिंह तथा आंबेडकरनगर नगर के धर्मवीर सिंह बग्गा को प्रशस्ति पत्र व एक लाख रुपए का दिया पुरस्कार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह का जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक व प्रेरणादायक है।हम सबको गुरु गोविंद सिंह के आदर्शों का न केवल अनुसरण व अनुकरण करना चाहिए, बल्कि उन्हे आत्मसात करने की जरूरत है।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रत्येक वर्ष 30 मार्च को गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार दिया जायेगा। कहा कि हम सबको राष्ट्र व समाज की सेवा के लिए अपने नैतिक दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए।

- **गुरु गोविंद सिंह का जीवन दर्शन आज भी प्रासंगिक व प्रेरणादायक**
- **अब प्रत्येक वर्ष 30 मार्च को दिया जायेगा गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार**
- **सबको राष्ट्र व समाज की सेवा के लिए अपने नैतिक दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए**

राष्ट्र व समाज के प्रति हमारा समर्पण भाव स्पष्ट झलकना चाहिए। केशव प्रसाद मौर्य रविवार को अपने कैम्प कार्यालय 7- कालिदास मार्ग पर आयोजित गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार वितरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

समस्त देश व प्रदेशवासियों को चैत्र नवरात्रि व नव सम्वत्सर की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने जहां राष्ट्रीय एकता व अखंडता के लिए गुरु गोविंद सिंह के त्याग व बलिदान की चर्चा की, वहीं उनके जीवन दर्शन पर भी विस्तार से प्रकाश डाला, यही नहीं, उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि सबको सजग व सावधान रहते हुए देश की एकता के साथ खिलवाड़ करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना है।कहा कि देश की एकता व अखंडता की पहरेदारी करना हम सबकी जिम्मेदारी है।इस अवसर पर उन्होंने गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार वितरित किये।उप मुख्यमंत्री ने लखनऊ की सुश्री कीर्ति सिंह व सरदार परविन्दर सिंह, तथा अम्बेडकरनगर नगर के धर्मवीर सिंह बग्गा को प्रशस्ति पत्र व एक लाख रुपए का पुरस्कार प्रदान किया।राष्ट्रीय एकीकरण विभाग द्वारा बताया गया है कि राष्ट्रीय एकीकरण विभाग के अन्तर्गत राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय इत्यादि के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाले उत्तर प्रदेश में निवासरत महानुभाव को गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार दिया जाता है।वर्ष 2023 में प्रश्नगत पुरस्कार हेतु सरदार परविन्दर सिंह, जनपद-लखनऊ का चयन किया गया।इनके द्वारा गरीब एवं शोषित लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता, अल्पसंख्यक समुदाय के मध्य सद्भाव इत्यादि सर्वोत्कृष्ट कार्य किया गया है। वर्ष 2024 में पुरस्कार हेतु धर्मवीर सिंह बग्गा, जनपद-अम्बेडकरनगर का चयन किया गया।

इनके द्वारा पिछले 20 वर्षों से 1000 से अधिक कन्यादान की सेवा, लावारिस कोविड की लाशों का अन्तिम संस्कार, कोविड के समय 05 लाख लीटर होम सेनिटाइजर तथा 01 लाख शीशी हैंड सेनिटाइजर, 05 हजार मास्क की फ्री सेवा, 08 वर्षों से लंगर की सेवा, सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र व सामाज की सेवा में समर्पित, कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य सामाजिक अपराध को रोकने इत्यादि सर्वोत्कृष्ट कार्य किया गया है। वर्ष 2025 में पुरस्कार हेतु सुश्री कीर्ति सिंह, जनपद-लखनऊ का चयन किया गया।इनके द्वारा निःशुल्क रक्तदान/निःशुल्क, चिकित्सा शिविर/लावारिस शवों का अंतिम संस्कार/पर्यावरण संरक्षण/विधिक परामर्श शिविर इत्यादि आयोजित कर मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय, राष्ट्रीय एकता, साम्प्रादायिक सद्भाव के प्रति जागरुकता प्रदान किये जाने का सर्वोत्कृष्ट कार्य किया गया। इन तीनों महानुभावों को उप मुख्यमंत्री द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।



उप मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी सिख धर्म के दसवें और अंतिम गुरु थे। उन्होंने न केवल सिख समाज को संगठित किया, बल्कि पूरी मानवता के लिए सत्य, धर्म और न्याय का मार्ग प्रशस्त किया। वे एक महान योद्धा, कवि, विचारक और आध्यात्मिक नेता थे, जिन्होंने अपने जीवन को मानवता की सेवा और अन्याय के खिलाफ संघर्ष के लिए समर्पित किया। गुरु गोबिंद सिंह जी न केवल सिख धर्म के महान गुरु थे, बल्कि वे पूरे राष्ट्र के लिए एक आदर्श थे। उन्होंने निडरता, समानता और न्याय के जो सिद्धांत स्थापित किए, वे आज भी हमें राष्ट्र भक्ति के लिए प्रेरित करते हैं।उनकी शिक्षाएँ हमें सिखाती हैं कि हम सत्य और न्याय के मार्ग पर अडिग रहें और समाज में एकता, प्रेम और सद्भाव बनाए रखें।

श्री मौर्य ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का उल्लेख करते हुए कहा योग को हम सबको अपने जीवन में शामिल करना चाहिए।अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) की चर्चा करते हुए कहा इस बार योग दिवस की थीम ह्लएक पृथ्वी- एक स्वास्थ्य के लिए योगह्व रखी गयी है। हम योग के माध्यम से पूरी दुनिया को स्वस्थ बनाना चाहते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भावना में विश्वास रखता है।

विश्व को परिवार समझकर थाईलैंड व म्यांमार में आपदाकाल में सबसे पहले भारत सहायता लेकर पहुंचा। भारत ने आत्मनिर्भरता की ओर तेजी कदम आगे बढ़ाये हैं।मोदी नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा हैं।देश में आतंकवाद व नक्सलवाद अन्तिम सांसें ले रहा है।उन्होने कहा कि हमारी सेनायें देश की रक्षा के लिए पूरी मुस्तैदी से मोर्चे पर खड़ी हैं, लेकिन हम सभी देशवासी भी सैनिक की भूमिका में रहें, हमेशा सजग व सतर्क रहें, हमारी एकता व अखंडता को खण्डित करने वाला कोई तत्व अगर हमारे आसपास नजर आये, तो हमें अपने देश व समाज के प्रति जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए उचित कदम उठाने चाहिए। उचित प्लेटफॉर्म पर सूचना देना चाहिए।कहा कि उत्तर प्रदेश हर प्रकार से समृद्ध व सशक्त हो रहा है, राष्ट्रीय एकता के बल पर ही हम इतने बड़े महाकुंभ का आयोजन करने में हम सफल रहे।इस अवसर पर सिख समाज की ओर से उप मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अपर मुख्य सचिव राष्ट्रीय एकीकरण विभाग श्री जितेन्द्र कुमार ने सभी अतिथियों व अभ्यागतों का स्वागत किया व सभी के लिए

- **राष्ट्र व समाज के प्रति हमारा समर्पण भाव स्पष्ट झलकना चाहिए**
- **देश की एकता व अखंडता की पहरेदारी करना हम सबकी जिम्मेदारी : केशव प्रसाद मौर्य**
- **उप मुख्यमंत्री ने वितरित किये गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार**

धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी के विचारों से प्रेरणा लेकर हम समाज में एकता, प्रेम और शांति स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी व प्रेस प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# उप मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और विधायकों ने सुनी 'मन की बात'

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सर्वाधिक लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम का 120वां संस्करण लखनऊ महानगर में आज बूथ स्तर पर सुना गया।

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, भाजपा राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धनखड़, प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक नोएडा पंकज सिंह, प्रदेश महामंत्री एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला, वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ नीरज बोरा और ओपी श्रीवास्तव ने अलग-अलग बूथो पर कार्यकताओं और वरिष्ठ पदाधिकारीयों के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने हलवासीया कोर्ट हजरतगंज में बूथ संख्या 234 में मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए हिंदू नव वर्ष और



चैत्र नवरात्रि की बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि मां दुर्गे सभी प्रदेशवासियों की मनोकामनाएं पूर्ण करें। प्रदेश इसी प्रकार तीव्र गति से विकास के पथ पर अग्रसर रहे और प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत मिशन को पूरा करने में हम कामयाबी हासिल करें।प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से कश्मीर से कन्याकुमारी तक सभी देशवासियों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं स्थानीय स्तर से लेकर के और गरीबों और आम जनता के मुख्य विषयों को जनता के सामने रखते हैं जिनको हम लोग समझ नहीं पाते हैं।ऐसी बातों को सुनकर हम सब प्रेरणा लेते हैं और प्रधानमंत्री के विषयों को आम जन तक पहुंचा कर पूरा करने का प्रयास करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आज जल संरक्षण, जल संवर्धन और अनेकों नए-नए विषयों, नए प्रयोगों को देश की जनता के सामने रखा है।मन की बात कार्यक्रम में देश की परंपरा, संस्कृति, विरासत और आस्था से जुड़े विषयों पर प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त होता है जो सदैव प्रेरणादाई है।

# महेशपुर और बुटाहनी वनटांगिया ग्रामों में खुलेगा स्कूल

विशेष संवाददाता (vol)

**गोण्डा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में जनपद गोण्डा प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। योगी सरकार ने महेशपुर वनटांगिया ग्राम और बुटाहनी वनटांगिया ग्राम में प्राथमिक विद्यालय स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है।इसके साथ ही, स्कूलों के निर्माण के लिए बजट भी जारी कर दिया गया है।यह पहल वनटांगिया समुदाय के बच्चों के लिए शिक्षा के नए द्वार खोलेगी और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगी।

प्रशासन की इस सकारात्मक पहल से अब वनटांगिया ग्रामों के बच्चों को अपने ही गांव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।यह निर्णय शिक्षा के प्रचार-प्रसार में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। सरकार ने प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय के लिए 29.45 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया है, जिससे इन विद्यालयों का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाएगा।

**शिक्षा की जरूरत को प्राथमिकता :** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जून 2023 में पदभार ग्रहण करने के बाद वनटांगिया समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने की मुख्यमंत्री की प्राथमिकता के दृष्टिगत यहां वनटांगिया ग्रामों का निरीक्षण किया और वहां की स्थिति को नजदीक से देखा। उन्होंने स्थानीय निवासियों की समस्याओं को सुना और शिक्षा की जरूरत को प्राथमिकता दी।उनकी सक्रिय पहल के कारण यह प्रस्ताव शासन तक पहुंचा और इसे मंजूरी मिल गई।यह निर्णय प्रशासन की संवेदनशीलता और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

- **सीएम योगी के मार्गदर्शन में जिलाधिकारी की पहल से वनटांगिया बच्चों का भविष्य होगा उज्ज्वल**
- **वनटांगिया ग्रामों में शिक्षा की नई रोशनी, वनटांगिया समुदाय को मिली नयी पहचान**

**उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड को जिम्मेदारी :** शासन की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार, छपिया के ग्राम पंचायत महुलीखोरी के वन ग्राम बुटहनी और नवाबगंज के ग्राम हरदवा के वन ग्राम महेशपुर में इन प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना की जाएगी। इनके निर्माण कार्य की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड को सौंपी गई है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा, जिससे अगले कुछ महीनों में इन विद्यालयों का संचालन शुरू होने की उम्मीद है।

**स्थानीय लोगों ने जताया आभार :** विद्यालयों की स्थापना की घोषणा से वनटांगिया ग्रामों में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्थानीय निवासियों ने शासन और प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।एक स्थानीय निवासी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, ₹हमारे बच्चों को अब शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।यह हमारे गांव के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है।₹ यह पहल समाज के हर वर्ग को शिक्षा से जोड़ने और उनके भविष्य को संवारने में सहायक होगी।

**वनटांगिया समुदाय को मिलेगी नई पहचान :** यह निर्णय वनटांगिया समुदाय के उत्थान में मील का पत्थर साबित होगा।इससे न केवल बच्चों को शिक्षा मिलेगी, बल्कि पूरे समाज को मुख्यधारा में जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी।यह प्रशासन की दूरदर्शी सोच और शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

# भाजपा सरकार में देश आर्थिक संकट में फंसा है : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार में देश आर्थिक संकट में फंसा है। कारोबार और व्यवसाय करने की चिंता बढ़ती जा रही है।इस सरकार ने कारोबारियों के सामने तमाम तरह की समस्यायें खड़ी कर दी है।

अखिलेश यादव ने रविवार कों तपस्या फाउण्डेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित छोटे कारोबारियों एवं उद्यमियों के कार्यक्रम को को सम्बोधित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों से बैंकिंग सेक्टर बैठ गया है।बैंकों को आपस में विलय करना पड़ा। ईज आफ डूईंग बिजनेस इफेक्टिव लेस है। इनका ईज ऑफ डूइंग बिजनेस इनसल्ट, क्राइम, करप्शन और कमीशन का शिकार हो गया है। पूरा कारोबार जीएसटी और टीडीएस में उलझा हुआ है।मेक इन इंडिया दिखाई नहीं देता है।मैन्युफैक्चरिंग में चीन हावी है। सरकार ने पूरा बाजार दूसरों के हाथों में दे दिया है।श्री यादव ने कहा कि भाजपा ने कारोबार के लिए सिर्फ गिनती के कारोबारियों को अवसर दिया है। बाकियों के सामने समस्यायें खड़ी कर दी गयी है। देश में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है।सरकार तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दावा कर रही है। भाजपा की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था में 80 करोड़ लोग सरकारी राशन पर जीने को मजबूर है। सरकार बताएं की इनकी प्रतिव्यक्ति आय क्या है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियां पूरी तरह फेल है।देश में इतनी बेरोजगारी पहले कभी नहीं थी। नौजवानों के पास नौकरी, रोजगार नहीं है।कारोबार और व्यापार में महिलाओं को अवसर नहीं दिया जा रहा है। एमएसएमई सेक्टर और कृषि क्षेत्र को



बढ़ावा दिया जाना चाहिए। एमएसएमई सेक्टर के पेमेंट में देरी हो रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकारों ने हमेशा कारोबार को सरल और आसान करने के लिए फैसले लिए। नेताजी ने मुख्यमंत्री रहते हुए चुंगी और 3/7 को खत्म किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार में हम कारोबारियों और उद्योगपतियों के कारोबार को आसान और सरल बनाने का काम करेंगे। महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा मिलेगी। उन्हें कारोबार करने का अवसर दिया जायेगा।

कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कारोबार और व्यवसाय को आसान बनाने के लिए सिंगल विंडो क्लीरियंस सिस्टम, इंडस्ट्रीयल लैण्ड एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट, सब्सिटीज एण्ड इंसेंटिव, पावर सप्लाई एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर, लेबर लॉ रिफार्म, टैक्स बेनीफिट्स एण्ड जीएसटी फैसीलिटेशन, एमएसएमई सपोर्ट एण्ड क्रेडिट स्कीम्स, स्किल डेवलपमेंट एण्ड वर्क फोर्स टेजनिंग समेत विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम को तपस्या फाउण्डेशन ट्रस्ट की संस्थापिका पूजा खिलवानी, मार्ग दर्शक पं. सुनील कुमार वशिष्ठ और संरक्षक नितिन कोहली और शम्मी बोहरा समेत अन्य लोगों ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह, महासचिव मीनाक्षी अग्रवाल मौजूद रही।

# यूपी अब देश का ग्रोथ इंजन है: नीरज सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के बेमिसाल 8 साल पूर्ण होने पर आयोजित संपर्क अभियान में पूर्वी विधानसभा के पार्षद राकेश मिश्रा कार्यालय से भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, पूर्वी विधायक ओपी श्रीवास्तव, मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह देवड़ी, पार्षद राकेश मिश्रा के साथ बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण ने हर घर संपर्क कर प्रदेश सरकार की कार्य योजनाओं का पत्रक देकर जानकारी देने का काम किया।



भाजपा वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा कि कहा कि आठ साल पहले उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थिति क्या थी, यह किसी से छिपा नहीं है। पहले यूपी बीमारू राज्य माना जाता था।आज देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है।आज हर सेक्टर में यूपी देश के विकास में ब्रेक थ्रू के रूप में देखा जा रहा है। आज प्रदेश वही है, तंत्र वही है, व्यवस्था वही है केवल सरकार बदलने से व्यापक बदलाव महसूस किया जा सकता है। वहीं लखनऊ शहर का अभूतपूर्व विकास कार्य भी आप देख सकते हैं 22 से अधिक फ्लाईओवर बनकर तैयार जो शहर की बड़ी ट्रैफिक समस्या से निदान दिलाने का काम के रही हैं, 104 किलोमीटर का आउटर रिंग लखनऊ शहर की विकास की गाथा को बया कर रहा हैं, अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस गोमती नगर रेलवे स्टेशन, अंतर्राष्ट्रीय लखनऊ एयरपोर्ट का विस्तार, डीआरडीओ एवं ब्रह्मोस मिसाइल के उत्पादन का कार्य जल्द लखनऊ से होने जा रहा हैं।हर व्यक्ति स्वस्थ्य हरे इसके लिए ओपन जिम की स्थापना किया गया हैं। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में बना नं.एक है।

## अखिलेश ने लोगों को दी ईद की बधाई

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सभी को ईद उल फितर की बधाई दी है और उनके सुख-समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि ईद उल फितर का त्यौहार मेल-मिलाप, खुशियां बांटने और परस्पर सद्भाव का प्रतीक है।श्री यादव ने कहा है कि ईद के इस पावन पर्व पर हमें सामाजिक सद्भाव की मिसाल कायम करनी चाहिए।

## सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र अनु.- 5252362 वर्ष 2008, इण्टरमीडिएट का अंकपत्र अनु.- 5742693 वर्ष 2010 व ग्रेजुएशन का अंकपत्र अनु.-1130450415 वर्ष 2013 कहीं खो गया है। **समग्र प्रताप सिंह पुत्र संजय कुमार सिंह नि.- ए-1123/15, इन्दिरा नगर, लखनऊ।**

# चैत्र नवरात्र के पहले दिन रामनगरी में उमड़ा श्रद्धालुओं का जन-सैलाब

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** योगी सरकार की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामनगरी अयोध्या के ऐतिहासिक देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। नवरात्रि के प्रथम दिन माता शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के लिए भोर से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। भगवान राम की कुलदेवी बड़ी देवकाली और माता सीता की कुलदेवी छोटी देवकाली सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

नवरात्र के पहले दिन रामनगरी में गूंज रहे हैं जय माता की जयकारे।इस पावन अवसर पर भक्तों ने घर-घर कलश स्थापना के साथ माता को विराजमान कराया और नौ दिनों तक चलने वाले इस उत्सव की शुरूआत की। सुबह से ही मंदिरों के बाहर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। मंदिर परिसर भक्ति भजनों और मंत्रोच्चार से गूंज उठा।बड़ी देवकाली

- **रामनगरी में गूंज रहे माता के जयकारे**
- **मठ-मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, महिला पुलिस कर्मियों की भी तैनाती**
- **प्रभु श्रीराम की कुल देवी बड़ी देवकाली और माता सीता की कुलदेवी छोटी देवकाली पर भक्तों की जुटी भीड़**
- **मुख्यमंत्री ने नवरात्रि व रामनवमी पर श्रद्धालुओं की जरूरतों का ध्यान रखने का दियेनिर्देश**

मंदिर में जहां भगवान राम की कुलदेवी के दर्शन के लिए भक्तों ने घंटों इंतजार किया, वहीं छोटी देवकाली मंदिर में माता सीता की कुलदेवी के प्रति आस्था



का अद्भुत नजारा देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में फूल, प्रसाद और श्रद्धा अर्पित की।कई भक्तों ने नवरात्रि के पहले दिन व्रत रखकर माता की विशेष पूजा की।

इस दौरान मंदिरों को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था, जिसने उत्सव के माहौल को और भव्य बना दिया। वहीं श्रद्धालुओं ने नवसंवत्सर 2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के सुअवसर पर सरयू मैया में उदयमान सूर्य को अर्ध देकर अयोध्या के सुख समृध्दि की मंगल कामना की। सभी को नवसंवत्सर 2082 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**रामलला और हनुमानगढ़ी के भी किये दर्शन :** देवी मंदिरों में पूजन-अर्चन के बाद भक्तों ने राम मंदिर और हनुमानगढ़ी का रुख किया। देर रात तक दोनों ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुटी रही। रविवार होने के कारण जन्मभूमि पथ श्रद्धालुओं से पटा रहा। वहीं दर्शन-पूजन के बाद देर शाम को लता चौक व राम की पैड़ी पर भी खूब भीड़ नजर आई।

**बैरिकेडिंग और कतार प्रबंधन की व्यवस्था मजबूत :** नवरात्रि के साथ ही रामनवमी का पर्व भी नजदीक होने के कारण प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। मंदिरों के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया, जिसमें महिला पुलिस कर्मियों की विशेष रूप से नियुक्ति की गई थी।यह कदम महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग और कतार प्रबंधन की व्यवस्था भी की गई थी।वहीं गुप्तारघाट स्थित मरी माता, कैंट स्थित पाटेश्वरी माता, मकबरा स्थित शीतला माता मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में देर शाम तक रौनक देखी गई।

**स्थानीय प्रशासन ने किये सम्पूर्ण इंतजाम :** स्थानीय प्रशासन ने मंदिरों में स्वच्छता, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी खास ध्यान रखा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवरात्रि और रामनवमी के मद्देनजर अधिकारियों को श्रद्धालुओं की हर जरूरत का ध्यान रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में आने वाले भक्तों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं।इस बार राम मंदिर में पहली रामनवमी होने के कारण उत्साह और भी बढ़ गया है।

प्रशासन का मानना है कि इस बार श्रद्धालुओं की संख्या में पिछले वर्षों की तुलना में भारी इजाफा होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि नवरात्रि और रामनवमी का यह संयोग अयोध्या के लिए विशेष महत्व रखता है। भक्तों में उत्साह चरम पर है और आने वाले दिनों में यह आस्था का सैलाब और बढ़ने की उम्मीद है। एसएसपी राजकरण नय्यर ने बताया कि मंदिरों में सुरक्षा के भारी इंतजाम किए गए हैं।

संक्षेप

## नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भीड़

गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) शहर में नवरात्र के प्रथम दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप में शैल पुत्री के रूप में पूजन किया गया और मंदिरों में सुबह से ही दर्शनों का शुरू हुआ सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। मां दुर्गा अपने भक्तों की श्रद्धा भरी पुकार सुनकर उन्हें किसी न किसी रूप में दर्शन करने को आ जाती हैं। देवी भक्तों का यह विश्वास वासंतिक नवरात्र के प्रथम दिन शैलपुत्री स्वरूप के पूजन के साथ देवी मंदिरों में भारी भीड़ के रूप में दिखाई दी । घरों में सुबह ही मां के भक्तों ने विधि विधान और मंत्रोच्चार के बीच कलश और मां की चैकी स्थापित की और श्रद्धापूर्वक हवन पूजन करते हुये व्रत धारण किया, खासकर महिलाओं में इस पर्व का खासा उल्लास नजर आया। तड़के से ही पौराणिक शिवमंदिर स्थित दुर्गा मंदिर, मुन्नूगंज स्थित रक्षा देवी मंदिर, खुटार रोड के मां मंगला देवी मंदिर, मालियों की गली के दुर्गा मंदिर,शिवम चैराहा और अलीगंज रेलवे क्रासिंग स्थित दुर्गा मंदिर,चीनी मिल स्थित दुर्गा मंदिर, पंजाबी कालोनी के दुर्गा मंदिर सहित विभिन्न देवी मंदिरों में दिखायी दी। मंदिरों में पर्व के मद्देनजर भव्य सजावट की गयी और प्रतिमाओं का आकर्षक श्रंगार किया गया थां।

## सत्यार्थ जनसेवा समिति की हुई योजना बैठक

गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) सत्यार्थ जन सेवा समिति की बैठक मैं सभी जन सेवा केद्रो को जोड़ने पर चर्चा की गई। रविवार को नगर पालिका सभागार में अनुज अवस्थी की अध्यक्षता में हुई बैठक में योजनाओं पर चर्चा की गई। समिति के मंत्री अनूप कुमार मिश्र ने बैठक की शुरूआत की। इस योजना बैठक में सभी जनसेवा केंद्रों को जोड़ने का काम किया जाएगा। बताया गया सरकार की योजनाओं को हर गरीब तबके तक ले जाने का कार्य यह समिति करेगी जिसमें नए सदस्यों को जोड़ने पर भी विचार किया गया। इस समिति का मूल मंत्र समस्या आपकी समाधान हमारा बताया गया है। सरकार की अन्य योजनाओं के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी बल दिया जाएगा। अनुज अवस्थी ने डायरी और कलम देकर सभी सदस्यों को सम्मानित किया। इस मौके पर अध्यक्ष अनुज अवस्थी, मंत्री अनूप कुमार मिश्र, सदस्य सुरेश कुमार,कौशल शर्मा,संदीप कुमार सहित अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

## विधायक ने क्षेत्र के विकास कार्यों का लोकार्पण किया

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। कस्बा ऊगू में सरकार की वंदन योजना के अन्तर्गत माँ कामाख्या देवी मन्दिर के विकास कार्यों के लिए स्वीकृत लगभग एक करोड़ चौरानबे लाख रुपयों से कराये जाने वाले कार्यों का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक श्री कान्त कटियार व नगरपंचायत अध्यक्षा अनीता देवी ने पूजन अर्चन के साथ किया। जिससे कस्बा वासियों में खुशी दौड़ गई। नगर पंचायत से शासन को मन्दिर के विकास के लिए प्रस्ताव भेजा गया था जिसपर शासन ने जीर्णोद्धार करने, हाल बनवाने, बाउंड्री बनवाने आदि कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत कर दी। धनराशि आते ही रविवार को शिलान्यास का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर अवधेश दीक्षित, पूर्व चेयरमैन अनुज दीक्षित, ऋषि कान्त मिश्रा, सुनील शास्त्री चेयरमैन अनीता व सभासद तथा कस्बावासी मौजूद रहे।

# पालिकाध्यक्ष ने सुनी मोदी के मन की बात



गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक कार्यक्रम मन की बात के 120वें संस्करण का लाइव प्रसारण सुबह 11 बजे प्रसारित किया गया। नपाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने गौशाला स्थित कैम्प कार्यालय पर अपने कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी के लाइव सम्बोधन को टीवी के माध्यम से सुना।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में सभी देशवासियों को भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विज्ञान केंद्रों में समर एक्टिविटी के आयोजन पर जोर दिया। इसके साथ आगामी 20 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का जिक्र करते हुए लोगों से योग को जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा की एक सफलता गाथा का भी उल्लेख किया गया। राजाखोह की चार बहनों द्वारा महुआ के फूलों से बनाई जा रही कुकीज की बढ़ती लोकप्रियता की सराहना की। इस मौके पर नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, मंडल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, सभासद धर्मेन्द्र तिवारी टीटू, नगर मंत्री धीरज बाजपेई, नगर मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, शक्ति केंद्र संयोजक सुनील मिश्रा, बूथ अध्यक्ष मनोज बाथम, प्रदीप खतौली, सोनू त्रिवेदी और युवा मोर्चा नगर महामंत्री हिमांशु सिंह तोमर, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष गीता विश्वकर्मा, गीता दुबे, सरिता गौढ ,जीतू वर्मा, लवकुश अवस्थी, आदि लोग मौजूद रहे।

## चार अप्रैल से शुरू होगा ऐतिहासिक चैती मेला, तैयारियां जोरों से



गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) छोटी काशी की पहचान ऐतिहासिक चैती मेला, मेला मैदान में धीरे धीरे आकार लेने लगा है। जिसमें चल रहे दुकानों और खेल तमाशे स्थलों के आवंटन का काम चल रहा है। मेला मैदान में कई झूलों, खेल तमाशों के साथ ही दूर दूर से आए व्यापारियों का सामान पहुंचने लगा है। मेले की व्यवस्थाओं के लिए नगर पालिका का अमला जुटा हुआ है और मेले के सफल संचालन के लिए अलग अलग कमेटियां गठित की जा चुकी हैं।

गोला में सावन और चैत के दो मेले पूरे देश में प्रसिद्ध हैं, जिसमें चैती मेले का आकर्षण तो मेलार्थियों को यहां बरबस खींच लाता है। अपनी शुरूआत से लेकर अब तक इस मेले ने उतार चढ़ाव के कई दौर देखे। जिसका असर मेले पर पड़ता भी रहा लेकिन इस मेले में अपनी क्राकरी, होम डेकोरेशन, खानपान, चाट स्टाल, कपड़ा, जनरल आइटम सहित अन्य दुकानें या खेल तमाशे लेकर आने वाले व्यापारी इस मेले के मुरीद माने जाते है। मेले में लगातार चलने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, सजावट, सुरक्षा व्यवस्थाएं अपने आप में खास होती हैं और मेले में हर रोज हजारों की भीड़ उमड़ती रहती है। इस बार मेले का उद्घाटन 4 अप्रैल को होना है। जिसके चलते मेला मैदान में तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही हैं। मेले में कई झूलों, खेल तमाशों और दर्जनों दुकानों का सामान पहुंच चुका है और स्थल आवंटन के साथ मेला 4 अप्रैल से पूरी रौनक में आने लगेगा। मेला मैदान में रंगारंग सांस्कृतिक मंच की मरम्मत, समतलीकरण, पेयजल की पाइप लाइनें डालने का काम भी लगातार चल रहा है। 4 अप्रैल को चैती मेले का विधिवत पूजा अर्चना के बाद उदघाटन किया जायेगा। इस मेले का समापन 19 अप्रैल को किया जायेगा।

## चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन चंद्रिका देवी के दरबार में भक्तों की रही अपार भीड़

पाटन, उन्नाव। चैत्र माह के नवरात्रि के प्रथम दिन शक्तिपीठ मां चंद्रिका देवी दरबार में भोर पहर से ही श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हो गया जो देर रात तक चलता रहा श्रद्धालु पतित पावनी गंगा मां मे स्नान कर विधि विधान से चंडिका देवी मंदिर में स्थापित मां चंडिका व मां अंबिका देवी के दर्शन किए, धाम में अनेकों मंदिर बने हुए हैं जिसमें देवी देवताओं व अन्य मूर्तियां स्थापित हैं। चंडिका देवी मंदिर में दो मूर्तियां स्थापित है जिन्हें चंडिका व अंबिका के रूप में माना जाता है चंडिका धाम की सीढियों से सटकर हमेशा गंगा का जल प्रवाहित होता है, वैसे तो धाम में हमेशा श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रहती है किंतु यह भीड़ नवरात्रि के इस पवित्र अवसर पर और अधिक बढ़ जाती है। नवरात्रि के इस पवित्र अवसर पर कानपुर, लखनऊ, रायबरेली, फतेहपुर, इलाहाबाद, बांदा, कौशांबी सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों के साथ-साथ दूसरे प्रदेशों से भी श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर में प्रतिदिन तीनों पहर आरती व मां का श्रृंगार होता है प्रातः मंदिर में 5:00 बजे आरती जो दोपहर और शाम को भी नियम पूर्वक होती है मां के दरबार में जो भी सच्चे मन से आता है उसकी मुरादे अवश्य पूरी होती हैं शक्तिपीठ मां चंडिका देवी धाम का पुराणों में भी वर्णन हुआ है। यहां पर तपस्वी वक्र ऋषि का आश्रम था कहां जाता है कि इन्हीं के नाम पर इस ग्राम का नाम बक्सर पड़ा था। यहां गंगा कुछ समय के लिए उत्तर मुखी प्रवाहित होने के कारण इस स्थान को काशी की तरह पवित्र माना जाता है। जिस स्थान पर मेघा ऋसी ने राजा सुरथ को दुर्गा सप्तशती सुनाई थी इस स्थान पर भगवान श्री कृष्ण के भाई बलराम ने भी माथा टेका था। वहीं पर मां चंडिका देवी के विग्रह स्थापित किए गए थे। स्थापित दोनों विग्रह मां चंडिका व अंबिका के रूप में माने जाते हैं। मां के इस दरबार का उल्लेख दुर्गा सप्तशती में भी पाया जाता है। यह धाम जनपद उन्नाव से 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। बक्सर धाम पहुंचने के लिए कानपुर से वाया फतेहपुर लखनऊ से वाया मौरावां ,विहार होते हुए बक्सर धाम तथा जनपद रायबरेली से लालगंज होते हुए बक्सर धाम तक पहुंचने का मार्ग सुलभ है ,लोग मंदिर धाम तक अपने निजी वाहनों से भी बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धानवत होते हैं। नवरात्र को लेकर बक्सर धाम में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ व घाटों की व्यवस्था को लेकर उप जिलाधिकारी रणवीर सिंह तहसीलदार अरसला नाज ने निरीक्षण किया तथा साफ सफाई के निर्देश दिये एवं दुकानदारों से दुकानों को व्यवस्थित ढंग से लगाने को कहा ताकि मां के दर्शन करने के लिए आने वाले किसी भक्त को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

## नवरात्र पर माता भक्तों ने किए दर्शन

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र मे चैत्र नवरात्र प्रारम्भ होते ही रविवार से क्षेत्र के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ जमा होने लगी है। कलश स्थापना के साथ दुर्गा शप्तसती का पाठ घरों से लेकर मंदिरों तक में गूंजने लगा। भक्तों ने कस्बा स्थित माँ शीतला देवी मन्दिर संतोषी माता मन्दिर लोनार पुर में भुवनेश्वरी देवी, लखनापुर में पंच पखारी देवी, पंडा खेड़ा में मंशा देवी झूलू मऊ में फूलमती देवी टड़वा में गार्गी देवी मन्दिर तथा ऊगू में कामाख्या माता व काली देवी मन्दिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की और देवी जी शृंगार आदि किया।

## संदिग्ध परिस्थिति में अधेड़ की मौत

फतेहपुर 84। थाना स्थानीय क्षेत्र के गांव अब्दुल्लापुर ऊर्फ नरी गाड़ा में एक लगभग पचास वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। व्यक्ति का शव गांव के बाहर एक तालाब के किनारे पेड़ के नीचे अधजली अवस्था में पड़ा ग्रामीणों ने सुबह देखा तो हड़कंप मच गया।। पेड़ में रस्सी भी बँधी मिली। जिससे ग्रामीणों में कई प्रकार की चचाएं होती रही। परिजनों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी गांव निवासी लगभग पचास वर्षीय कमलेश पुत्र कल्लू का संदिग्ध परिस्थितियों में शव सुबह ग्रामीणों ने देखा तो परिवार व गांव में कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने विधिक कार्यवाही शुरू करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फोरेंसिक टीम व सी ओ सफीपुर ने मौके पर पहुंचकर जाँच की। पत्नी मालती व ग्रामीणों ने कहा किसी प्रकार का कोई विवाद न तो घर में था न ही किसी से कोई रंजिश थी। मृतक कमलेश के एक विवाहित पुत्र विनोद और एक अविवाहित पुत्री चांदनी है। घटना का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट होने की चर्चा ग्रामीणों में रही।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्वरोजगार योजना में शत प्रतिशत पूरा करे लक्ष्यः मण्डलायुक्त

मीरजापुर । मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय उद्योग बंधु की बैठक की गई। बैठक में मण्डलायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के लक्ष्य को अभियान चलाकर पूरा करना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने कहा कि उद्यमियों के समस्याओ को हर हाल में प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए किसी भी स्तर उन्हें इधर उधर भटकना न पड़े। बैठक में प्रधानमंत्री रोड लोहरा नहर से वीयर निर्माण ईकाई तक मार्ग के चौड़ीकरण के सम्बन्ध में बताया गया कि जिला खनिज निधि से फाउंडेशन न्यास की बैठक में उक्त कार्य योजना प्रस्तुत किया गया था अभी तक कार्य की स्वीकृति नही हो पाई है स्वीकृति प्राप्त होते ही मार्ग का नवीनीकरण कराया जाएगा। श्री मोहन दास अग्रवाल द्वारा समिति के समक्ष वर्तमान मे महायोजना औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के सम्बन्ध में विन्ध्य विकास प्राधिकरण एवं उद्यमियों के साथ संयुक्त सर्वे एवं प्रस्तावित योजना में भूमि चिन्हित कराए जाने पर चर्चा की गई। सरोजनी इण्टर प्राइजेज मिनी औद्योगिक आस्था+न रामनगर सिकरी में विद्युत कनेक्शन के सम्बन्ध में चर्चा एवं विद्युत बिल बकाए जमा करने पर चर्चा की गई। पीयूष बर्नवाल द्वारा केन्द्रीय भूगर्भ जल संरक्षण विभाग द्वारा जागरूकता कार्यशाला आयोजित करने पर बल दिया गया जिस पर मण्डलायुक्त ने कहा कि उपरोक्त विषयो पर सम्बन्धित विभाग द्वारा कार्यशाला आयोजित कर जागरूकता लाए। निवेश मित्र पोर्टल पर आधारित एकल मेल व्यवस्था की प्रगति की जानकारी देते हुए संयुक्त निदेशक उद्योग बताया गया कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एक एवं अन्य विभाग के दो प्रकरण सम्बन्धित पोर्टल पर लम्बित है जिसे समयान्तर्गत निस्तारण करा लिया जाएगा। मुख्यमंत्री युवा स्वारोजगार योजना, ओ0डी0ओ0पी0, मुख्यमंत्री युवा विकास अभियान पर बिनदुवार विस्तृत चर्चा की गइ। बैठक में श्री मोहन दास अग्रवाल, आशीष सहित तीनो जनपदो के उद्यमी के अलावा अधीक्षण अभियंता विद्युत, लोक निर्माण विभाग, खाद्यी ग्रामोद्योग अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहें।

## पूर्व विधायक के पुत्र बनकर आरोपी लैपटॉप लेकर फरार

लखीमपुर खीरी। थाना गोला क्षेत्र के गोला में रिलायंस पेट्रोल पंप के पास गोला पूर्व विधायक विनय तिवारी के तथा कथित पुत्र बनकर एक टप्पेबाज एक राहगीर युवक को कार में लिफ्ट देने के बहाने लैपटॉप एवं मोबाइल फोन लेकर टप्पेबाज फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर थाना गोला में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अंशुल कुमार गुप्ता निवासी अर्जुन नगर कॉलोनी गोला गोकर्णनाथ ने थाना प्रभारी निरीक्षक गोला को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 22 मार्च 25 की शाम लगभग 8:20 बजे लखीमपुर शहर की एलआरपी चौकी के पास बस के इंतजार में खड़ा था, उसे समय सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कर जिसका संभावित नंबर 4927 शीशे पर विधायक का पास लगा था, कार के ड्राइवर ने मुझसे कहा कि वह भी गोल जा रहा है। मुझे गोला तक छोड़ देगा।

ड्राइवर के कहने पर वह कार में बैठ गया। रास्ते में ड्राइवर ने बताया वह विनय तिवारी पूर्व विधायक गोला का पुत्र है। कार पर विधायक का पास लगा हुआ था। अंशुल ने बताया गोला में लखीमपुर रोड रिलायंस पेट्रोल पंप के पास गोला गोकर्णनाथ पहुंचे तो विधायक के तथाकथित पुत्र ने एक सिगरेट या एक बिस्किट मंगाया मैं जब बिस्कुट लेने के लिए कार से नीचे उतरा तो विधायक पुत्र बताने वाला कार का ड्राइवर मेरा लैपटॉप चार्जर, मोबाइल फोन, हार्ड डिस्क कुछ महत्वपूर्ण कागज लेकर फरार हो गया। अंशुल ने लिखित प्रार्थना पत्र देकर गोला कोतवाल से आरोपियों को पकड़ने की मांग की है। अंशुल के प्रार्थना पत्र पर गोला में मुकदमा पंजीकृत हो गया है। इस संदर्भ में चंद्रशेखर सिंह कोतवाल गोला ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## फिटर, प्लंबर और पंप ऑपरेटर बन जल जीवन मिशन को संवार रहीं 168 महिलाएं



लखीमपुर खीरी। चैत्र नवरात्र के अवसर पर मुख्यमंत्री की मंशानुरूप महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने एवं समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने महिला सशक्तिकरण के लिए अनूठी पहल शुरू की है। इसके तहत नवरात्रि के प्रथम दिवस पर सोशल मीडिया हैंडल्स को जिले की 168 उन महिलाओं को समर्पित किया गया है, जो जल जीवन मिशन के तहत फिटर, प्लंबर और पंप ऑपरेटर के रूप में पंप संचालन का ज़िम्मा संभाल रही हैं।

खीरी में अब महिलाएं न केवल पानी की टंकियों के संचालन की जिम्मेदारी निभा रही हैं, बल्कि फिटर, प्लंबर और पंप ऑपरेटर जैसी तकनीकी भूमिकाएं भी संभाल रही हैं। यह पहल न सिर्फ जल प्रबंधन में सुधार ला रही है, बल्कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी प्रदान कर रही है। यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ जल आपूर्ति व्यवस्था को भी मजबूत कर रही है, जिससे ग्रामीण विकास को नई दिशा मिल रही है। जिले में अभिनव पहल के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्लम्बर, फिटर और पंप ऑपरेटर का तकनीकी प्रशिक्षण देकर जल जीवन मिशन से जोड़कर रोजगार प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाया गया। इसके लिए लखीमपुर और नकहा ब्लॉक की 168 महिलाए प्रशिक्षण लेकर पंप ऑपरेटर प्लंबर, फिटर के रूप में अपनी सेवाएं दे रही।

## गौ विज्ञान परीक्षा के लिए पुरस्कृत की गयीं जीडी गोयनका स्कूल की छात्राएं




गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) उन्नकिसेस कृषि संस्थान के शैक्षिक हॉल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गतिविधि गौ सेवा द्वारा नव वर्ष उत्सव मनाया गया। जिसमें गौ विज्ञान परीक्षा के छात्रों को सम्मानित भी किया गया। उन्नकिसेस संस्थान में हुए कार्यक्रम में वक्ताओं ने नववर्ष पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन विभाग गौ सेवा संयोजक विनीत सिंह भदौरिया ने किया। देशवासियों को भारतीय नव वर्ष की बधाई देते हुए इसे प्रत्येक भारतवासियों को श्रद्धापूर्वक उमंग के साथ मनाने का निवेदन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू रहे। छात्रों को पुरस्कार वितरण किया गया। गौउत्पाद निर्माण के लिए सभी का आवाहन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णा सिंह भदौरिया ने किया। विशिष्ट अतिथि बाबूराम शुक्ला, गीता सिंह भदौरिया आदि उपस्थित रहे।

गौ सेवा के जिला संयोजक डॉ पीयूष शुक्ला ने नव वर्ष पर उपस्थित सभी को गौ सेवा का संकल्प दिलाया।सहसंयोजक सौरभ चौहान,प्रशिक्षण संयोजक सतीश चंद्र वर्मा,गौ कथा संयोजक,विमलेश मिश्रा, श्रीप्रकाश सिंह,य ोगेंद्र प्रताप सिंह, रीना सिंह, सेवकराम वर्मा,धर्मेंद्र वर्मा, संजीव मिश्रा, सुमित मिश्रा, दिलीप सिंह, राजेश अग्निहोत्री, शत्रोहन मिश्रा,धीरज बाजपेई,र विंद्र कटियार ,धर्मेंद्र तिवारी, हरिओम सिंह, शौर्य सिंह, कृतिका सिंह, राशि वर्मा, नीरज त्रिपाठी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल के छात्राएं सुभृता उपाध्याय जास्मीन कौर गौ विज्ञान परीक्षा के लिए पुरुष्कृत किया गया।

## दुधवा टाइगर रिजर्व में मिला मायावी सांप

पलियाकलां खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व, पलिया में भारत भारतीय वन्यजीव संरक्षण के लिए एक ऐतिहासिक क्षण में, दुधवा टाइगर रिजर्व डिवीजन, पलिया-खीरी, उत्तर प्रदेश में दुर्लभ और मायावी सांप अहेतुल्ला लोंगिरोस्ट्रिस की खोज की गई है, जो राज्य में इसका पहला दस्तावेजीकरण और भारत में केवल दूसरा दृश्य है। इससे पहले बिहार में केवल एक बार दर्ज की गई, यह उल्लेखनीय खोज दुधवा की असाधारण जैव विविधता को रेखांकित करती है और इसके नाजुक पारिस्थितिकी तंत्रों के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालती है। यह



खोज दुधवा के पलिया खीरी डिवीजन में गैंडे को छोड़ने के अभियान के दौरान हुई। सुरक्षा उपायों के हिस्से के रूप में, रिहाई स्थल के पास एक दीमक के टीले को सावधानीपूर्वक साफ किया जा रहा था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई छिपी हुई बाधा जानवर को नुकसान न पहुंचा सके। जिस समय जेसीबी मशीन ने टीले को हल्के से छुआ, एक जीवंत हरा सांप उभरा, जिसने तुरंत ध्यान आकर्षित किया। फील्ड टीम में से किसी ने चिल्लाकर कहा, ₹वहाँ एक साँप है !₹ जिसके बाद फील्ड बायोलॉजिस्ट विपिन कपूर सैनी आगे आए और बड़ी सावधानी से सरीसृप को सुरक्षित किया। साँप का पतला शरीर, लम्बी थूथन और आकर्षक हरा रंग यह सुझाव दे रहा था कि यह कुछ असाधारण था। विपिन, रोहित रवि, सोहम पाटेकर और अथर्व केरूर ने तस्वीरों के आधार पर गहन जांच की और आगे की पुष्टि के बाद इसकी पुष्टि हुई कि यह अहेतुल्ला लॉन्गिरोस्ट्रिस है, जो उत्तर प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक घटना थी। साँप की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए, विपिन कपूर सैनी ने सावधानी से साँप को संभाला और अपूर्व गुप्ता, रोहित रवि (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया में वरिष्ठ परियोजना अधिकारी) और शुशांत सिंह के साथ मिलकर इसे पास के दीमक के टीले में वापस रख दिया, जिससे इसे एक सुरक्षित और परिचित वातावरण मिल गया।

## धूमधाम से मना भारत नेपाल मैत्री होली महोत्सव




तिकुनिया खीरी। कस्बे के महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में भारत नेपाल मैत्री होली महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर नेपाली महिला पुरुषों ने फूलों से होली खेली वहीं कस्बे के लोगो ने नेपाली होली नृत्य देखकर खूब तालियां बजाई। इससे पहले बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए, कार्यक्रम में होली नृत्य और भजनों पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय विधायक सहित भारत नेपाल के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। शनिवार को कस्बे में पिछले वर्ष की भाति इस वर्ष भी भारत नेपाल मैत्री होली मिलन कार्यक्रम महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। नेपाली स्कूल के बच्चे व कलाकारो ने नृत्य प्रस्तुत करके दर्शकों का मनमोह लिया। नृत्य पर लोग ताली बजाने को मजबूर हो गए। इस बीच नेपाली महिला पुरुषों ने संयुक्त रूप से फूलों की होली खेली। नेपाली गीतों की धुन में नेपाली महिलाएं मंच पर थिरकती रही। इस बीच लोगों ने बहुत तालियां बजाई। मैत्री होली महोत्सव में आए अनूप कुमार सिंह अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय नेपाल भारत मैत्री संगठन ने संबोधन में कहा दोनों देशों में प्यार बढ़ाने का काम तिकुनिया कस्बे के व्यापारियों ने किया है। इसके लिए यह बधाई के पात्र हैं यह भाईचारा हमेशा बना रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि महामंडलेश्वर अनंत श्री विभूषित स्वामी देव स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि भारत नेपाल दोनों देश के संबंध बहुत मजबूत है, इन्हें मजबूती से बनाए रखना है। वरिष्ठ प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अभय नारायण ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति पूरे विश्व में कीर्तिमान स्थापित कर रही है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज राजेश्वर सिंह, आशीष अग्रवाल, सुनील सत्यार्थ, किशन महावर, सुनील बत्रा, आदित्य कुमार, प्रदीप गर्ग, मुदित गुप्ता, गुरभेज सिंह, सत्यनारायण अग्रवाल, कैलाश गोयल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## एनसीएल की ब्लॉक-बी परियोजना ने ग्राम सोलंग में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर




सोनभद्र। रविवार को एनसीएल की ब्लॉक-बी परियोजना द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत ग्राम सोलंग में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ. सुरोजीत सेन शर्मा, ब्लॉक-बी परियोजना तथा डॉ. ओम शर्मा, केंद्रीय अस्पताल, सिंगरौली ने विभिन्न समस्याओं के आधार पर उपस्थित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर के दौरान 160 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। साथ ही उपस्थित लोगों को निरूशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी (सीएसआर), ब्लॉक-बी तथा परियोजना से अन्य अधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों द्वारा समय-समय पर सीएसआर के तहत ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। इस से पूर्व एनसीएल की ब्लॉकद्बबी परियोजना द्वारा सीएसआर के तहत ग्राम मुहेर, ग्राम एंगुरा, ग्राम महदेइया, ग्राम पडरी एवं ग्राम नौढिया में ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। एनसीएल ब्लॉक -बी परियोजना द्वारा मार्च 2025 में सीएसआर के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से स्थानीय क्षेत्र में चिकित्सा सुविधायें प्रदान की गयी जिसमें 1000 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया है।

## स्पोर्ट्स स्टेडियम में जीर्णोद्धार के लिए किया शिलान्यास



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने परमवीर चक्र नायक जदूनाथ सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम हथौड़ा बुजुर्ग में 34 करोड़ 22 लाख 80 हजार रूपए के जीर्णोद्धार कार्यों का शिलान्यास किया गया। इस धनराशि से स्पोर्ट्स स्टेडियम में 400 मीटर रनिंग, सिंथेटिक ट्रैक, स्विमिंग पूल, वॉलीबॉल कोर्ट, सिंथेटिक कबड्डी कोर्ट, इंडौर हॉकी एस्ट्रो टर्फ, पवेलियन, सीसीटीवी, मैदान के चारों ओर प्रकाश व्यवस्था बाउंड्री वॉल, ट्यूबवेल, सेल्फी प्वाइंट एवं पार्किंग मुख्य द्वार आंतरिक एप्रोच रोड बहुउद्देशीय क्रीडा हाल प्रशासनिक भवन आदि का जीर्णोद्धार कार्य कराया जाएगा।

मंत्री द्वारा स्टेडियम प्रांगण में सर्वप्रथम विधि विधान से पूजा अर्चना आदि कर व नारियल तोड़कर रिमोट के द्वारा शीला का शिलान्यास किया गया। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने खिलाड़ियों 100 स्पोर्ट्स किट एवं एक ओपन जिम अपनी निधि से लगवाने की घोषणा की। कार्यक्र का संचालन ओलंपिक संघ के सचिव नरेंद्र त्यागी द्वारा किया गया। अंत में जिला क्रीडा अधिकारी एसपी बलिया द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया, एमएलसी डॉ0 सुधीर गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, क्षेत्रीय क्रीडाअधिकारी जितेंद्र यादव, विनय गुप्ता, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी, सचिव, सचिव वालीबाल संघ सीपी यादव, बैडमिंटन से तुली साहब, पावरलिफ्टिंग से अजय पाल वर्मा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सचिन प्रेमी, कबड्डी संघ के संयुक्त सचिव अनिल कुमार, प्रधानाचार्य जीआईसी आशुतोष शुक्ला, योगाचार्य विकास गुप्ता, जनपद के वरिष्ठ जूनियर खिलाड़ी बजरंग प्रसाद, प्रोजेक्ट मैनेजर यूपीपीसीएल सहायक अभियंता जूनियर अभियंता, उत्तर प्रदेश समाज कल्याण निर्माण विभाग यूपी सिडको, दोनों ही कार्य संस्था के ठेकेदार नितेश प्रताप सिंह जिला खेल कार्यालय का स्टाफ व समस्त सभी प्रशिक्षक स्पोर्ट्स स्टेडियम के सभी खेलों के खिलाड़ी आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## सेवानिवृत्त होने पर प्रधानाध्यापिका का विदाई सम्मान

जौनपुर। जलालपुर क्षेत्र के भाऊपुर कंपोजिट जूनियर हाई स्कूल की प्रधानाध्यापिका गीता मिश्रा शनिवार को सेवानिवृत हो गयी विद्यालय परिवार की तरफ से उनका विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूद्रसेन सिंह (एआरपी) व विशिष्ट अतिथि विनय वर्मा रहे। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित अनेक गणमान्य लोगों ने गीता मिश्रा के 33 वर्षों के लंबे कार्यकाल की सराहना की तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि रूद्रसेन सिंह राणा ने कहा कि गीता मिश्रा ने प्रधानाचार्या के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए दूसरे सहकर्मियों के लिए एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रधानाचार्य मथुरा प्रसाद इंटर कॉलेज हरदेव मिश्रा ने मार्मिक गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावपूर्ण बना दिया। विशिष्ट अतिथि विनय वर्मा ने गीता मिश्रा के विद्यालय के प्रति समर्पण और उनके कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की। अध्यक्ष पूर्व प्रधानाचार्य चंद्रदेव मिश्रा ने भी उनके अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं दी। शोभनाथ यादव प्रतिभा श्रीवास्तव, चन्द्रदेव मिश्र, गणेश मिश्र, अंजू रानी, निशी कुमारी, शिवम मिश्रा, वीनू शुक्ला, ऊषा मिश्रा, ऋचा मिश्रा, दीक्षा मिश्रा, राजकुमार सरोज हिमान्शु मिश्रा, दीपम मिश्रा, गौरांग मिश्रा, सहित छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन अरुण सिंह ने किया।

## घर का ताला तोड़ लाखों का माल किया पार

आजमगढ़। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के वाजीदपुर गांव में शनिवार को घर का ताला तोड़ कर चोर पांच लाख रुपये नकदी और जेवर उठा ले गए। इंद्रसेन मौर्य ने आरोप लगाया कि घर में ताला बंद करके परिवार के लोग खेत गए थे। शाम को घर लौटेत ताला टूटा हुआ था। घर के भीतर सामान बिखरहुए थे। बक्सा से पांच लाख के सोने चांदी के जेवर, और पांच लाख रुपये नकदी गायब था। पीड़ित ने अज्ञात के विरूद्ध तहरीर दी है।

## इण्डेन गैस टैंकर में 10776 शीशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध सोनभद्र पुलिस के निरन्तर प्रहार की कड़ी में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर डॉ0 चारू द्विवेदी के पर्यवेक्षण में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर शनिवार की रात्रि 10 बजे सुकृत से हिन्दुआरी मार्ग पर एक इण्डेन गैस टैंकर नम्बर आरजे 14 जीजी 3269 लाल रंग से 898 पेटियों में 10776 शीशी कुल 80006.4 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब (शराब व टैंकर की कुल अनुमानित कीमत रुपये 110 लाख) के साथ एक अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है और शेष लिप्त लोगों की तलाश की जा रही है। इस बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना राबर्ट्सगंज पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ के दौरान चालक जगमाल सिंह पुत्र भैराराम निवासी सालूजी का तला, टोला बायटु पनजी, तहसील बायटु, थाना बायटु, जिला बालोतरा (राजस्थान) बताया कि इण्डेन गैस से सम्बन्धित इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन द्वारा जारी टैक्स इन्वाईस उपलब्ध कराया गया, जो कामर्शीयल इण्डेन गैस से सम्बन्धित था जिसका इनवॉईस वैल्यू 1048122.14 रुपए (दस लाख अड़तालीस हजार एक सौ बाईस रूपया चैदह पैसा) जो जालंधर टर्मिनल इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन टर्मिनल आफिस जालंधर, अमृतसर बाई पास, पीण्ड जालंधर(पंजाब) से झांसी गैस सर्विस 331, सदर बाजार, झांसी कैंट उत्तर प्रदेश ले जाने हेतु जारी किया गया है। टैंकर पर गैस परिवहन हेतु प्रपत्र बनाये गये है, जबकि उसमें अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा था। चालक तथा शराव तस्करी में सम्मिलित वाहन स्वामी राजेश पुत्र बाबू लाल निवासी राय कालोनी बरियो का वास जिला बारमेर (राजस्थान) तथा जालंधर से टैंकर उपलब्ध कराने वाले अज्ञात व्यक्ति का मो0नं0 7892558480 बताया तथा चालक द्वारा शराब को रांची झारखण्ड के एक व्यक्ति नाम पता अज्ञात का मो0नं0 9589657835 के पास पहुंचाना था। चालक व रांची झारखण्ड वाले व्यक्ति के मध्य निरंतर वार्ता व कोड भाषा में वाट्स ऐप चैट के माध्यम से शराब सहित टैंकर को गनतव्य तक पहुंचाने की वार्ता की जाती थी।

# नवरात्र के प्रथम दिन विंध्यधाम में उमड़े भक्त



मीरजापुर। नव संवत्सर चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मां विंध्यवासिनी धाम में भक्तों की भीड़ भोर से ही कतारबद्ध हो गई थी। मंदिर के कपाट खुलते ही मां के जयकारों के साथ भक्तों ने पूजन-अर्चन किया। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन आस्था धाम विंध्याचल श्रद्धालुओं से पट गया। माता के जयकारे से विंध्य धाम की समस्त गलियां गूंज उठीं।

चैत्र नवरात्र मेला के शुरू होते ही संपूर्ण विंध्याचल की छटा देखते ही बन रही है। चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन मां विंध्यवासिनी धाम में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। मंगला आरती के बाद से ही दर्शन पूजन के लिए भक्तों का रेला लगा है। मंदिर परिसर में घंट-घड़ियाल के बीच मां के जयकारे गूंज रहे हैं। शनिवार की रात से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ लग गई थी। रविवार की भोर में मंगला आरती के बाद दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हुआ जो अनवरत जारी है। मंदिर परिसर के बाहर तक लंबी कतारें लगीं हैं। गंगा स्नान, ध्यान के पश्चात हाथों में नारियल, चुनरी व माता का प्रसाद लिए मंदिर की ओर जाने वाली गलियों में पहाड़ा वाली के जयकारे लगाते श्रद्धालु मंगला आरती के बाद मां विंध्यवासिनी के भव्य स्वरूप के दर्शन के लिए बेताब दिखे। मंदिर परिसर एवं परिक्रमा पथ प्रांगण एक अलग ही छटा बिखेर रही है अलौकिक सजावट विंध्याचल दरबार के साथ ही मां अष्टभुजी देवी व महाकाली मंदिर सहित कई अन्य मंदिरों की फूल, पत्तियों और रंग-बिरंगे झालरों से की गई सजावट अलौकिक छटा बिखेर रही है। सुरक्षा के खास इंतजाम मुख्य सड़कों, गलियों, गंगा घाटों और अष्टभुजा के पहाड़ पर दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो, इसको लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जा रही है। एटीएस बल के साथ-साथ पुलिस के जवान सुरक्षा में तैनात हैं।

## मण्डलायुक्त व आईजी ने विन्ध्याचल मेला क्षेत्र का भम्रण कर व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



मीरजापुर। मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में रविवार से प्रारम्भ चैत्र नवरात्र मेला का मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी व पुलिस महानिरीक्षक आर0पी0 सिंह ने भ्रमण कर व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया तथा ड्यूटीरत जोनल, सेक्टर व पुलिस अधिकारियो से वार्ता कर व्यवस्थाओ के बारे में जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि श्रद्धालुओ की सुविधा के दृष्टिगत पूरे मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करे ताकि दूर दराज से आने वाले श्रद्धालु मां का दर्शन कर खुशी मन से अपने गंतव्य को जाए। संपूर्ण मेला क्षेत्र मे जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक सोमन वर्मा भी लगातार भ्रमणकर सुरक्षा एवं व्यवस्था पर अपनी निगाह बनाए हुए हैं। मेला क्षेत्र मे श्रद्धालुओं के समस्त सुविधाओ का ध्यान रखते हुए व्यवस्था की गई है।

## शराब खरीद पर ऑफर के खिलाफ किया प्रदर्शन



जौनपुर। आम आदमी पार्टी ने रविवार को लखनऊ में शराब खरीद पर चल रहे ऑफर को शराब घोटाला बताते हुए प्रदर्शन किया। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता खुटहन स्थित तिघरा के पास एकत्र हुए। यूपी में शराब खरीद पर चल रहे ऑफर को शराब घोटाला बताते हुए आम आदमी पार्टी ने रविवार को प्रदर्शन किया। पार्टी के नेता व कार्यकर्ता आप कार्यालय के पास में एकत्र हुए। यहां से झंडे, बैनर लेकर आप कार्यकर्ता खुटहन चैराहे के लिए रवाना हुए, परंतु खुटहन थाने की पुलिस बीच रास्ते पर ही विरोध प्रदर्शन का दमन करने में जुड गई। और थाना प्रभारी खुटहन ने शराब के विरोध प्रदर्शन का राज्यपाल को प्रेषित ज्ञापन खुद लेकर विरोध प्रदर्शन को आगे नहीं बढ़ने दिया। आप कार्यकताओं ने उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। तिघरा स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय से भारी संख्या में शराब के विरोध में पैदल आप कार्यकताओं ने मार्च निकालते हुए खुटहन से पहले ही पहुंची थी तभी खुटहन थाना की फोर्स ने चैतरफा घेराव करते हुए पुतला दहन होने से रोकने का प्रयास किया। उक्त विरोध प्रदर्शन में विरोध प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे जिला महासचिव विनोद प्रजापति ने कहा कि योगी सरकार शराब को बढावा देकर प्रदेश के युवाओं और समाज को नुकसान पहुंचा रही है। ऐसे ऑफर समाज में नशे को बढावा देंगे। कहा भाजपा और शराब कारोबारियों में सांठगांठ है। शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के लिए एक बडा शराब घोटाला हुआ है। इसकी जांच होनी चाहिए। नौजवानों को रोजगार देने के बजाय प्रदेश सरकार शराब की बोतल थमा रही है। आम आदमी पार्टी यह होने नहीं देगी। उक्त प्रदर्शन में विधानसभा अध्यक्ष शिवजी मिश्रा, जिला सचिव श्री अमित विश्वकर्मा विधानसभा उपाध्यक्ष लालमन कनौजिया, विधानसभा महासचिव सुनील मौर्या, विधानसभा उपाध्यक्ष पंकज अग्रहरि, सचिव अमित गौतम कोषाध्यक्ष शशि रजक, श्री रामप्रताप यादव, उषा प्रजापति, रेशमा गौतम, सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रमोद तिवारी ने किया मां विंध्यवासिनी का दर्शन-पूजन

मीरजापुर। सासंद राज्यसभा के उप नेता प्रतिपक्ष प्रमोद तिवारी साथ में सोना तिवारी ने रविवार को चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस विंध्याचल पहुंच मां विंध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन किया। दर्शनोपरांत तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार देश की जनता को गुमराह कर रही है युवाओं को रोजगार की बात नहीं कर रही है मंदिर मस्जिद कब्रिस्तान की बात कर रही है देश की नौजवान बेरोजगार हैं विदेश से भी निकाला जा रहा बीजेपी की केंद्र एवं प्रदेश की सरकार चुप्पी शादी है बीजेपी सरकार हर मोर्चे पर विफल है महंगाई आसमान छू रही है किसानों का बुरा हाल हुआ है सिर्फ हिंदू मुसलमान कर रही है बीजेपी सरकार। तिवारी ने कहा कि अच्छे दिन का वादा किया और 2 करोड़ रोजगार देने की बात की थी आज सब झूठ निकल रहा कांग्रेस के शासन में देश की जनता खुशहाल रहती थी। उक्त अवसर पर पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ शिवकुमार सिंह पटेल कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सुधाकर तिवारी शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजन पाठक जिला पंचायत सदस्य शंकर चौबे पूर्व चेयरमैन दीपचंद जैन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य मीडिया प्रभारी छोटे खान राजधर दुबे गुलाबचंद पांडे रमेश प्रजापति पप्पू हरिकेश तिवारी मुकुंद तिवारी किशोर संजय तिवारी सहित अनेक इंका नेता उपस्थित रहे।

## हीट वेव कि तैयारियों को लेकर बैठक

मीरजापुर। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल कि अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हीट वेव के प्रभावों को न्यून करने करने के उद्देश्य से समस्त संबंधित विभागों कि बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से समस्त संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों द्वारा साझा कि गयी हीट वेव रोकथाम कि विभागीय योजना कि समीक्षा कि गयी। अपर जिलाधिकारी ने बैठक में समस्त संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुये कहा कि समस्त विभागाधिकारी अपने वाहनों पर हीट वेव जागरुकता का पोस्टर लगा लें, चैत्र नवरात्रि मेला में समस्त संबंधित विभाग हीट वेव प्रभाव न्यूनीकरण के दृष्टिगत उचित प्रबंध कर लें, मनोरंजन विभाग द्वारा समस्त सिनेमा घरों में हीट वेव जागरुकता वीडियो का प्रसारण करवाया जाये।

## फसल में आग लगने से एक बीघा गेहूं जला

मीरजापुर। थाना हलिया क्षेत्र के राजपुर गांव के बेलगांव मौजा में शाम 3 बजे के करीब अज्ञात कारणों से खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई आग लगने से एक बीघे के करीब गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। बगल के खेत में कटाई कर रहे मजदूरों ने आग लगा देख आनन फानन में डिब्बे बाल्टी लोटा आदि में पानी लेकर दौड़े और आग पर काबू पाने की कड़ी मशक्कत की तब जाकर आग पर काबू पाए। स्थानीय थाना क्षेत्र के राजपुर गांव के बेलगवा सुखडा निवासी पीड़ित अकरम ने बताया कि खेत के पास गेहूं की कटाई का कार्य चल रहा था कि अचानक गेहूं की खड़ी फसल में आग लगा देख कटाई कर रहे मजदूर हल्ला गुल्ला मचाने लगे।

## श्रीराम जन्मोत्सव भव्य शोभा यात्रा समिति की बैठक संपन्न

मीरजापुर। श्रीराम जन्मोत्सव भव्य शोभा यात्रा समिति की बैठक नगर के कटरा बाजीराव स्थित होटल ग्रैंड इन में संपन्न हुई, जिसमें दायित्व वितरण के साथ हर घर से श्रीराम भक्तों को शोभा यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया गया। बैठक में वार्ड और मोहल्लों से शामिल होने वाले डीजे, झांकी और नगर में बनने वाले स्वागत द्वार की सूची पर चर्चा किया गया। प्रदेश के टाप टेन शोभा यात्रा को और भव्य बनाने का संकल्प जय श्रीराम का जयघोष लगाकर किया।

कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के विभाग प्रमुख रामचन्द्र शुक्ल ने कहा कि भगवान श्री राम का भव्य जन्मोत्सव एवं शोभायात्रा जिले के प्रखंड और ब्लाक में निकलती हैं। सबसे विशाल शोभा यात्रा नगर में निकाली जाती हैं। इस बार शोभा यात्रा में संत समाज के मंत्री जितेंद्रानंद सरस्वती भी शामिल होंगे। प्रांत उपाध्यक्ष विद्याभूषण ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव में सभी पूरे दमखम के साथ रामकाज में जुटे। विहिप जिलाध्यक्ष माता सहाय ने कहा कि कार्यकताओं और नगरवासियों के उत्साह के दम पर जिले की शोभा यात्रा प्रदेश की टाप टेन की सूची में शामिल है। इसे और भव्य बनाना है। बताया कि 6 अप्रैल को शोभा यात्रा के पूर्व 4 को महिलाओं की स्कूटी स्कूटी जन जागरण यात्रा 3 अप्रैल को बाइक जन जागरण यात्रा दोपहर 2 बजे रेलवे स्टेशन परिसर से निकलेगी। कार्यक्रम में ओपी गुप्ता, राज माहेश्वरी आदि ने रामकाज से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन महेश तिवारी ने किया।

## निःशुल्क बाल चिकित्सा शिविर का आयोजन



सोनभद्र। एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत गत शनिवार को निःशुल्क बाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के दौरान पॉपुलर हॉस्पिटल, वाराणसी से डॉ. प्रभात कुमार (शिशु रोग विशेषज्ञ) ने थैलेसीमिया/सिकल सेल रोग के बारे में थैलेसीमिया चिह्नित बच्चों के अभिभावकों को महत्वपूर्ण जानकारी एवं उचित परामर्श प्रदान किया। इसके अतिरिक्त उन्होनें शिविर के दौरान उपस्थित बच्चों के स्वास्थ्य की विभिन्न समस्याओं के आधार पर जांच भी की। इस शिविर में स्थानीय क्षेत्र के 30 से अधिक बच्चों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। एनसीएल एनएससी द्वारा यह शिविर थैलेसीमिया/सिकल सेल रोग के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इसके साथ ही एनसीएल एनएससी द्वारा उक्त चिह्नित बच्चों हेतु एक निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसके माध्यम से एचएलए परीक्षण के पश्चात बोन मैरो ट्रांसप्लांट करवाने की भी योजना है।

इस अवसर पर सीएमएस, एनसीएल, डॉ. विवेक खरे, सीएमएस (इंचार्ज), एनएससी, डॉ. पंकज कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। एनसीएल एनएससी ने लगाया निःशुल्क कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी एवं हड्डी रोग स्वास्थ्य शिविर एनसीएल एनएससी ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत गत शनिवार को निः शुल्क कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी एवं हड्डी रोग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एशियन हॉस्पिटल, फरीदाबाद से चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम के द्वारा उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया।

## नवरात्र के पहले दिन देवी मन्दिरों में भारी भीड़



जौनपुर। वासंतिक नवरात्र के पहले दिन रविवार को देवी मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड उमड़ी रही। शीतला चैकिया धाम में भोर में चार बजे से ही मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई। मैहर माता मंदिर, नव दुर्गा मंदिर में भी लोगों ने मां के दर्शन पूजन किए। घरों में कलश की स्थापना कर व्रत रख लोगों ने पूजा पाठ किया।

कलश स्थापना के साथ ही नौ दिन तक चलने वाला वासंतिक नवरात्र शुरू हो गया। नवरात्र के पहले दिन आदि शक्ति मां शैलपुत्री के स्वरूप की उपासना की गई। मां आदि शक्ति का श्रृंगार करने के बाद भोर में मंदिरों का पट दर्शन पूजन के लिए खोल दिया गया। देवी मंदिरों में भोर से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। पूरे दिन देवी मंदिर मां के जयकारे से गूंजते रहे। व्रती लोगों ने भी मां के दरबार में पहुंच कर मत्था टेका। सुबह घरों की साफ सफाई करने के बाद स्नान आदि करके भक्त माल फूल लेकर मां के दरबार में पहुंच गए। आस पास के कई जिलों के श्रद्धालुओं ने देवी दरबार में पहुंचकर हाजिरी लगाई। मां शीतला चैकिया धाम में दर्शन पूजन करने के बाद विन्ध्याचल के लिए रवाना हुए। मां शीतला धाम चौकिया में दर्शन पूजन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के वाहन को मंदिर परिसर से पहले ही रोक दिया था। मंदिर के पास जाम न लगे इसे देखते हुए वाहनों के लिए पार्किंग पहले ही तय कर दिया गया था। छोटे बड़े सभी वाहनों को पहले ही रोक दिया गया। नवरात्र का पहला दिन होने के नाते दुकानदार भी भोर में पहुंचकर अपने माला फूल व चुंदरी की दुकानें खोलकर बैठ गए। नवरात्र शुरू होते ही माला फूल और नारियल के दाम भी बढ गए। आम दिनों में 10 से 15 रुपये में बिकने वाला गेंदा के फूल का माला दाम बढ़कर बीस रुपये तक पहुंच गया। इसके अलावा शहर के मां दक्षिणा काली मंदिर, नव दुर्गा शिव मंदिर, मां विंध्यवासिनी मंदिर ताडतला में दर्शन पूजन के लिए लोगों की भीड रही। सिंगरामऊ रू सिद्धपीठ महाकाली मंदिर में पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड रही। चैरा मां दुर्गा मंदिर व बपई भवानी समेत क्षेत्र के अन्य देवी मंदिरों में भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। मछलीशहर रू छाछो गांव स्थित शक्ति धाम, मोलनापुर के दुर्गा मंदिर सहित शक्ति धाम, चैरा माई मंदिर देवनगर, शीतला माता मंदिर सराययुसुफ सादीगंज के मैहरदेवी मंदिर तथा पुरानी बाजार और बरईपार रोड पर स्थित काली मंदिर में सुबह से ही दर्शन पूजन करने वालों की लाइन लगी रही।

## जिला जज, डीएम व एसपी ने कारागार का किया निरीक्षण

सोनभद्र। जिला जज रवीन्द्र विक्रम सिंह, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, शैलेन्द्र यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सी0जे0एम0 आलोक यादव द्वारा आज जिला कारागार चुर्क (घुर्गा), सोनभद्र का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान पाकशाला में बन्दियों हेतु सुबह का भोजन तैयार किया जा रहा था, तैयार किये जा रहे भोजन की गुणवत्ता में सुधार हेतु जेलर को निर्देशित किया गया, निरीक्षण के दौरान कारागार में बन्दियों की बीमारी आदि के सम्बन्ध में जेल के बंदियों से जानकारी प्राप्त की गई तथा बन्दियों के स्वास्थ्य का जायजा मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा लिया गया। इस दौरान कारागार की बैरकों की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था दिन एवं रत्रि शौचालय, स्नान व्यवस्था आदि का अवलोकन किया गया और जेलर को निर्देशित किया गया कि बन्दियों हेतु बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, माननीय जिला जज द्वारा बन्दियों को कारागार में वकील की व्यवस्था है कि नहीं, के सम्बन्ध में भी बन्दियों से जानकारी ली गयी, जिन बन्दियों के पास वकील की व्यवस्था न होने की बात संज्ञान में आयी, उन बन्दियों के लिए विधिक सेवा के माध्यम से अधिवक्ता की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये, कारागार में कार्य करने के बदले मिलने वाली पारिश्रमिक आदि के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी, कारागार की बैरकों में निरूद्ध बन्दियों की बैरकों के अन्दर जाकर उनके रहन-सहन, बिस्तर, इन्डोर गेम व आउट डोर गेम के साथ-साथ विचार परिवर्तन हेतु संचालित किये जा रहे कार्यक्रम आदि के सम्बन्ध में विधिवत जानकारी प्राप्त की गयी। इस दौरान बन्दियों से सीधा संवाद कर जेल में मिल रही सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सम्बन्धित जेलर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड शैलेश ठाकुर, जे०पी०दूबे जेलर, गौरव कुमार एवं अन्य कारागार कार्मियों सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## गेंदा की खेती कर लाखों कमा रहे सद्दाम हुसैन

जौनपुर। जिला उद्यान अधिकारी सीमा सिंह राणा ने अवगत कराया है कि प्रगतिशील कृषक सद्दाम हुसैन ग्राम भकड़ी विकासखंड बक्शा का कहना है कि परम्परागत खेती से हट कर कुछ अलग करने हेतु गेंदा की खेती एक अच्छा विकल्प है जिसमे कम लागत में अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है और अपनी आय दुगनी किया जा सकता है वर्ष में तीन बार गेंदा की खेती की जा सकती है गेंदा की फूलो की मांग निरंतर बढ़ रही है जिससे किसानों की आय एवं उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने हेतु सरकार जोर दे रही है। कृषक सद्दाम हुसैन द्वारा लगभग 1.2 हे0 में गेंदा की खेती की गयी है जिसकी सिचाई स्प्रिंकलर पद्धति द्वारा कर रहे है जिससे सिचाई पर कम खर्च आता है और पानी की बचत भी होती है। फसल भी हरी भरी एवं स्वस्थ रहती है जिससे गेंदा के फूलो का उत्पाद भी दुगना होता है और फूलो की माला बनाकर मंडी में बेचा जाता है जिससे अच्छा मुनाफा मिलता है जिससे किसान को सालाना कम से कम 2 लाख से 4.5 लाख रु का मुनाफा होता है और अन्य कृषको के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रहे है। इनका कहना है कि उद्यान विभाग से स्प्रिंकलर का लाभ मिलने से गेंदा की खेती से अच्छा उत्पादन हुआ है जिससे पहले से अधिक लाभ मिला है।

## संस्कार भारती ने अर्घ्य देकर किया नव संवत्सर का स्वागत

आजमगढ़। नव संवत्सर 2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का स्वागत संस्कार भारती आजमगढ़ की ओर से सांस्कृतिक व वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ में तमसा के तट पर किया गया। तत्पश्चात 1008 दीपों से गौरीशंकर घाट दीप्तिमान हो उठा। इस दौरान पूर्व संध्या पर जहां अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को वैदिक रीति से पूजन कर अर्घ्य दिया गया वहीं चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की अलसुबह तमसा नदी के गौरीशंकर घाट पर रविवार को प्रातः उगते सूर्य को अर्घ्य व प्रणाम कर हिन्दू नव संवत्सर का स्वागत आरती पूजन के साथ किया गया। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे को नूतन वर्ष पर बधाईयां दी। वहां मौजूद लोगों के माथे पर चंदन लगाते हुए सभी में प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक सुनील कुमार मिश्र व डा. पूनम तिवारी एवं सहसंयोजक मधु अस्थाना व अंजली बरनवाल रहीं। इस दौरान संस्कार भारती की जिला उपाध्यक्ष डा पूनम तिवारी को सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर राज्यपाल द्वारा सम्मानित किये जाने पर संगठन द्वारा उनका अभिनंदन शाल, स्मृति चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र देकर किया गया। इस दौरान फ्यूचर डांस एकेडमी, आजमगढ़ द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यक्षीय सम्बोधन में अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य विनोद अग्रवाल जी ने कहाकि आज पूरे विश्व में जहां भी संस्कार भारती कार्य कर रही है वहां पर हिन्दू नव वर्ष का स्वागत किया जा रहा है, जो अपने आप में अद्वितीय और सुखद है। हम नूतन वर्ष पर विश्व के मंगल और कल्याण की कामना करते है। अंत में आजमगढ़ अध्यक्ष डा. डी.पी. तिवारी ने सभी के प्रति आभार जताया। संचालन विजयेंद्र प्रताप श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर मंत्री शरद चंद तिवारी, कोषाध्यक्ष अरविन्द बरनवाल, डा.डीपी अस्थाना, उपाध्यक्ष आशीष गोयल, भारत भूषण तिवारी, अमन गर्ग, सुधा तिवारी, पूनम जसपाल सिंह, डा. मनीषा मिश्रा, नीतू सिंह सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## 45 शिक्षकों अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

आजमगढ़। कंपोजिट विद्यालय वीरभानपुर परिसर में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के तत्वावधान में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सेवानिवृत्ति होने वाले 45 शिक्षकों अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य अमरनाथ राय ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होता है। शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नही होता बल्कि वह केवल पद से सेवानिवृत्त होता हैं। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में कौशल कुमार राय, केदारनाथ यादव, रमाशंकर सिंह, राधेश्याम दुबे, अम्बिका चैहान, उमाकांत पाण्डेय, रामशरन यादव, रामअवध यादव, विद्यावती देवी, शांति देवी, नागेंद्र प्रताप सिंह आदि के अलावा छह सेवानिवृत्ति भारतीय सैनिकों को शामिल रहे। इस अवसर बीईओ रविकेश कुमार, वंश बहादुर सिंह रमाशंकर सिंह, संजय सिंह, ओमप्रकाश गोंड, सुजई यादव आदि उपस्थित रहे है। आयोजक डा. डीएस त्रिपाठी ने सबका आभार व्यक्त किया। संचालन परमानंद राजभर ने किया।

## समारोह पूर्वक मनाई जायेगी निषाद राज की जयंती

आजमगढ़। आगामी 5 अप्रैल को होने वोले निषाद राज जयंती समारोह की तैयारी बैठक रविवार को नगर के बलरामपुर में स्थित एक कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में आहुत की गई। बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट संजय निषाद व संचालन चंदन निषाद ने किया। इस दौरान एतिहासिक समारोह सम्पन्न कराने की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम के संयोजक एडवोकेट संजय निषाद ने कहाकि आगामी पांच अप्रैल को महाराजा निषाद राज जयंती धूमधाम से नगर के हरिऔध कला भवन के सभागार में मनाया जाएगा। जयंती समारोह में निषाज समाज के जनप्रतिनिधि सहित समाज के सभी वर्गो का जमावड़ा होगा। जयंती समारोह के माध्यम से निषाद समाज को अपने हक-हुकूक के लिए जागरूक किया जाएगा ताकि समाज के लोग समाज की मुख्य धारा में आकर अपने समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए नई दिशा दिखाने का कार्य करें। उन्होंने कहाकि निषाद राज की जयंती को हम संकल्प के रूप मनाने का निर्णय लिए है। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी लोगों से अपील किया निषाद समाज के घर-घर जाकर उन्हें 5 अप्रैल को हरिऔध कला भवन के सभागार में पहुंचने की अपील करें ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। बैठक में सभी पदाधिकारियों को जयंती समारोह के लिए जिम्मेदारियां सौप दी गई। इस अवसर पर सुधीर निषाद, राजेंद्र निषाद, मिथुन निषाद, सीताराम निषाद, सन्नी निषाद, रामाश्रय निषाद, राकेश निषाद, रूकेश निषाद, भोला निषाद, मनोज निषाद सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## कलश स्थापना के साथ शक्ति अराधना महोत्सव की शुरुआत

सोनभद्र, । चैत नवरात्र के प्रथम दिन कलश स्थापना के बाद नौ दिवसीय व्रत अनुष्ठान पूजापाठ एंव दुर्गा सप्तशती मंत्र जाप शुरू हो गए सुबह से श्रद्धालु भक्तों की भीड़ दर्शन पूजन के लिए मंदिरों में उमड़ पड़ी। श्रद्धालु भक्त फल फूल प्रसाद नारियल चुनरी चढा कर माता रानी से आशिर्बाद लिए। राबर्ट्सगंज नगर स्थित मॉ शीतला मंदिर, विरेश्वर मंदिर, पंचमुखी मंदिर कण्डाकोट मंदिर समेत जपनद स्थित तमाम मंदिरों में भक्तों महिलाओं बच्चों की भीड़ दर्शन पूजन के लिए उमड़ पड़ी। इस दौरान घड़ी घण्टा शंख के मधुर आवाज के बीच माता रानी के जयकारे से पूरा ब्रह्मांड गुंजायमान हो गया। व्रत अनुष्ठान के दौरान अनेक श्रद्धालु भक्त



अपने अपने घरों में घट स्थापन कर नौ दिवसीय पूजा पाठ मंत्र जाप शुरू किए वहीं ग्रामीण इलाके में दर्जनों श्रद्धालु भक्तों ने माँगी गयी मनोकामना की पूर्ति होने पर कलश स्थापना एंव जवारी के बीज लगा कर माता रानी की सेवादारी शुरू कर रात्रि में कीर्तन और पँचरा गीत का नौ दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए। वासंतिक नवरात्र कलश स्थापना के साथ हिन्दू नववर्ष की शुरूआत के क्रम में जय मां दुर्गा पूजा सेवा समिति ब्रम्हनगर पूजा परिसर में स्थापित मां दुर्गा जी के दरबार में आचार्य मणि प्रसाद त्रिपाठी के आचार्यत्व में कमेटी के यजमान सेचन चैरसिया ने कलश स्थापना करते हुए कमेटी के साथ साथ विश्व कल्याण के लिए पूजा अर्चना और प्रार्थना किया। जय मां दुर्गा पूजा सेवा समिति ब्रम्हनगर पूजा कमेटी के अध्यक्ष गिरीश पाण्डेय ने बताया कि इस बार नवरात्री में भक्तों को साधना, सिद्धी, मनोकामना पूर्ति हेतु विशेष योग मिल रहे हैं। यह नवरात्र भक्तों के लिए विशेष है। इस मौके पर व्यवस्थापक विष्णु दुबे, प्रभू पाण्डेय, सहित दर्जनों भक्त मौजूद थे।

## विरोध प्रदर्शन कर बनायी रणनीति

जौनपुर। माध्यमिक शिक्षक संघ (नवीन) के जिलाध्यक्ष राज केशर यादव की अध्यक्षता में बीआरपी इंटर कॉलेज में बैठक हुई। जिसमें इस वर्ष भी सभी शिक्षक कर्मचारी अपनी बाहों पर काली पट्टी बांधकर 1 अप्रैल को काला दिवस के रूप में मनाते हुए जिला इकाई के पदाधिकारियों के नेतृत्व में एनपीएस एवं यूपीएस के साथ ही साथ शिक्षण संस्थाओं में निजीकरण का विरोध करेंगें। मुख्यमंत्री को संबोधित तीन सूत्री मांगों का एक ज्ञापन जिलाधिकारी को देने के कार्यक्रम को सफल बनाने पर विचार विमर्श कर रणनीति बनाई गई।

संक्षेप

## छात्राओं को प्रशस्त्रि पत्र दिया

**ऊसराहार, इटावा।** चौबीस दिन के प्रशिक्षण मे छात्राओं ने आत्मरक्षा के तरीके सीखे प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली छात्राओं को दिया गया प्रशस्ति पत्र। विकास खंड ताखा के परिषदीय विद्यालयों की छात्राओं ने आत्मरक्षा के तरीकों को सीखा।ब्लॉक व्यायाम शिक्षक अवधेश सिंह राठौर व योगेश्वर यादव के द्वारा कंपोजिट विद्यालय बाकलैली, नागला पछाय,समथर, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ऊसराहार, अमथरी, अघीनी, नगरिया यादवान समेत कई विद्यालयों में छात्राओं को वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया।

24 दिन के प्रशिक्षण में स्टोन्स, ब्लॉक्स,किक, पंच, स्ट्राइक,मानव शरीर के नाजुक अंगों पर प्रहार,सेफ्टी टूल्स व उसके प्रयोग के बारे में प्रशिक्षित किया गया।साथ ही विमेन पावर हेल्प लाइन 1090,पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्प लाइन 1076,चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 समेत कई महत्वपूर्ण नंबरों की जानकारी दी गई।

# मुसहर समुदाय के 137 परिवारों का बनेगा आशियाना



**देवरिया ।** ग्राम पंचायत उदयपुरा में नवरात्रि पर्व के प्रथम दिन मुसहर समुदाय के 137 परिवारों को उनके सपनों का आशियाना बनाने के लिए आवासीय पट्टे की भूमि का तोहफा मिला। इससे उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव आएगा।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम समाज की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर मुसहर समुदाय के पात्र व्यक्तियों को आवासीय पट्टा प्रदान किया गया है, जिससे उनके जीवन में नई खुशियां आएंगी। ग्राम पंचायत उदयपुरा में मुसहर समुदाय के लोग पहले स्वयं की भूमि नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं ले पा रहे थे। अब आवासीय भूमि का पट्टा मिलने के बाद वे अपने घर के सपने को साकार कर सकेंगे।

- ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा हटवाते हुए 137 को पट्टा आवंटित किया गया
- आवासीय पट्टा पाने वाले मुसहर समाज के लाभार्थियों के लिए बन रही है नई कॉलोनी

आवासीय पट्टा प्राप्त करने वाले लाभार्थियों के लिए विकसित की जा रही नई कॉलोनी का निरीक्षण किया गया और सामुदायिक शौचालय का शिलान्यास किया। इस कॉलोनी में सड़क, नाली और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी, जिससे इन परिवारों को एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन मिल सके।

राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के तहत मुसहर समुदाय के पात्र व्यक्तियों को आवासीय पट्टा प्रदान किया गया है। अब वे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेकर अपने घर का सपना साकार कर सकेंगे। सरकार समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सभी को बेहतर जीवन जीने का अवसर मिल सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास की दौड़ में पीछे छूटे समुदायों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।इस योजना के तहत मुसहर समुदाय को आवासीय पट्टा देकर उनके जीवन में स्थायित्व और खुशहाली लाने का प्रयास किया गया है। यह पहल न केवल गरीब परिवारों को घर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि उनके समग्र विकास की ओर भी एक सार्थक प्रयास है।जिन महिलाओं को आवासीय भूमि का पट्टा प्रदान किया गया है, उनमें घेवनी, देवंता, तेतरी देवी, राबड़ी, राधा, राधिका देवी, रुना देवी, विद्यावती, सीमा, सुशीला, शांतिदेवी, शनिचरी देवी, सरली, शकुंतला देवी, बाबून्ती देवी, बादामी देवी, गायत्री देवी, गुलरी, लावजारी देवी, लीलावती देवी, मालादेवी, पानमती, हीरवंती देवी, कलावती, निर्मला और सूरसती देवी इत्यादि शामिल हैं। पट्टा मिलने से प्रसन्न समस्त लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर एसडीएम सदर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, तहसीलदार केके मिश्रा सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

## देवी मंदिरों पर उमड़ी भक्तों की भीड़

**देवरिया ।** चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन देवी मंदिरों पर जहां भक्तों की भारी भीड़ पूजा अर्चना के लिए पहुंची वहीं भक्तों द्वारा अपने घरों में भी विधि विधान से कलश स्थापित कर देवी पूजन शुरू किया गया ।शहर के विभिन्न मंदिरों खासकर देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ पूजन अर्चन के लिए दिनभर पहुंचती रही ।इस अवसर पर अहिल्यापुर दुर्गा मंदिर सहित भटनी के दुर्गा मंदिर, काली मंदिर, इमलिया के दुर्गा मंदिर सहित शहर के विभिन्न मंदिरों खासकर देवी मंदिरों में 9 दिन व्रत रखने वाले भक्तों ने पहुंचकर शक्ति की देवी का पूजन दर्शन कर अपने घरों में भी विधि विधान से कलश स्थापित कर देवी पूजा शुरू किया।नवरात्रि के पहले दिन अधिकांश लोगों ने व्रत रखा ।नवरात्रि के चलते बाजारों फलों, फूलों के मूल्य में वृद्धि देखी गयी ।हिंदू नव वर्ष संवतसर 2082 के अवसर पर आज लोगों ने एक दूसरे को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित किया।नवरात्रि पर मंदिरों को विशेषरूप से सजाने के साथ ही साफ सफाई ,रोशनी की ब्यवस्था की गई है ।मंदिरों के आसपास पूजा सामग्री के साथ ही अन्य दुकान भी लग गईं हैं ।

## परिजनों की डांट फटकार से युवती ने फंदे से लटककर दे दी जानः पोस्टमार्टम से भी हुई पुष्टि

**भटनी(देवरिया) ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के छोटी गण्डक नदी के पक्के पुल के बगल मे छोटी गण्डक नदी के किनारे मिले युवती के पोस्टमार्टम मे मृत्यु की पुष्टि हैंगिंग करने से हुई है । ।बताया गया है कि शनिवार के सुबह छोटी गण्डक नदी के किनारे मिले युवती के शव पर पुरे क्षेत्र मे सनसनी फैल गयी थी ।शव की सूचना पर पुलिस शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा बनवाकर पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेज कर घटना के पदार्फाश मे पुलिस जूट गयी ।थोडी देर मे पुलिस को सुराग मिल गया ।सबसे पहले पुलिस युवती के गाँव का पता कर थाने लाकर पहचान करायी जिससे मृतका युवती की पहचान निशा पुत्र राजेश ग्राम पिपरा थाना विजयीपुर जिला गोपालगंज ( बिहार )के रुप मे हो गयी ।परिजनों ने बताया कि निशा अपने ननिहाल भटनी थाना के मोतीपुर टिकैत मे अपने मामा उदित के घर अपने भाई के साथ रहती थी ।इस सम्बन्ध मे पुलिस को जो ननिहाल से जानकारी मिली वह चौकाने बाली है ।पुलिस को घटना के सम्बन्ध मे बताया कि मृतका फोन से किसी से बात करती थी ।मामी के मना करने पर भी नही मानती थी ।इसकी जानकारी मामी ने मृतका के माँ को बयायी तो शुक्रवार को उसकी माँ मोतीपुर टिकैत अपने छोटे पुत्र के साथ आयी ।रात को माँ भाई व मामी युवती को देर रात तक समझाते रहे ।इसके बाद सभी लोग सो गये ।युवती ने रात को ही गले मे फन्दा लगाकर आत्महत्या कर ली ।आनन फानन मे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी लाये ।जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया ।दाह संस्कार करने के लिए छोटी गण्डक नदी के किनारे बोलेरो से लाये ।थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार प्रधान ने बताया कि शव को गाडी से उतार कर बोलेरो चला गया पिता घर से पैसे लेने की बात अपने छोटे पुत्र को कहकर चला गया ।बिलम्ब होने लगा तो मृतका का भाई वहां से डर के मारे भाग निकला ।तब तक शव को देख लोगो ने पुलिस को सूचना दिया ।पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है ।माँ सहित परिजनों की डाँट युवती को नागवार लगा ओर फन्दा लगाकर कर ली आत्महत्या ।

# मेधावी छात्र सम्मान समारोह का शुभारंभ



**इटावा।** मां नारायणी इंटर कॉलेज कचैरा रोड जसवंतनगर में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का शुभारम्भ विद्यालय के प्रबंधक भुजवीर सिंह यादव ने द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर दीपांशी पुत्री विजय सिंह ने कक्षा 12 में जिला मेरिट में स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय प्रबंधक एवं जिला पंचायत सदस्य एडवोकेट श्री भुजवीर सिंह यादव द्वारा साइकिल, मेडल व प्रशस्तिपत्र, प्रियंका राजपूत को साइकिल, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष प्रो. रघुवीर सिंह यादव पूर्व प्रधानाचार्य एके कॉलेज शिकोहाबाद द्वारा आशीष पुत्र सत्यभान को 2100 रु की चैक, प्रशस्ति पत्र व मेडल, सत्र 2022-23 में जिला मेरिट में स्थान प्राप्त रोहित राठौर को 2100 रु की चैक, प्रशस्ति पत्र व मेडल, दीपिका भटेले को 1100 रु की चैक, प्रशस्ति पत्र व मेडल, शिकांक्षा को 1100 रु की चैक, प्रशस्ति पत्र व मेडल , दिव्या को 1100 रु की चैक, प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के कोषाध्यक्ष बलवीर सिंह यादव ने हिंदुस्तान ओलंपियाड द्वारा आयोजित परीक्षा में विद्यालय के अटल पांडेय को जिला में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र व मेडल, जिला में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर कृति यादव को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक ने कहा ष्जब तक हमारा नौजवान सपने नहीं देखेगा, तब तक हमारा देश तरक्की नहीं कर सकता और न खुशहाल हो सकता है। इस मेधावी छात्र सम्मान समारोह के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने और विद्यार्थियों को परीक्षा में अधिक से अधिक अंक हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करना है। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक मोहित यादव ( सनी ) ने पुरस्कृत छात्र छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी और कहा बेहतर माहौल देने के उद्देश्य से विद्यालय द्वारा मेधावी छात्र एवं छात्राओं को सम्मानित और प्रोत्साहित किया जाना अति आवश्यक है। इससे एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा समाज में आएगी जो समाज को विश्व के मंच पर स्थापित करेगी।

विद्यार्थी यह मुकाम कठिन परिश्रम से प्राप्त करता है। ऐसे विद्यार्थियों को सम्मानित करने से समाज व राष्ट्र का कल्याण होता हैं। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक कलाओं का प्रदर्शन कर कारक्रम में उपस्थित सभी का मन मोह लिया।

## नारकीय जीवन जी रहे काशीराम कॉलोनी निवासी

**जसवंतनगर, इटावा।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मॉर्डन तहसील के ठीक सामने कचैरा घाट बाईपास किनारे पर स्थित कांशीराम कॉलोनी के रहने वाले लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं यहां पर गटर भरे पड़े हैं सड़कों पर गड्ढे हैं

नालियां भरी पड़ी हैं चारों तरफ गंदगी का साम्राज्य बीमारियों को दावत दे रहा है। यह सब डूडा विभाग की लापरवाही के चलते यहां के वाशिंदों को भुगतना पड़ रहा है।

कांशीराम कॉलोनी मायावती शासन काल में 264 तीन मंजिला आवास बने हैं बताते हैं कि यहां की सड़क की हालत बद से बद्तर है जगह जगह गड्ढे हैं।

अब स्थिति यह हो गई है कि कॉलोनी से पानी बाहर निकलने का रास्ता ही बंद हो गया है सारा पानी सड़कों तथा कॉलोनी के दोनों तरफ भरा रहता है जिससे मच्छर तथा बीमारियां पनप रही हैं। यहां के वाशिंदों को डेंगू, मलेरिया आदि बीमारियों का डर सता रहा है।

## जलवायु परिवर्तन और मीडिया की भूमिका पर सुभारती में वेबिनार का आयोजन

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ में विश्व मौसम विज्ञान दिवस के अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में जलवायु परिवर्तन और मीडिया की भूमिका विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान देश के प्रसिद्ध डॉक्यूमेंट्री फिल्म मेकर व विज्ञान संचारकों साजन गोपालनए जलाल उद्दीन बाबा व डॉण निमिष कपूर ने इस वेबिनार में आमंत्रित वक्ता के रूप में अपना संबोधन दिया।

- जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता में मीडिया की आहम भूमिका .डॉ. निमिष
- पिघलते गलेशियर वैश्विक चिंता के सबबः जलाल उद्दीन बाबा

कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी वक्ताओं का स्वागत करते हुए विभागाध्यक्ष प्रोफेण ;डॉण्द्ध सुभाष चंद्र थलेड़ी ने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन और मीडिया की भूमिका एक ऐसा समयानुकुल विषय है जिस पर सभी मीडिया संस्थानों एवं मीडिया के विद्यार्थियों के मध्य चर्चा होनी चाहिए।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए केरल के सुप्रसिद्ध डॉक्यूमेंट्री फिल्म मेकर साजन गोपालन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज सबसे बड़ी चिंता का कारण है। इसके प्रति जागरूकता फैलाने में मीडिया की अहम भूमिका है। वहीं अपने संबोधन में वरिष्ठ मीडियाकर्मी व कश्मीर के पर्यावरणविद जलाल उद् दीन बाबा ने कहा कि समाज में जागरूकता फैलाने में मीडिया की अहम भूमिका है।

उन्होंने कहा कि एक फिल्ममेकर या मीडियाकर्मी के तौर पर हमें हमेशा समाज को जागरूक करने वाले कंटेंट के निर्माण की कोशिश करनी चाहिए।इस दौरान बीएसआईपी लखनऊ के वैज्ञानिक एवं विज्ञान संचारक डॉण निमिष कपूर ने कहा कि बदलते जलवायु के दौर में मीडिया के छात्रों को चाहिए कि व अधिक से अधिक वैज्ञानिक शोध पत्रों का अध्ययन करें ताकि जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर विषय पर वे लोगों को अपने कंटेंट के द्वारा जागरूक कर सकें।

## ग्राम पंचायत उदयपुरा में चौपाल का आयोजन

**देवरिया ।** ग्राम पंचायत उदयपुरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में माननीय विधायक रामपुर कारखाना सुरेंद्र चौरसिया की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की उपस्थिति में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विधायक रामपुर कारखाना ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्राथमिकता है कि समाज के सभी वर्गों का उन्नयन हो। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। चौपाल के दौरान राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे पारिवारिक लाभ, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, व्यक्तिगय शौचालय, राशन कार्ड आदि प्रमुख योजनाओं के वित्तीय वर्ष 2024-25 में लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को सम्मान पत्र भी प्रदान किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में देवी मां का की पूजन अर्चना कर जनपद वासियों के लिए मंगल कामना भी की गई।

## सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर किसान मोर्चा ने बांटी उपलब्धियों की पुस्तिका



**देवरिया ।** यूपी सरकार के आठ साल पूरे होने पर उत्कर्ष के 8 वर्ष कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा किसान मोर्चा देवरिया द्वारा चलाये जा रहे गांव चलो अभियान के अंतिम दिन किसान मोर्चा पदाधिकारियो ने रामपुर कारखाना विधानसभा के कंचनपुर और मिश्रौली गांव में किसान परिवारों के घर जाकर सरकार की उपलब्धियों की पुस्तिका वितरित किया।इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि प्राकृतिक खेती से प्रदेश की सूरत बदलेगी, रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से मिट्टी प्रदूषित हो रही है, उससे पैदा होने वाले अनाज को खाने से लोग बीमार हो रहे है, प्राकृतिक खेती से इस पर रोकथाम लगेगा और किसान भी खुशहाल होंगे।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मौजूदा बजट में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिये 124 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।कार्यक्रम में मुकेश राय, नीरज श्रीवास्तव, मिथिला यादव, राजन धर द्विवेदी, डॉ विनोद पाण्डेय, नंदेश गौतम, सुमन्त चतूवेर्दी, चंद्रिका यादव, सदा वृक्ष प्रसाद, सुभाष प्रसाद, कृष्णमोहन प्रसाद,विश्वजीत उपस्थित रहे।

# सोलर पीवी इंस्टॉलेशन हेल्पर ट्रेनिंग प्रोग्राम की परीक्षा



**इटावा।** जन कल्याण सेवा समिति करनपुरा इटावा केंद्र पर पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर पीवी इंस्टॉलेशन हेल्पर ट्रेनिंग प्रोग्राम की परीक्षा मूल्यांकन एजेंसी दिल्ली की कड़ी देख रेख एवं सीसीटीवी की निगरानी में संपन्न कराई गई। उक्त परीक्षा के दौरान केंद्र संचालक मोहम्मद कासिम अंसारी ने बताया कि यह कार्यक्रम भारत सरकार के एस.सी.जी.जे. द्वारा कराया जा रहा है जिसमें प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को भारत सरकार द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र एवं 500 प्रति दिन छात्रवृति प्रदान करने के साथ ही नौकरी एवं रोजगार के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे। श्री अंसारी ने बताया हमारी संस्था जन कल्याण सेवा समिति एक प्रतिष्ठ समाज सेवी संगठन है जो पिछले 20 वर्षों से शिक्षा और स्वस्थ के क्षेत्र में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है।

और इसी के दृष्टिगत हमारी संस्था पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर पीवी इंस्टॉलेशन हेल्पर ट्रेनिंग प्रोग्राम संचालित कर रही है जिससे समाज में ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर प्रदान हों सकें उन्होंने बताया युक्त योजना का लाभ लेने के इछुक अभ्यर्थी समिति कार्यालय करनपुरा ग्वालियर रोड बाह अड्डा आकर अपना नामांकन करा सकते हैं।

## तीन मंजिला मकान में आग, 13 लोगों को किया रेस्क्यू

**इटावा।** थाना कोतवाली क्षेत्र के वैरून टोला में रविवार रात करीब 3 बजे, एक तीन मंजिला मकान की तीसरी मंजिल पर शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। आग की लपटें तेजी से फैलने लगीं, जिससे मकान में रह रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। परिवार ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी, जिस पर दमकल विभाग की दो यूनिट और थाना कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।दमकल विभाग ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया। मकान में कुल 13 लोग मौजूद थे, जिनमें दूसरी मंजिल पर रह रहे वृद्ध दंपति को सुरक्षित बाहर निकाला गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। घटना की सूचना मिलते ही फायर सर्विस की दो फायर टेंडर यूनिट एफएसएसओ सनद पटेल के नेतृत्व में तुरंत रवाना हुईं और 3 बजकर 15 मिनट पर घटनास्थल पर पहुंच गईं। दमकल टीम में एफएसडी दुर्वेश, एफएम रामकेश, एफएम देवेंद्र प्रताप सिंह, देवेंद्र कुमार पाल, एफएम शिव कुमार शर्मा, एफएम नीरज, एफएसडी सुभाषचंद्र सहित अन्य कर्मी शामिल थे। मकान मालिक गौरव वर्मा ने बताया कि आग से घर का काफी सामान जलकर राख हो गया, जिससे करीब 8 से 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। हालांकि, दमकल विभाग और पुलिस की तत्परता से कोई जनहानि नहीं हुई। एफएसएसओ सनद पटेल ने जानकारी दी कि रात 3 बजकर 4 मिनट पर फायर सर्विस कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी। 3 बजकर 15 मिनट पर दमकल विभाग की दो फायर टेंडर मौके पर पहुंचीं और तुरंत राहत व बचाव कार्य शुरू किया। टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया और सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

## ट्रांसफार्मर के पास कूड़े में लगी आग

**इटावा।** पक्का बाग तिराहे पर शनिवार देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब बिजली ट्रांसफार्मर के पास पड़े कूड़े के ढेर में अचानक आग लग गई। आग ने देखते ही देखते ट्रांसफार्मर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे आग और विकराल हो गई।

हादसे के कारण पक्का बाग, अर्जुन नगर, जय भारत कॉलोनी, विकास कॉलोनी, ब्रह्म नगर समेत कई इलाकों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। ट्रांसफार्मर में भरे तेल के कारण आग और तेजी से फैली, जिससे बिजली के तार भी जल गए। आग लगते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और बिजली विभाग को सूचना दी, लेकिन आग इतनी तेज थी कि उसे काबू पाना मुश्किल हो गया। बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए और आग बुझाने का प्रयास किया। बाद में पहुंची अग्निशमन टीम ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। रातभर गुल रही बिजली आग के कारण ट्रांसफार्मर और बिजली के तार बुरी तरह जल गए, जिससे प्रभावित क्षेत्रों में पूरी रात बिजली आपूर्ति ठप रही।

## कार ने युवकों को टक्कर मारी, कई घायल

**इटावा।** कानपुर-आगरा नेशनल हाईवे-19 पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें एक अनियंत्रित लग्जरी तेज रफ्तार कार ने रोड पर चल रहे युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक हवा में उछल गए। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना पांच दिन पूर्व की बताई जा रही है। यह हादसा इटावा के इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत मानिकपुर मोड़ पर हुआ। वीडियो में साफ दिख रहा है कि हाईवे पर तेज रफ्तार में दौड़ रही कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े युवकों को टक्कर मार देती है।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक हवा में उछलकर दूर जा गिरे। यह वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है। हादसे में घायल युवकों को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और कार चालक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

## मंदिर के महंत पर हमला, दान पेटी लूटी

**कुशीनगर।** जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के कुंवरवरती माई मंदिर, दुबौली में नवरात्रि से पहले महंत पर हमला कर दान पेटी लूटने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। शनिवार देर रात छह नकाबपोश बदमाश हथियारों से लैस होकर मंदिर में घुसे और महंत जटाधारी राम लखनदास त्यागी को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा।बदमाशों ने पहले मंदिर का फाटक तोड़ने की कोशिश की, जिसके बाद महंत ने जागकर दरवाजा खोला। हमलावरों ने उन पर बंदूक के बट से हमला किया गया, उन्हें घसीटकर केले के खेत में ले गए और हाथ बांधकर पिटाई की। हमलावरों ने महंत की जटा उखाड़ दी और मंदिर की दान पेटी लूटकर फरार हो गए। घायल महंत किसी तरह गांव पहुंचे और घटना की सूचना दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि महंत को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद उनकी हालत सामान्य है। मामले में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच जारी है। इस घटना से क्षेत्र में आक्रोश है, और हिंदू संगठनों ने सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# पीएम मोदी का आरएसएस ही माई-बाप हैः रामगोपाल यादव




**इटावा।** नगर के आईटीआई संस्थान के निकट गंगा विहार कॉलोनी के गेट के सामने डी आर कृष्णा पैलेस के हाल में आयोजित श्गौरैया अस्तित्व बचाओ अभियानश् में सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने एवं मानव की सुरक्षा के लिए गौरैया का अस्तित्व बचाना आवश्यक है। जिसमें सभी लोगों को सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर संगोष्ठी की आयोजक डॉ सुनीता यादव द्वारा लिखित पुस्तक- गौरैया फिर लौट आई का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर एवं गौरैया संरक्षण हेतु हस्त निर्मित 250 घोंसले वितरित किए गए।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर श्री यादव ने कहा कि गांव में कच्चे मकान के स्थान पर पक्के मकान बन जाने के कारण गौरैया विलुप्त होती जा रही है। गौरैया किसानों की मित्र भी है ,वह कई तरह के कीट-पतंगों को खाकर किसानों की फसलों को बचाने का कार्य करती है। उन्होंने बताया कि गांव के तालाबों के किनारे खड़े बबूल के वृक्षों पर गौरैया अपने घोसलें बनाती थी, जहाँ पर प्रजनन का कार्य करती थी। आज कच्चे मकान, छप्पर,तालाब ,पेड़- पौधे नष्ट होने के कारण गौरैया विलुप्त हो रही है। पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में प्रोफेसर यादव ने कहा कि करणी सेना एक संगठित गिरोह है, जिसमें प्रशासन के सहयोग से सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आगरा स्थित घर पर उनके बच्चों पर हमला किया गया और उनकी संपत्ति तोड़फोड़ की गई। एक अन्य सवाल के जवाब में भाजपा के पर टिप्पणी करते हुए कहा कि विनाश काले विपरीत बुद्धि। कार्यक्रम के संयोजक उच्च प्राथमिक की शिक्षिका डॉ सुनीता यादव ने कहा कि गौरैया संरक्षण का कार्य में वह वर्ष 2016 से कार्य कर रही हैं और अपने हाथों से घोंसले बनाकर वितरित करने का काम करती हैं।

घोसला बनाने के कार्य वह 12 महीने करती रहती हैं ।इस अभियान में तन मन धन से जुटी हुई है। उन्हें इस कार्य को करने में शांति मिलती है। गौरैया संरक्षण का कार्य अपनी पूजा समझती हैं।

मानव कल्याण सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगरामाचार्य की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में सपा के प्रदेश सचिव गोपाल यादव केकेडीसी के प्राचार्य शिवराज सिंह यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रोफेसर अरविंद कुमार यादव उर्फ गुड्डू, पूर्व प्रधानाचार्य ओमकार यादव, डायट प्रवक्ता गायत्री वर्मा, बरेली वीडीओ हरिषेन्द्र यादव, प्रधानाचार्या उमेश चंद यादव, प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व कोषाध्यक्ष अध्यक्ष बृजेश यादव, आशीष त्रिपाठी, एडवोकेट सत्यप्रकाश यादव, इंजीनियर धर्मवीर राही, धर्मवीर भारती, राम राही, जगदीश सिंह यादव, सुभाष यादव आदि ने विचार व्यक्त करते हुए सहयोग करने का भरोसा दिया। मुख्य उ. पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेश यादव ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया संचालन संजीव यादव ने किया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने धूमधाम से मनाया हिंदू नव वर्ष और डॉ. हेडगेवार का जन्मदिन

**कुशीनगर।** हिंदू नव संवत्सर वर्ष प्रतिपदा (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) सिद्धार्थी नामक विक्रम संवत 2082 तदनुसार 30 मार्च 2025 व वासंतिक नवरात्र के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आद्य सरसंघचालक परम्पूज्य डॉक्टर केशव राव बलिराम राव हेडगेवार के 136वीं जन्मदिन पर पडरौना के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकताओं ने पूर्ण गणवेश में हनुमान विद्यालय पडरौना के प्रांगण में शाखा लगाकर डॉ. हेडगेवार की चित्र पर पुष्प अर्पित कर प्रणाम करते हुए हिंदू नव वर्ष बड़े धूम धाम से जिले के सभी खण्डों एवं नगरों में मनाया एवं एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई देते हुए जिले के सभी हिंदुओं को बधाई दिए। विशिष्ट अतिथि प्रांत सह गौ सेवा प्रमुख अधिवक्ता फुलबदन ने बताया कि इस महा पर्व के अवसर पर पूरे प्रांत के लोगों को नव वर्ष एवं नव रात्रि की बधाई देते हुए कहा कि पूरे देश को एक होकर धर्म विरोधियों को मुंह तोड़ जवाब देना है और देश में एकता और शांति का मार्ग प्रशस्त करना है। डॉ हेडगेवार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में विजयादशमी के दिन हेडगेवार ने किए थे। आरएसएस आज देश का ही नहीं अपितु विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक सांस्कृतिक संगठन है। परंतु फिर भी जो लोग अभी उसके प्रत्यक्ष या परोक्ष संपर्क में नहीं आए हैं, उन्हें उसके बारे में वास्तविक जानकारी अधिक नहीं है। अनेक लोगों के मन में तो कुछ भ्रम भी संघ के बारे में फैले हुए हैं। इसके दो कारण हैं एक संघ की कार्य पद्धति प्रचार और जन आंदोलन की न होकर व्यक्ति - व्यक्ति को, एक-एक करके, व्यक्तिगत संपर्क और मित्रता के द्वारा होने वाली सहज स्वाभाविक जानकारी के साथ संगठन से जोड़ने की रही है। इस अवसर पर जिला सह संघचालक महेंद्र गुप्ता, जिला कार्यवाह रविकीर्ति, जिला संपर्क प्रमुख अजय सिंह, जिला सह प्रचार प्रमुख दीनानाथ, जिला व्यवस्था प्रमुख सत्यवीर, जिला धर्म जागरण प्रमुख कृष्ण कुमार पांडे, जिला मुख्य मार्ग प्रमुख धीरेन्द्र सिंह, नगर कार्यवाप्रमुख डॉ मोहन, दीपक अग्रवाल, शिवाजी, अधिवक्ता संतोष दुबे, कन्हैया साहा, अभिषेक आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## मेरठ, बुलन्दशहर ,हापुड़ सीसीटीएनएस रैंकिंग मे प्रदेश में टॉप-10 मे शामिल

**मेरठ ।** पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र मेरठ श्री कलानिधि नैथानी द्वारा बताया गया कि मुख्यालय पुलिस तकनीकी सेवाएं उ0प्र0 लखनऊ द्वारा प्रत्येक माह जनपदों की सीसीटीएनएस रैंकिंग जारी की जाती है जिसके लिये 16 पैरामीटर्स चयनित किये गये हैं जिसमे मुख्यतः डेटा सिंक, शिकायत का निस्तारण तथा गिरफ्तार ,गुमशुदाओ की फीडिंग आदि प्रमुख है। माह फरवरी 2025 के डाटा अनुसार जनपदो की रैंकिंग जारी की गयी है, जिसमे परिक्षेत्र के जनपद मेरठ, बुलन्दशहर व हापुड़ द्वारा प्रदेश में टॉप 10 की सूची मे स्थान प्राप्त किया गया है ।जनपद हापुड द्वारा 5 वी, जनपद बुलन्दशहर द्वारा 9 वी एवं जनपद मेरठ द्वारा 10 वी रैंक प्राप्त की गयी है ।

उन्होंने बताया गत माह रेंज के सभी जनपदों की सीसीटीएनएस की समीक्षा कर उचित दिशा निर्देश दिए गए थे जिस पर जनपदीय टीमों ने अच्छा कार्य किया है। डीआईजी कलानिधि नैथानी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ ,बुलन्दशहर , पुलिस अक्षीक्षक हापुड़ को सीसीटीएनएस रैंकिंग मे अच्छा प्रदर्शन करने पर प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार पूर्ण मनोयोग से मुख्यालय द्वारा सीसीटीएनएस रैंकिंग के लिये चयनित पैरामीटर पर शत प्रतिशत फीडिंग किये जाने के निर्देश दिए गए हैं ।

संक्षेप

## पीपीए तहसील इकाई चौरीचौरा की बैठक संपन्न



चौरीचौरा ,गोरखपुर। पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई चौरी चौरा ने योगेंद्र मौर्य की अध्यक्षता में रविवार को तहसील परिसर चौरीचौरा में बैठक कर संगठन की रणनीति पर वृहद रूप से चर्चा किया। बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित सभी साथियों ने संगठन की मजबूती व प्रभावशाली बनाने के लिए संकल्प लिया। बैठक के दौरान नये सत्र के लिए नवीनीकरण फार्म भरा गया। उक्त अवसर पर सुमेर नाथ पाण्डेय, महेश पासवान ओमप्रकाश यादव, विनोद जायसवाल,विनोद पासवान, दुर्गेश गुप्ता, रामसेवक पासवान,केश्वर गौड़, धर्मेंद्र पटवा, वेदप्रकाश सिंह,जामीर अंसारी, विकास कुमार राव उपस्थित रहे।

## परीक्षा वितरण समारोह में मेधावियों का हुआ सम्मान



गोला,गोरखपुर। उपनगर गोला स्थित एमसीए पब्लिक स्कूल-सुअरज पर तीन दिवसीय परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जहां विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को उनका एनुअल रिपोर्ट कार्ड दिया गया तथा साथ ही मे विद्यालय में वर्ष भर होने वाली गतिविधियों में प्रतिभागी विजयी छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक व मुख्य सेवक प्रदीप सिंह व शिक्षा निदेशिका रत्ना सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। तदुपरांत कक्षा-नर्सरी से लेकर इंटरमीडिएट तक के छात्र-छात्राओं में एनुअल रिपोर्ट कार्ड वितरित किया। इस दौरान छात्रों के अभिभावक भी उनके साथ रहें। तथा इस अवसर पर कहा कि वार्षिक परीक्षा फल विद्यालय के साल भर की कठिन मेहनत व छात्रों के अध्ययन का एक प्रमाण पत्र है। जो उन्हें आगे और भी बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है। तथा जो कुछ नंबरों से पीछे रह जाते है उन्हे आगे बेहतर करने का प्रेरित करता है। उन्होने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनका मार्गदर्शन किया एवं शुभकामना दी ' इस अवसर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचरी तथा छात्र-छात्राएं व अभिभावक गण उपस्थित रहे।

## वार्षिक पुरस्कार वितरण आयोजित



सरहरी,गोरखपुर। जंगल कौड़ियां क्षेत्र के डोहरिया बाजार के शिव शांति चिल्ड्रेन एकेडमी में वार्षिक पुरस्कार व रिपोर्ट कार्ड का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चेतना पाण्डेय ने फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । प्रबंधक श्री विजय कुमार गुप्ता , प्रधानाचार्य श्री रवि श्रीवास्तव, जी ने छात्रों को कड़ी मेहनत और अनुशासन का महत्व समझाया। शैक्षणिक और सह-पाठयक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही, वार्षिक परीक्षा के रिपोर्ट कार्ड भी वितरित किए गए। टॉपर्स को भेंटस्वरूप साइकिल प्रदान की गई मुख्य अतिथि दुर्गेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ समाजसेवी, बृजनंदन यादव उपस्थित थे विद्यालय परिवार के वरिष्ठ अध्यापक अमन यादव, शुभम शर्मा किशन सिंह, विजय यादव, आकाश गिरी ने बच्चों को बधाई दी। अभिभावकों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

## शातिर चोर गिरफ्तार

चरगांवा, गोरखपुर। शाहपुर पुलिस ने शनिवार को एक शातिर चोर की गिरफ्तारी की। रविवार को पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। रविवार को शाहपुर प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय ने खुलासा किया।

# पाटेश्वरी धाम की गौशाला में कामधेनु का कौतूहल

## महंत मिथलेश नाथ योगी के आने के बाद आई कामधेनु

- एक के गोलोक प्रस्थान के बाद दूसरी स्वतः आई कामधेनु

बी.एस परिहार (vol)






बलरामपुर। ॐ सर्व देव महादेवि लोकाना, शुभ नंदिनी मातमर्मा भिषिततं सफल कुरु नंदिनी। शक्ल सफलतम मनोकामनाओं की पूर्ति करने वाली कामधेनु के बारे में शायद ही सनातन धर्म में कोई नहीं सुना हो। वह अभागा ही होगा जो ना सुना हो। काम काम उद्दीन की प्राप्ति को लेकर ऋषियों और वीर महारथियों के बीच महासंग्राम की जननी भी है।

देवीपाटन मंदिर परिसर में विशाल गौशाला है। जिसमें सैकड़ों से अधिक साहीवाल नस्ल के गोवंशों का बसेरा है। गौशाला में कामधेनु गाय कोतूहल का केंद्र बिंदु बनी है। कामधेनु के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है। मां पाटेश्वरी की पीठाधीश्वर तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी जब भी देवीपाटन आते हैं तो वह कुछ समय गौशाला में को वंशों के लिए जरूर समय देते हैं। महाराज योगी अपने हाथों से गायों को गुड़ और चारे से भोजन कराते है। वह सर्वप्रथम कामधेनु का दर्शन करते हैं। मुख्यमंत्री को देखकर गाएं मारे प्यार के रंभाने लगती है। एक तक योगी जी महाराज को ऐसे निहारती हैं जैसे उनके आने का उन्हें इंतजार था जो अब खत्म हो गया है। गौशाला का कायाकल्प 2011 में मिथलेश नाथ योगी की द्वारा मां पाटेश्वरी मठ के मुख्य महंत की गद्दी संभालते ही हुए शुरू हुआ। कामधेनु का पदार्पण 2014 में महंत मिथलेश नाथ योगी की समय में ही हुआ। आश्चर्य की बात यह है कि पहले कामधेनु के देहावसान के तुरंत बाद दूसरी कामधेनु गौशाला में स्वयं पहुंच गई। महंत मिथलेश नाथ जोगी बताते हैं कि इसी कामधेनु के दूध से ही माता जी का भोग लगता है। कामधेन के बारे में कई धार्मिक ग्रंथो तथा पुराणों में स्पष्ट वर्णन मिलता है कि कामधेनु को पुराणों में नंदा सुनंदा सुरभि सुशीला और सुमन भी कहा जाता है। देवासुर संग्राम के मध्य समुद्र मंथन में कामधेनु निकली जो इंद्रलोक चली गई ।एक कामधेनु को गुर वशिष्ठ ने तपस्या कर देवों से प्राप्त किया। राजा विश्वामित्र महर्षि वशिष्ठ के आश्रम में अतिथि के रूप में गए तो कामधेनु की विशेषता ने उन्हें इतना आकर्षित किया कि उन्होंने वशिष्ठ से कामधेनु प्राप्त करने की इच्छा व्यक्त की जिसे वशिष्ठ ने विनम्रता से इनकार कर दिया। कामधेनु ना देने और लेने को लेकर गुरु वशिष्ठ तथा विश्वामित्र के बीच भयंकर युद्ध हुआ। दो ऋषियों के बीच हुए युद्ध को लेकर दुखी होकर कामधेनु स्वर्ग लोक लौट गई। ब्रह्म वैवर्त पुराण तथा ब्रह्मांड पुराण के मुताबिक ऋषि जमाद को इंद्र से कामधेनु प्राप्त हुई थी सहस्त्र अर्जुन ने जमदग्नि से कामधेनु मांगी लेकिन हो नहीं दिया. सहस्त्रा जुर्न जमदग्नि के आश्रम को उलट-पुलट कर जबरिया कामधेनु को ले जाने लगा तो दुःखी कामधेनु फिर अपने को छुड़ाकर स्वर्ग लोक लौट गई।

परशुराम जब आश्रम आए और उन्होंने आश्रम को तहस-नहस तथा कामधेनु को ना देखकर अपने माता रेणुका से कारण पूछा रेणुका ने सारी बातें पुत्र परशुराम से बताया। क्रोधित परशुराम सहस्त्र अर्जुन के नगर महिषा पुरी माहेश्वरी पहुंचकर घनघोर युद्ध कर फरसे सहस्त्रा अर्जुन के हजारों हाथ काट डाले।

## महिला से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

शाहजहांपुर। जिले में एक महिला के साथ दुष्कर्म करने और उसका वीडियो सार्वजनिक होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दीक्षा भंवरे ने रविवार को बताया कि थाना कटरा अंतर्गत कस्बे में रहने वाली 35 वर्षीय एक महिला के मोहल्ले का ही रहने वाला एक दबंग सुखदेव उसके घर में घुस आया और उसे जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। भंवरे ने दर्ज प्राथमिकी के हवाले से बताया कि पीड़िता का पति जब घर से चला जाता था तब आरोपी उसके साथ दुष्कर्म किया करता था। आरोपी लंबे समय से उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था परंतु पीड़िता ने लोक लाज के भय से पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज नहीं कराई थी। जब पीड़िता विरोध करती तो आरोपी अवैध असलहे से उसे जान से मारने की धमकी भी देता था। इस बीच पीड़िता का एक अश्लील वीडियो (दुष्कर्म का) यहां सार्वजनिक होने के बाद उसने शुक्रवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

# पांच सरोवरों के वैभव को निगल गये अतिक्रमणकारी

## बेशकीमती जमीन को हड़प कर मकानों का कर लिया निर्माण

संवाददाता (vol)





इकौना श्रावस्ती देश की न्यायपालिकाएं और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सरकारी जमीनों से पूर्ण अतिक्रमण मुक्त का अभियान चला रहे रखा है।

वहीं इससे इतर बेखौफ भूमाफियाओं ने सीना ठोकर नगर के प्रकाश मार्केट के पीछे संजय पार्क के पीछे बेचू बाबा के पीछे आजाद नगर बड़े शिवालय के पीछे साहू तालाब, उपाध्याय तालाब, के बेशकीमती सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर पक्के घरों का निर्माण कर लिया है। स्थानीय नगर वासी बताते हैं कि पूर्ववर्ती नगर पंचायत के ओहदेदारों की मौन स्वीकृति पाकर पांच जलाशयों की काफी जमीनों पर अवैध कब्जा कर निर्माण कर लिया है। जहां इस अवैध अतिक्रमण से जलाशयों के वैभव समाप्ति के कगार पर हैं। वहीं सरकार को कई करोड़ों की क्षति पहुंची है। इस संबंध में नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार कि आपके के द्वारा बात संज्ञान में लायी गयी है मामले में स्वयं मौके पर सर्वे कराकर अवैध अतिक्रमण को निश्चित तौर पर हटाया जायेगा इसके साथ-साथ उन अतिक्रमणकारियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई भी की जायेगी।

## बेटा और बेटी के सामने पिता ने फंदे से लटक की खुदकुशी

चरगांवा, गोरखपुर। शाहपुर इलाके के जंगल सालिकराम में रविवार की दोपहर एक युवक काम से दोपहर विराम में घर पहुंचा अपने बेटे और बेटी के सामने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची शाहपुर पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, शाहपुर इलाके के जंगल सालिकराम स्थित कलेक्ट्री टोला निवासी गिरिजेश उर्फ विक्की चौहान (38) पेंटिंग का काम करता था। विक्की चार बच्चे का पिता था। उसके माता-पिता और भाई-बहन मुंबई रहते हैं। वह भी शुक्रवार को परिवार के साथ मुंबई से घर आया था। लोगों ने बताया कि शनिवार की रात 9 बजे पत्नी रेशमा चौहान से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, उसके बाद पत्नी नाराज होकर रात में सबसे छोटे बच्चे को लेकर बशारतपुर मायके चली गई। रविवार की सुबह तक पत्नी नहीं आई तो विक्की ने खाना बनाया दोनों बच्चों को खिलाने के बाद वह काम पर चला गया।

# अवैध तरीके से आधार कार्ड बनाने वाला युवक गिरफ्तार



श्रावस्ती। पुलिस ने बिना लाइसेंस के अवैध तरीके से आधार कार्ड बनाने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी रकीबुद्दीन पुत्र इकराम अली, निवासी ग्राम नकही, थाना रामगांव, जनपद बहराइच को कमला मोड़, हरवंशपुर से पकड़ा गया। उसके पास से आधार बनाने के उपकरण– लैपटॉप, फिंगर स्कैनर, आयरिस डिवाइस और वेब कैमरा बरामद किए गए हैं। थाना हरदत्त नगर गिरण्ट पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति फर्जी तरीके से आधार कार्ड बना रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह 270 रुपये प्रति इनरोलमेंट पर काम कर रहा था और आधार बनाने के लिए उसे ऑनलाइन लिंक मिलता था। आरोपी के खिलाफ थाना हरदत्त नगर गिरण्ट में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस इस मामले में और जांच कर रही है।

# नेपाल और म्यांमार के राजनयिकों का हुआ स्वागत



श्रावस्ती। नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा और म्यांमार की दूतावास मंत्री थिन प्यंत थिडा क्याव दो दिवसीय दौरे पर श्रावस्ती पहुंचे। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा उन्हें राजकीय सम्मान के साथ सलामी दी गई तथा बुके भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। नेपाल और म्यांमार के प्रतिनिधियों का यह दौरा तीसरे अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक जप और धम्म यात्रा के तहत हुआ, जिसमें श्रावस्ती और बलरामपुर के बौद्ध स्थल शामिल हैं। इस यात्रा का उद्देश्य बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार, धम्म यात्रा को प्रोत्साहित करने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। नेपाल और म्यांमार से आए अतिथियों के आगमन से इस आयोजन को विशेष ऐतिहासिक महत्व प्राप्त हुआ है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपजिलाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता, पुलिस क्षेत्राधिकारी सतीश चंद्र शर्मा, नायब तहसीलदार प्रांजल त्रिपाठी और स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक भी उपस्थित रहे।

बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए यह यात्रा विशेष मायने रखती है, क्योंकि श्रावस्ती बौद्ध धर्म के प्रमुख स्थलों में से एक है। स्थानीय प्रशासन और आयोजकों ने इस यात्रा को सफल बनाने के लिए विशेष तैयारियां की थीं।

नेपाल और म्यांमार के प्रतिनिधियों ने श्रावस्ती के बौद्ध स्थलों का भ्रमण किया और बौद्ध धर्म से जुड़े ऐतिहासिक महत्व के स्थानों का अवलोकन किया। इस यात्रा से न केवल भारत-नेपाल-म्यांमार के सांस्कृतिक संबंधों को मजबूती मिली है, बल्कि बौद्ध तीर्थयात्रा को भी एक नई दिशा प्राप्त हुई है।

# मां-बेटी की गला रेतकर हत्या



गोरखपुर। चौरीचौरा इलाके में बीती रात डबल मर्डर से सनसनी मच गई। इलाके के ग्राम शिवपुर के चकदहा टोला में घर में सो रही पूनम देवी व उसकी बेटी अनुष्का गला रेतकर हत्या कर दी गयी। तो वही इसकी बड़ी बेटी ने घर में छुपकर जान बचाने की बात कह रही। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारियों समेत एसओजी व फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही परिजनों से बात कर घटना की जानकारी ली मुकामी पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी। मृतका पूनम निषाद की बड़ी बेटी खुशबू की तहरीर पर स्थानीय पुलिस चौरीचौरा ने संजय उर्फ शैलेन्द्र, सुरेन्द्र, सरजू तथा दो अज्ञात के विरुद्ध धारा 191(2)/191( 3) तथा 103(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। चौरीचौरा संवाददाता के अनुसा, चौरीचौरा थाना क्षेत्र के शिवपुर चकदहा निवासी पूनम देवी पत्नी रविन्द्र निषाद अपनी दो बेटियों अनुष्का व खुशबू के साथ घर पर सोई हुई थी। बीती देर रात हमलावरों द्वारा धारदार हथियार से उन पर हमला कर दिया गया। जिसमें मां पूनम देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई ।तथा बेटी अनुष्का गंभीर रूप से घायल हो गयी। गंभीर रूप से घायल बेटी अनुष्का को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना पर रविवार को घटनास्थल पर एसएसपी डा गौरव ग्रोवर, एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा अनुराग सिंह, उप जिलाधिकारी चौरीचौरा रोहित मौर्य, थाना प्रभारी चौरीचौरा राहुल शुक्ला विधानसभा चौरीचौरा के विधायक इंजीनियर सरवन निषाद,नायब तहसीलदार संजय सिंह सहित तमाम अधिकारी व जन प्रतिनिधि पहुंच गए। तथा घटनास्थल का निरीक्षण किया।

**एसपी नार्थ बोले** एसपी नार्थ जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने घटना के संबंध में बताया गया कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है ।जो भी तहरीर प्राप्त होगी, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**क्षेत्रीय विधायक बोले**

घटनास्थल पर पहुंचे विधानसभा चौरीचौरा के विधायक ई0 सरवन निषाद ने पीड़ित परिजनों से मिलने के बाद बताया कि घटना काफी दुखद है ।जो भी इस घटना को कारित किया है किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# पत्नी समेत पांच लोगों पर लगा शिक्षक की हत्या का आरोप

## परिजनों कोतवाली में दी तहरीर

सीतापुर। महमूदाबाद कोतवाली महमूदाबाद क्षेत्र के अंतर्गत पैंतेपुर के पाण्डे टोला निवासी मृतक शिक्षक के परिजनों ने पत्नी समेत पांच लोगो पर हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। परिजनों का आरोप है कि नवनीत की पत्नी ने रिश्तेदारों के साथ मिलकर नवनीत की हत्या कर दी और शव बाराबंकी जनपद में नहर में फेंक दिया है।

कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। रविवार को नवनीत के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। पैंतेपुर के पाण्डेय टोला निवासी नवनीत पाण्डेय पुत्र अशोक पाण्डेय का शव शनिवार को बाराबंकी जनपद में माती नहर से बरामद हुआ था। नवनीत करीब नौ दिनों से घर से लापता था। 20 मार्च को नवनीत का पत्नी अंकिता पाण्डेय के साथ विवाद हुआ था जिसके बाद नवनीत घर से चले गये थे। पत्नी अंकिता ने नवनीत के खिलाफ महमूदाबाद कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। उधर नवनीत के परिजनों की सूचना पर पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर नवनीत की तलाश कर रही थी। शनिवार की शव बरामद होने के बाद नवनीत के परिजनों में कोहराम मच गया। पिता अशोक पाण्डेय ने आरोप लगाया कि पत्नी अंकिता पाण्डेय, रिश्तेदार असुवेन्द्र उर्फ मोहन, एकता पत्नी असुवेन्द्र, अभिषेक पुत्र संजीव पाण्डेय और संजीव पाण्डेय पुत्र स्व. देवीदयाल पाण्डेय निवासीगणी बेढौरा थाना महमूदाबाद ने उनके पुत्र नवनीत की हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि पिता तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की रही है। रविवार की शाम करीब तीन बजे नवनीत का शव बाराबंकी पोस्टमार्टम हाउस से पैंतेपुर उनके आवास पहुँचा जहां परिजनों ने नवनीत का अंतिम संस्कार कर दिया।

## महिला का बोरे में बंधा शव, इलाके में फैल गई सनसनी

सीतापुर। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सरैयां मसूदपुर के मजरा सेथराम गांव के पास बहोरनपुर जाने वाले चक मार्ग पर एक बोरे में बंधा महिला का शव मिला जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। शव पर गहरे घाव दिखाई दिए जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच में लगी हुई है। गौर तलब है कि रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में रविवार प्रातः सेथराम गांव के पास चक मार्ग पर एक बंधा बोरा पड़ा देखा गया। ग्रामीणों ने जब बोरे के पास इकट्ठा कुछ कुत्तों को देखा तो उन्हें आशंका हुई। लोगों ने करीब जाकर देखा तो बोरे के अंदर से बदबू आ रही थी। सूचना दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुंची। बोरा खोला जिसमें 55 वर्ष के लगभग उम्र की महिला का शव मिला ।शव के गर्दन और शरीर पर कई जख्म मिले। घटनास्थल पर महमूदाबाद क्षेत्राधिकारी वेद प्रकाश श्रीवास्तव और रामपुर मथुरा थानाध्यक्ष कृष्ण नंदन तिवारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। पुलिस द्वारा शव की पहचान करने का प्रयास किया गया परंतु कोई शिनाख्त नही हो सकी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटनास्थल पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रवीण रंजन सिंह ने बताया कि महिला की गर्दन पर गहरे घाव हैं, महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने से पहले कोई खुलासा नहीं किया जा सकता ।हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं ।पुलिस पहचान के लिए ग्रामीणों से भी पूछताछ की जा रही है। इस बात की भी जांच की जा रही है कि कहीं शव को बाहर से लाकर यहां फेंका तो नहीं गया है।

## वैल्यू प्लस स्टोर बिल्डिंग में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर हुआ खाक




सीतापुर। शहर के स्टेशन रोड पर स्थित वैल्यू प्लस स्टोर बिल्डिंग में आज सुबह करीब दस बजे भीषण आग लग गई। जिससे चारों तरफ अफरा तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया और शोरूम धू-धू कर जलने लगा। जानकारी पाते ही मौके पर दमकल गाड़ियां मौके पर जा पहुंची। जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में लाखों का सामान जलकर राख हो गया है। खबर लिखे जाने तक नुकसान के कीमत की जानकारी नही हो सकी थी। घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के रोडवेज बस स्टॉप के निकट की है। यहां पर वैल्यू प्लस स्टोर करीब चार मंजिला बना हुआ है। जिसमें शार्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग की जानकारी तब हो पाई जब लपटें शीशा तोड़ कर बाहर निकलने लगी। इस दौरान सबसे नीचे दुकान पर सभी कर्मचारी सामान बाहर निकालने में लगे हुए थी। जब उन लोगों की नजर ऊपर की और निकलती हुई लपटों पर पर पड़ी तो वहां अफरा-तफरी मच गई। सभी इधर-उधर भागने लगे। इसी दौरान ऊपर से जलता हुआ कुछ सामान नीचे आकर गिरा। जिससे कर्मचारी और भी भयभीत हो उठे। वह सभी लोग बाहर निकल आए और इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गई। उन्होंने तत्काल मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। घटना का कारण छत पर लगे आउटडोर एसी में शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

## गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन



सीतापुर। गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कासर्यक्रम के तहत जिला गंगा समिति सीतापुर के माध्यम से गंगा व उसकी सहायक नदियों के घाटों पर जनपद में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन 16 मार्च से 31 मार्च 2025 के मध्य कराया जाना सुनिश्चित है। जिसके क्रम में सीतापुर नगर क्षेत्र में ताड़कनाथ मंदिर घाट जो कि सरायन नदी पर स्थित घाट व मंदिर की साफ सफाई नगर पलिका व जिला गंगा समिति, इसाफ स्माल फाइनेंस बैंक के कर्मियों ने मिलकर श्रमदान देकर किया। इसी क्रम में नैमिषारण्य में गोमती नदी तट पर आम जन मानस व उपस्थित भक्तगणों ने हर्षो उल्लास के साथ गोमती आरती पंडित श्रीकृष्ण कुमार दीक्षित, प्रधान पुजारी गोमती तट ने गंगा शपथ दिलायी। इसी क्रम में बच्चों को स्वच्छता के बारे में जगरूक करने हेतु चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, श्लोगन प्रतियोगिता व निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन विशम्भर दयाल इंटर कालेज तिवारी चैराहा श्याम नाथ मंदिर में सम्पन्न कराई गई।

## वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह हुआ संपन्न

सीतापुर। आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नैपालापुर में वार्षिक परीक्षा फल वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें विद्यालय के प्रबंधक श्रीराम रस्तोगी उपाध्यक्ष भंवर सिंह ,रजनीश मिश्र (कवि), अनिल सिंह प्रवक्ता आर आर डी इंटर कॉलेज व श्रीमती विनय कुमारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी प्रवक्ता प्रियंका मिश्रा द्वारा किया गया ।कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले सभी भैया बहनों को उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के उपाध्यक्ष भंवर सिंह ने बच्चों का उत्साह वर्धन कियातथा प्रबंधक श्री राम रस्तोगी ने बच्चों को आशीर्वचन प्रदान किया ।विद्यालय के प्रधानाचार्य रामनिवास सिंह ने सभी भैया बहनों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा शिक्षा के साथ संस्कारों की महत्ता पर प्रकाश डाला ।परीक्षाफल की घोषणा परीक्षा प्रमुख राजेश पांडे द्वारा की गई ।कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता व उप प्रधानाचार्य नीरज पांडे द्वारा किया गया।

## कार -पुल से टकराई, एक की मौत, 6 घायल

सीतापुर। सिधौली इलाके में सड़क पर आए जानवर से बचने के चलते अनियंत्रित हांडा सिटी कार नदी के पुल की दीवार से टकरा गई। दुर्घटना में एक 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गयी। वहीं कार चालक सहित 6 घायल हो गये। जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार लखनऊ से नैमिषारण्य स्थित ललिता देवी मंदिर दर्शन करने रहे दर्शनार्थियों से भरी एक होंडा सिटी कर सिधौली कोतवाली के सिधौली मिश्रिख मार्ग पर कोनी घाट के निकट नदी के पुल से अनियंत्रित होकर टकरा गई। कार चालक उमेश प्रजापति के अनुसार वह लखनऊ ग्रीन सिटी सकरौना थाना पारा जनपद लखनऊ निवासी हीरालाल पुत्र केदारनाथ 55 वर्षीय सहित पांच अन्य लोगों को लेकर मां ललिता देवी दर्शन करने के लिए जा रहे थे। तभी सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर कोनी घाट के निकट अचानक एक जानवर सड़क पर आ गया। जिससे उसे बचाने के लिए गाड़ी में ब्रेक लगाये। इसी दौरान कार अनियंत्रित हो गई और पुल की दीवार से टकरा गई। जिससे कार चालक सहित सभी वाहन सवार घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने हीरालाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायल रुबी 24, शशि 27, खुशी 23 पुत्री भगवानदीन, सूरज 27 पुत्र हीरालाल, सुमन 47 पत्नी हीरालाल व चालक उमेश प्रजापति 24 पुत्र रमेश चंद्र प्रजापति सभी निवासी इण्डिया ग्रीन सिटी सदरौना थाना पारा लखनउ को सामुदायिक स्वास्थ्य सिधौली में भर्ती किया गया। जहां से गंभीर हालत में रूबी, सुमन व खुशी को लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने पहुंच कर अपनी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

## 2 करोड़ 2 लाख से साहू रानी उपाध्याय तालाब का होगा कायाकल्पः अधिशासी अधिकारी

इकौना। इकौना प्रदेश की योगी सरकार जलाशयों की पुनरुत्थान व संचित विकास की वादे पर अटल उतर रही है। जिसका जीता जागता प्रमाण इकौना के तीन प्रमुख जलाशयों के उद्धार के लिए जारी सरकारी बजट दिखाई दे रहा है। योगी सरकार ने इकौना नगर में भगवनदाई के साहू तालाब को यह करोड़, उपाध्याय तालाब को 50 लाख,रानी तालाब के सौंदर्य करण के लिए 51 लाख का सरकारी धन अवमुक्त कर दिया है। इसकी जानकारी देते हुए नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि शीघ्र ही निविदा टेंडर कराकर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा इन जलाशयों के पुनर्धार में क्षेत्रीय विधायक पंडित राम फेरन की भी मुख्य भूमिका बताई जा रही है।

संक्षेप

## वरदानी भवन में लगी चैतन्य झांकी

**ललितपुर।** वरदानी भवन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेंटर पर बड़े ही धूमधाम से पवित्र नवरात्रि महोत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान मां भवानी की चैतन्य मनमोहक झांकी के दिग्दर्शन एवं बच्चों ने नृत्य कर माता की आराधना की। कार्यक्रम में दादी गुलजारजी, दादी जानकीजी एवं भोपाल जॉन इंचार्ज महेंद्र भाईसाहब की स्मृति में ब्रह्मभोज रहा। जिसमें बच्चों, माताओं, बहनों सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे। सेंटर इंचार्ज राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी ने अध्यात्मिक नवरात्रि महोत्सव के महत्व के बारे में बताया कि शिव शक्तियां, असुरी शक्ति का नाश करती हैं। उन्होंने वर्तमान समय में हर एक को अपने अंदर से बुराइयों को दूर करने की बात पर जोर दिया। मंच संचालिका राजयोगिनी मायारानी दीदी ने दादियों की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा की दादी सदैव स्वयं पर बहुत अटेंशन देती थी। आप सच्चाई सफाई और सादगी अर्थात्ज्ञान, योग की यात्रा में तत्पर रहे। सच्ची दिल, बड़ी दिल, उदार दिल की धनी थी। अंत में बड़ी दीदी ने सभी को आत्म स्मृति का तिलक लगाकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस दौरान बीके गीता दीदी, बीके प्रीती दीदी, बीके रूबी दीदी, बीके प्रियंका बहन, निशा बहन, बीके पूजा बहन, बीके शिवानी बहन, बीके विद्यासागर भाई, साइंटिस्ट दीपक कौशिक, तनवी कौशिक, संतोष कौशिक, मुन्ना कौशिक, शिवम कौशिक, आरएसएस विभाग, जिला टोली सदस्य एवं कार्य प्रमुख सेवक रमेश सोनी, सज्जन कुमार शर्मा, प्रताप नारायण गोस्वामी, आशीष चैबे, एड.रामस्वरूप साहू, एवं अन्य सेवक संघ के सदस्य, एड.मुकेश साहू एवं अनेक भाई-बहन उपस्थित रहे।

## बेतवा बस की टक्कर से युवक की मौत

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम खांदी अंतर्गत मजरा टेकरी निवासी कृपाल पाल पुत्र सरू पाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 9 मार्च को शाम करीब 4 बजे उसका भाई हरभजन पाल मजदूरी करके घर आ रहा था।

वह जैसे ही हाई-वे रोड 44 पर रमेश फौजी के मकान के सामने पैदल पहुंचा तो उसके भाई को पीछे से तेज रफ्तार से भाग रही बेतवा बस संख्या यू.पी.94 ए.टी. 9309 ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे हरभजन घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट ले जाया गया, जहां मौजूद चिकित्सकों ने हरभजन को प्राथमिक उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया।

## झगड़े में आधा दर्जन लोग घायल

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के ग्राम भरईपुर में दो भाईयो के बीच आपसी बँटवारे को लेकर चले लाठी डंडो में दोनो ओर से एक महिला सहित आधा दर्जन लोग हुए घायल पुलिस ने सभी घायलो को इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल बकेवर भिजवाया ग्राम भरईपुर के रहने वाले नागेंद्र व बृजेश में रविवार की सुबह आपसी बँटवारे को लेकर आपस में दोनो भाईयो में गाली-गलौज हो गई थी उसी बात को लेकर दोनो परिवारो के लोग हाथो में लाठी डंडा लेकर सामने आकर एक दूसरे को गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडो से मारपीट करने लगे इस मारपीट के दौरान प्रथम पक्ष से नागेंद्र कुमार, अनुराग, उनकी पत्नी प्रमिला देवी, राघव निवासीगण ग्राम भरईपुर थाना बकेवर गंभीर रूप से घायल हो गए। जब कि दूसरे पक्ष से सचिन व कपिल निवासीगण ग्राम मुडैना खुर्द कला गंभीर रूप से घायल हो गए।

# डिजिटाइजेशन सेंटर का निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद की प्रशासनिक न्यायमूर्ति सुश्री नन्द प्रभा शुक्ला ने रविवार को जिला न्यायालय परिसर में डिजिटाइजेशन सेन्टर का निरीक्षण कर पिंक टॉयलेट व फेसिलिटेड एरिया का लोकार्पण किया।

प्रशासनिक न्यायमूर्ति ने उपस्थितजनों को नवरात्री पर शुभकामना दीं। तदोपरान्त वादकारियों के हित में सस्ता व सुलभ न्याय प्रदान करने के लिये कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय नन्द प्रताप ओझा, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पीठासीन अधिकारी अरविन्द कुमार, स्थाई लोक अदालत अध्यक्ष सूबेदार सिंह, एडीजे प्रथम यादवेन्द्र सिंह, एडीजे एस.सी.एस.टी.एक्ट सुनील सिंह, एडीजे डकैती लोकेश कुमार, एडीजे पॉक्सो नवनीत कुमार भारती, एडीजे/सचिव यशवन्त कुमार सरोज, सीजेएम विभान्शु सुधीर, सिविल जज सी.डि. मयंक जायसवाल, सिविल जज सी.डि. एफ.टी.सी. रविशंकर गुप्ता, सिविल जज जू.डि. अदिति जैन, एसीजेएम नरेश कुमार दिवाकर, सिविल जज जू.डि.महरौनी अतुल, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट बहादुर सिंह, बार संघ अध्यक्ष हरीराम राजपूत, मंत्री संतोष यादव, लीगल एड डिफेंस काउंसिल चीफ वैभव जैन, डिप्टी विक्रम सिंह ठाकुर, सूचना अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# हार्वेस्टर से फसल काटने पर दो पक्षों में मारपीट

**ललितपुर।** बानपुर थाना के ग्राम तोर टपरियन में रहने वाले फोटू पुत्र सूरज सिंह यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह अपनी पत्नी अनीता के साथ खेतों में गेंहू की फसल काटने के लिए खेतों पर गया था। तभी उसने देखा कि गांव के रामस्वरूप पुत्र भैयालाल, रामनरेश व राममिलन पुत्रगण रामस्वरूप, शिवशंकर पुत्र रामसहाय राजपूत अपने चार अज्ञात लोगों के साथ उसके खेतों में खड़ी गेंहू की फसल को जबरन काट रहे थे। पीड़ित ने बताया कि उसने अपनी पत्नी के साथ मौके पर पहुंच कर उक्त लोगों को फसल काटने से रोका तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट करने लगे। इसी बीच जब उसकी पत्नी ने बचाव किया तो उसके साथ भी लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 115 (2), 352, 351 (3) के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से रामस्वरूप पुत्र भैयालाल राजपूत ने बताया कि बीती 28 मार्च की सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह अपने खेत में खड़ी फसल काटने के लिए हार्वेस्टर मशीन लेकर गया था। जब वह खेत में खड़ी फसल काटने लगा तो उसने अपने खेत का लगभग आधा काट लिया तभी गांव में रहने वाले हरीसिंह पुत्र सूरज सिंह पहलवान उर्फ पोटे पुत्र सूरज सिंह यादवआये और हार्वेस्टर मशीन को फसल काटने से रोकने लगे। गालियां देते हुये उन्होंने मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बीच-बचाव करने आये उसके पुत्र रामनरेश, राममिलन के साथ भी उक्त लोगों ने मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (3) के तहत मामला दर्ज किया है।

## भाजपाइयों ने उत्साह से सुनी पीएम के मन की बात



**बांदा।** मन की बात के 120वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ह्नआज चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि है. आज से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत हो रही है। इसी दिन से भारतीय नववर्ष भी शुरू हो रहा है। इसी दिन विक्रम संवत 2082 की भी शुरूआत हो रही है ह्व महीने के आखिरी रविवार को प्रसारित होने वाले पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिले के सभी बूथों में पूरे उत्साह के साथ सुना। जीवन के लगभग सभी पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के प्रति सभी वर्गों का विशेष आकर्षण रहता है। जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, भाजपा जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, पूर्व जिला अध्यक्ष लवलेश सिंह तथा चेयरमैन सुधीर सिंह ने मटौंध मंडल के बूथ 335 में बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। राज्य मंत्री श्री निषाद ने बताया कि मन की बात के 120वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ह्नगर्मियों के दिन लंबे होते हैं और बच्चों के पास इस दौरान करने के लिए बहुत कुछ होता है। यह समय अपने हुनर को निखारने के साथ-साथ कोई नया शौक पालने का भी है। उन्होंने कहा, श्योग दिवस आने में अब 100 दिन से भी कम समय बचा है. अगर आपने अभी तक योग को अपने जीवन में शामिल नहीं किया है तो अभी करें, अभी भी देर नहीं हुई है। पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 10 साल पहले 21 जून 2015 को मनाया गया था। अब यह दिन योग के एक भव्य उत्सव का रूप ले चुका है। नरैनी विधायक ओममणि वर्मा ने नरैनी मंडल के बूथ 65 में कार्यकताओं के साथ, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री राजेश सेन, पूर्व चेयरमैन विनोद जैन, मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता रज्जन, गोपाल गुप्ता, संजय जड़िय ने खाईपर बूथ अध्यक्ष दिलीप माली के आवास पर कार्यकताओं के साथ कार्यक्रम को सुना। जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा ने दक्षिणी मंडल के बूथ 67, जिला मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी ने तिंदवारी मंडल के बूथ 209 संतोषी नगर में मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री प्रीतम गुप्ता राजा, कार्यक्रम संयोजक आशीष सिंह चंदेल, चंद्रभूषण सिंह पटेल, दिवाकर त्रिपाठी, ताराचंद्र चैरसिया आदि कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

# त्यौहारों पर कानून व्यवस्था में शिथिलता नहीं होगी बर्दाश्तः एसपी

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शनिवार की देर रात गूगल मीट करते हुये जिले के सभी पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों से वार्ता की। एसपी ने त्यौहारों पर कानून व्यवस्था को दुरुस्त बनाये रखने के लिए निर्देशित किया। आगामी त्यौहार ईद, नवरात्रि, रामनवमी आदि के दृष्टिगत सुरक्षा, शांति व कानून-व्यवस्था बनाये रखने, अराजक तत्वों की सतत रूप से निगरानी रखने और उनके विरुद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करने आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। एसपी ने सम्बन्धितों को अपने-अपने क्षेत्र में ईद, नवरात्रि, रामनवमी के दृष्टिगत धर्मगुरुओं, सम्भ्रांत व्यक्तियों के साथ शांति समिति की बैठक कर आयोजन के संबंध में आयोजकों से वार्ता कर, परम्परागत कार्यक्रमों के अतिरिक्त अन्य कोई भी कार्यक्रम का आयोजन न करने तथा मीटिंग में प्राप्त होने वाली शिकायतों का उचित व समयबद्ध निस्तारण कराए जाने हेतु निर्देशित किया। समस्त थाना प्रभारियों को ईदगाह/मस्जिदों पर पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटियां लगाने के निर्देश दिये। सभी डीजे मालिक, संचालकों, विवाह घर के मालिक, मैनेजर के साथ मीटिंग कर शासन के आदेशों-निर्देशों से अवगत कराने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही के लिए कहा गया। सुरक्षा, शांति व कानून-व्यवस्था को बनाये रखने के लिए निर्देशित किया गया कि अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सतत रूप से होटल, ढ़ाबा, रेस्टोरेंट आदि सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण शील रहकर चेकिंग करना सुनिश्चित करें। त्यौहार के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम, नवरात्र समारोह/ जुलूस वाले स्थानो का भौतिक रूप से निरीक्षण कर आयोजकों से वार्ता करने के लिए कहा गया। समस्त थाना प्रभारियों/यातायात प्रभारी को प्रतिदिन वाहनों की चैकिंग कर क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, बिना नम्बर प्लेट, हेलमेट/सीट बेल्ट का उपयोग न करने वाले तथा रोड़ पर स्टंटबाजी करने वाले वाहन चालकों /स्वामियों पर वैधानिक कार्यवाही के लिए सख्त निर्देश दिये गये।

## एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

ललितपुर। रविवार को सुपर मार्केट स्थित अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में प्राकृतिक चिकित्सा का निरूशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में योग, थेरेपी, कायरो प्रेक्टिक, न्यूरो-थेरेपी, कमर दर्द, साइटिका दर्द, फ्रोजन सोल्डर, ज्वाइंट पेन, बैंक पेन, महिला संबंधी उपचार, गठियावात, लकवा घुटने का दर्द, घुटनों का दर्द की रीड की हड्डी में दर्द होना एवं बैंक पेन, शुगर, स्वांस एलर्जी, संबंधी समस्याओं का उपचार किया गया, जिसमें हरिद्वार ऋषिकेश में संचालित आरोग्य धाम के डा.पंकज श्रीवास्तव कयरो प्रैक्टर, डा.हर्षित उपस्थित रहे।

# पान की खेती में शोध की आवश्यकताः डॉ. रामसेवक




**ललितपुर।** राजकीय पान केन्द्र पाली में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन के मुख्य आतिथ्य में राष्ट्रीय कृषि विकास योजनांतर्गत दो दिवसीय किसान मेला एवं गोष्ठी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एम0बी0आर0आई0 के रिटायर्ड वैज्ञानिक डॉ0 रामसेवक चैरसिया द्वारा बताया गया कि पान की बेल डायोसियस होती है, जिससे नर व मादा पौधे अलग-अलग होते है, पान उत्पादन हेतु नर पौधों का उपयोग किया जाता है, क्योंकि इनकी पत्तियॉ आकर में बड़ी होती है तथा उपज भी अधिक

- पान की खेती के साथ-साथ सरकार की अन्य योजनाओं का उठायें लाभः कैलाश
- दो दिवसीय किसान मेला गोष्ठी का शुभारम्भ

प्राप्त होती है। गंध व स्वाद के आधार पर पान की पॉच प्रजातियों की खेती की जाती है, देशावरी, बंगला, सांची, मीठा व कपूरी तथा छठीं प्रजाति वन्य पान है जिसपर शोध की आवश्यकता है क्योंकि यह पान की ऐसी किस्म है, जिससे हर मौसम में पान प्राप्त होते है, तथा भविष्य में पान की लागत को कम करने में सहायक हो सकती है। डा0 चैरसिया द्वारा आह्वान किया गया पान के पत्तों को कत्था चूना लगाकर मात्र खाने तक सीमित न रखा जाये बल्कि इसका उपयोग नये खाद्य प्रसंस्कृत उत्पाद बनाने में किया जाये ताकि पान बरेजों में पैदा हो रहे पान की उचित कीमत पान उत्पादकों को प्राप्त हो सके। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जहॉं यदि अनुसंधान होता है तो पान के नये उत्पादन तैयार करने की सम्भावना है। पान के 13 लाभाकारी गुणों पर चर्चा करते हुये डॉ0 चैरसिया द्वारा पान को त्रिदोशनाशक, वात पित्त व कफ नाशक, मुख सुगन्धक, मुख शोधक, चैतन्यता, स्फूर्ति वर्धक, कामोद्दीपक, व कीटाणुनाशक गुणों से युक्त बताया गया। पान का सेवन मात्र चैतन्यता ही नहीं प्रदान करता है बल्कि हमें कैंसर जैसी घातक बीमारियों से भी बचाता है। साथ ही डॉ0 चैरसिया द्वारा युवकों को तम्बाकू व गुटखा के सेवन से दूर रहने की सलाह दी। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ0 दिनेश तिवारी द्वारा पान की खेती में आ रही बीमारियों की रोकथाम में, जीवामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र, दशपर्णीअर्क, छांछ, सोठास्त्र का उपयोग कर पान की गुणवत्ता में सुधार करने का आह्वान किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन द्वारा पान कृषकों कों पान की खेती के साथ-साथ सरकार द्वारा चलायी जा रही रोजगार परक योजनाओं जैसे- प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का लाभ लेकर नये-नये उद्यम स्थापित करने का आह्वान किया गया तथा पॉच प्रगतिशील पान उत्पादकों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अन्त में उद्यान निरीक्षक रंजीत कुमार द्वारा विभाग में संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी कृषकों को दी, तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनान्तर्गत पान से निर्मित खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद जैसे मिठाईयो को बनाने की यूनिट लगाने हेतु आवेदन मांगे, उन्होने बताया कि इस योजनान्तर्गत यदि कोई व्यक्ति यूनिट लगाता है तो उसे कुल लागत का 35 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 10 लाख सरकार द्वारा अनुमन्य है। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश सिंह लोधी, नगर पंचायत पाली अध्यक्ष मनीष तिवारी एवं दीपक चैबे व भा0ज0पा0 के पदाधिकारी मौजूद रहें।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों को बीएसए ने दी विदाई



**बांदा।** परिषदीय विद्यालयों से 31 मार्च को सेवा निवृत्त हो रहे लगभग 40 शिक्षक-शिक्षिकाओं को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने सम्मानित कर विदाई दी। जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय के डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन सभागार में बेसिक शिक्षाधिकारी अव्यक्त राम तिवारी ने बताया कि ब्लाक बड़ोखर खुर्द के 8, नगर क्षेत्र 1, ब्लाक महुआ 5, बबेरू 4, कमासिन 4, नरैनी 5, जसपुरा 2, बिसंडा 4 और तिंदवारी के 7 शिक्षक सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उन्होने शिक्षक-शिक्षिकाओं को साल, पुष्पगुच्छ, माला और धार्मिक पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया। उन्होने कहा कि शिक्षकों ने सेवा काल में बेहतर शिक्षण कार्य किया है। उन्होने शिक्षकों से कहा कि वह ग्रामीण शिक्षा के उत्थान और सामाजिक चेतना के प्रयत्न सेवानिवृत्त होने के बाद भी जारी रखें जिससे उनकी सेवाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सतत मिलता रहे। इस अवसर पर सहायक बेसिक शिक्षाधिकारी, कार्यालय स्टॉफ और बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## कलेक्टर दर सूची पुनरीक्षण को कमेटी गठित

**बांदा।** अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सम्पत्ति मूल्यांकन नियमावली 1997 के तहत प्रत्येक वर्ष माह अगस्त से कलेक्टर दर सूची में पुनरीक्षण कार्य किया जाता है। इसके लिए जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी गठित की है। इसमें सहायक महानिरीक्षक निबन्धन, सदस्य, तहसीलदार सदर, पैलानी अतर्रा, बबेरू व नरैनी, सदस्य, उपनिबंधक सदर, अतर्रा, बबेरू व नरैनी सदस्य, कमेटी के सदस्यों ने सर्वे कर प्रस्तावित मूल्यांकन सूची तैयार की है। सूची पर 26 मार्च को कमेटी ने बैठक कर विचार विमर्श किया। कमेटी ने प्रस्तावित मूल्यांकन सूची का प्रकाशन कर दिया है। प्रस्तावित मूल्यांकन सूची लोगों के देखने के लिए सभी उप निबन्धक, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन व अपर जिलाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध है। समिति ने आम जनता, अधिवक्ता व अन्य लोगों से 7 अप्रैल तक प्रस्तावित मूल्यांकन सूची पर आपत्ति, सुझाव मागें हैं। आपत्तियां व सुझाव मिलने के बाद मूल्यांकन सूची को अन्तिम रूप दिया जायेगा।

## बबेरू बार संघ, 5 दावेदारों ने वापस लिए पर्चे

**बांदा।** तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष और महासचिव पद से दो-दो, कोषाध्यक्ष पद से एक दावेदार ने पर्चा वापस ले लिया है। एल्डर कमेटी के चेयरमैन उमाकांत तिवारी व चुनाव अधिकारी छेदीलाल ने बताया कि अध्यक्ष पद पर शिवपूजन वर्मा, रामजी द्विवेदी और जय सिंह ने नामांकन पत्र भरा था। रामजी द्विवेदी ने पर्चा वापस ले लिया। महासचिव पद पर दीपक पाल, लालमन यादव, श्रीकांत त्रिपाठी, राजेश कुमार सिगरौल, जयप्रकाश पटेल ने पर्चा भरा था। श्रीकांत त्रिपाठी, जय प्रकाश पटेल ने पर्चा वापस ले लिया। कोषाध्यक्ष के लिए राम नरेश प्रजापति, रामशिरोमणि, मनोज कुमार सिंह ने पर्चा भरा था। मनोज कुमार के पर्चा वापस लेने पर रामनरेश प्रजापति व रामशिरोमणि बचे। पुस्तकालयाध्यक्ष पद पर राजेश कुमार सविता व अब्दुल शेष के बीच मुकाबला होगा। शेष पद पर एक-एक दावेदार होने से निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है। चुनाव 9 अप्रैल को होगा।

# शिक्षिका शोभारानी शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर स्टाफ की ओर से विदाई समारोह आयोजित

जिला संवाददाता(vol)



**बिजनौर।** नगीना निवासी वरिष्ठ शिक्षिका शोभारानी शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर कालेज स्टाफ ने उन्हें समारोहपूर्वक भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर कालेज स्टाफ व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। जनपद बिजनौर नगीना के मोहल्ला कायस्थ सराय निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम कुमार शर्मा की बहन वरिष्ठ अध्यापिका (हिन्दी) शोभा रानी शर्मा 29 मार्च को सेवानिवृत्त हो गईं। नगीना मुंसफी के अधिवक्ता शैलेन्द्र कुमार शर्मा की पत्नी शोभारानी शर्मा को प्रधानाचार्य दिनेश चन्द्र शाह एंव अध्यापक/अध्यापिकाओं व कालेज स्टाफ ने भावभीनी विदाई दी और भावविभोर होकर फूलमालाओं से लाद दिया और उनके सेवाकाल के उत्कृष्ट कार्यों को याद किया गया।

शोभारानी शर्मा की प्रथम नियुक्ति 26 मार्च 2008 से 11 जुलाई 2022 तक राजकीय इण्टर कालेज राधेधार म्‍ रही जबकि 12 जुलाई 2022 से अविरल राजकीय इंटर कॉलेज कपरियाणीसँग टिहरी गढ़वाल से सेवा निवृत्ति 29 मार्च 2025 तक इसी कॉलेज में सेवा देती रहीं। शोभारानी शर्मा इससे पूर्व हरनाम सिंह बाल विद्या मंदिर व बाल विद्या मंदिर आचार्य आरएन केला नजीबाबाद में प्रधानाचार्य के रूप में सेवाएं दें चुकी हैं और उन्होनें अपनी प्रतिभा से सबको प्रभावित किया है।

# जनता से रोड टैक्स और मेन्टीनेन्स टैक्स लेने के बावजूद सड़कों की दशा जस की तस



जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** ललितपुर शहर की घुसयाना से पिसनारी बाग होते हुए राजघाट रोड तक जाने वाली सड़क पिछले अनेक सालों से बेहद खस्ता हालत में होने के साथ साथ ललितपुर शहर की अन्य प्रमुख सड़कों की बेहद दयनीय हालत पर बुन्देलखण्ड विकास सेना द्वारा गहरी चिन्ता व्यक्त की गई।

बु. वि. सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि जनता से रोड टैक्स

**घुसयाना से पिसनारी जाने वाली 500 मीटर की रोड वर्षो से खस्ता हालत में**

और मेन्टीनेन्स टैक्स लेने के बावजूद ललितपुर शहर की सड़कों की दशा जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा कर अदा करने के बावजूद सड़कों की दशा नही सुधारने वाले जिम्मेदार विभाग पी. डब्लू डी और नगरपालिका पर मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि घुसयाना पिसनारी बाग होते हुए राजघाट रोड जाने वाली सड़क शॉर्ट कट वाली महत्वपूर्ण सड़क है और प्रतिदिन इस सड़क पर वाहनों की भारी रेलमपेल बनी रहती है। उक्त सड़क अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है परंतु निर्लज्ज अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। उक्त सड़क पर बड़े बड़े गढ्ढे होने के कारण कमर दर्द और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं तथा इसके अलावा इस सड़क पर उड़ने वाली धूल से लोग दमा और एलर्जी का शिकार हो रहे हैं। आगे आने वाले समय में बु. वि. सेना उक्त विभागों में प्रदर्शन करेगी। ललितपुर शहर की ज्यादातर सड़कें पेयजल पाइप लाइन डालने के कारण खुदी पड़ी हैं तथा जिम्मेदार ठेकेदार मरम्मत के नाम पर लीपापोती कर रहे हैं। इन सड़कों के किनारे रहने वाले लोग उड़ने वाली धूल के कारण दमा , ब्रोन्काईटिस , सर्दी जुखाम , ऐलर्जी , और चर्मरोगों से ग्रसित हो रहे हैं। धूल लोगों के फेफड़ों में जमने के कारण वो गम्भीर स्थिति में पहुंच रहे हैं।

उन्होंने कहा कि गढ्डों के कारण कमरदर्द के रोगियों की संख्या में भारी इजाफा हो रहा है। इसके अलावा लोग दुर्घटनाओं के शिकार भी हो रहे हैं। बैठक में बु.वि सेना के वरिष्ठ सदस्य राजमल बरया , कदीर खान , राजकुमार कुशवाहा , फूलचंद रजक, अमरसिंह बुन्देला , मुन्ना त्यागी , विनोद साहू , रामप्रकाश झा, कमल विश्वकर्मा, जगदीश झा, प्रदीप साहू, लल्लू विश्वकर्मा, संजू राजा , अनिल अहिरवार , भैय्यन कुशवाहा , प्रदीप साहू , विक्की सोनी , पुष्पेन्द्र शर्मा, कामता प्रसाद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## स्वयं सेवक संघ ने मनाया प्रतिपदा उत्सव



**बांदा।** नव वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नगर के विभिन्न स्थानों पर शाखाओं में वर्ष प्रतिपदा उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने संघ के प्रथम सरसंघचालक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती के अवसर पर सरसंघचालक प्रणाम के उपरांत भगवा ध्वज लगाकर अमृत वचन एवं एकल गीत के साथ उत्सव मनाया। नगर की विभिन्न शाखाओं पर संघ के बौद्धिक वक्ताओं ने स्वयंसेवकों को पाथेय प्रदान किया। राम शाखा रामलीला मैदान में जिला प्रचारक अनुराग ने डॉ हेडगेवार के जीवन पर प्रकाश डाला और भारतीय नव वर्ष के महत्व को समझाया। भारतीय शाखा गणेश भवन में जिला संघचालक ने स्वयंसेवकों से भारतीय संस्कृति को आत्मसात कर जन जागरण के लिए आह्वान किया। इसी प्रकार मंदिर शाखा, आजाद शाखा, श्रीनाथ शाखा, शिवाजी शाखा आदि शाखाओं पर वर्ष प्रतिपदा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उपरांत स्वयंसेवकों ने नगर के प्रमुख चैराहों पर नगरवासियों को तिलक लगा नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

# एमएम कॉलेज में गृह परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित, सभी 1745 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण



जिला संवाददाता(vol)

**नगीना, बिजनौर।** एम0एम इंटर कॉलेज नगीना में गृह परीक्षा 2025 का रिजल्ट घोषित किया गया। परीक्षा में 803 छात्र सम्मिलित हुए और सभी उत्तीर्ण हो गए जबकि 942 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई और सभी उत्तीर्ण हो गई। द

एम0एम इंटर कॉलेज नगीना के कुल 1745 छात्र/छात्राओं में से समस्त छात्र/छात्राओं ने परीक्षा दी और सभी उत्तीर्ण हो गए जिससे विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा कक्षा 6 के सफदर पुत्र नईम अहमद ने 83.37 प्रतिशत अंक लेकर जूनियर वर्ग में जबकि कक्षा 9 के मुनीर अहमद अंसारी पुत्र नसीम अहमद को 94.90 अंक लेकर सीनियर वर्ग में टॉप किया। इस प्रकार मुनीर अहमद अंसारी ही छात्र वर्ग में विद्यालय के टॉपर रहे .छात्राओं के ग्रुप में कक्षा 8 की छात्रा युसरा पुत्री शकील अहमद ने 93.75 प्रतिशत अंक लेकर जूनियर वर्ग टॉप किया जबकि छात्राओं के सीनियर वर्ग मैं कक्षा 11 की छात्रा कुमारी इरम परवीन पुत्री मौ0 महमूद ने 95 प्रतिशत अंक लेकर सीनियर वर्ग को टॉप किया। छात्राओं के ग्रुप में इरम परवीन ही विद्यालय की टॉपर रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर एवं गृह परीक्षा प्रभारी बृजमोहन सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

## ईदगाह में ईद की नमाज दो शिफ्टों में होगी

**इटावा।** ईदगाह कमेटी के सेकेटरी डा. मोहम्मद अफजाल ने बताया कि ईदगाह परिसर में ईद की नमाज चन्द्र दर्शन के मुताबिक ईद के दिन दो शिफ्टों में होगी। डा. मोहम्मद अफजाल ने बताया कि ईद की नमाज ईदगाह परिसर में दो शिफ्टों में होगी, पहली शिफ्ट में नमाज सुबह 7.30 बजे मौलाना कमाल उद्दीन अशरफी और दूसरी शिफ्ट में नमाज सुबह 8.30 बजे मौलाना फरहान बरकाती अदा कराएंगे। शासन और प्रशासन की मंशा के अनुरूप ईदगाह के बाहर सड़क पर कोई भी नमाजी नमाज अदा नही करेगा। ईदगाह कमेटी के वालनटियर ईदगाह के बाहर नमाजियों को सड़क पर नमाज अदा करने से रोकने के लिए तैनात रहेंगे। चैखर कुआं मस्जिद में ईद की नमाज 7.45 व शाहगंज मस्जिद में ईद की नमाज 8 बजे होगी। शिया समाज की चाणक्य होटल स्थित ईदगाह में ईद की नमाज सुबह 7.30 बजे होगी हसन जैदी इमामे जुमा इटावा अदा कराएंगे।

## प्रसाद वितरण कर मनाया स्थापना दिवस

**भरथना, इटावा।** भारतीय नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर आर्य समाज मन्दिर भरथना के तत्वाधान में आर्य समाज का 150वाँ स्थापना दिवस सामूहिक रूप से यज्ञ में आहूति डालकर व प्रसाद वितरण करके मनाया गया।

रविवार को कस्बा के मुहल्ला गली गोदाम स्थित आर्य समाज मन्दिर के तत्वाधान में आर्य समाज का 150वां स्थापना दिवस मनाया गया। प्रातः ही आर्य समाज के अनुयायियों ने मन्दिर परिसर में पहुँचकर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ में पूणार्हुति डाली तथा बजाजा लाइन चैराहा पर प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर देवेन्द्र भँसाली आर्य, भगवानदास आर्य, सत्यभान गुप्ता राजा, मोहन आर्य, सतेन्द्र आर्य, सुरेश चन्द्र आर्य, मूलचन्द्र आर्य, अजय आर्य, अनिल आर्य, अरुण गुप्ता, आभा आर्या, ऊषा आर्या, नन्दकिशोर आर्य, रामलखन आर्य, राजेश आर्य ,अमित आर्य, नवीन आर्य, लक्ष्य आर्य आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# बढ़ती रेल दुर्घटनाएं

बीते दो-तीन सालों के दौरान अनेक बार ऐसी घटनाएं हुई हैं जिसमें रेलवे की पटरियों पर कभी लकड़ी का गुटका डालकर, कभी सरिया डालकर तो कभी रिम डालकर ट्रेनों को डीरेल करने और दुर्घटना कराने की साजिश की गयी है। ये घटनाएं सिर्फ एक-दो जगहों तक सीमित नहीं थीं बल्कि उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, राजस्थान सहित कई प्रदेशों में रेल दुर्घटनाओं की साजिश रची गयी, लेकिन समय से साजिश का पता चल जाने या किसी जागरूक व्यक्ति द्वारा इन साजिशों की सूचना रेलवे प्रशासन को दे देने के कारण बड़े हादसे टल गये। ट्रेनों को पलटाने की साजिश को लेकर जांच भी शायद हो रही है, लेकिन इस संदर्भ में फिलहाल अभी पुख्ता सुबूत सामने नहीं आये हैं। रेलवे पूरे देश को एक सूत्र में जोड़ती है और हर दिन करीब-करीब बीस हजार यात्री और माल गाड़ियां चलती हैं जो देश में आवागमन और माल परिवहन का मुख्य साधन हैं। गाड़ियां पूरे देश में दिन-रात गुजरती रहती हैं। ऐसे में इन गाड़ियों के साथ ऐसी साजिशों को अंजाम देना कोई बहुत कठिन काम नहीं है। शायद इसी कारण यह संभव है कि देश के दुश्मनों ने रेलवे की पटरियों को अवरूद्ध कर ट्रेन पलटाने की साजिश रची। पूर्व में ऐसी कई



साजिशों का समय से पता चल गया जिससे दुर्घटनाएं नहीं हुईं। अब ओडिसा के कटक में बेंगलुरू-कामाख्या एसी सुपरपास्ट ट्रेन डीरेल हुई है। इस ट्रेन के 11 एसी डिब्बे पटरी से उतर गये जिसके कारण एक यात्री की मौत हो गयी और आठ यात्री घायल हो गये हैं। दुर्घटना के बाद रेलवे ने तुरंत राहत एवं बचाव का कार्य शुरू कर दिया और देर शाम तक यह पूरा भी हो गया था। इस दुर्घटना में घायल हुए लोगों को श्रीराम चन्द्र भंज मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना स्थल पर अत्यधिक गर्मी के कारण भी कई यात्री बीमार हो गये जिनका रेलवे की मेडिकल टीम ने इलाज किया। राहत एवं बचाव अभियान समाप्त होने के बाद दुर्घटनाग्रस्त बेंगलुरू-कामाख्या एसी सुपरफास्ट ट्रेन के यात्रियों को विशेष ट्रेन से कामाख्या भेजा गया है और इस रूट की अन्य यात्री ट्रेनों धौली एक्सप्रेस, नीलांचल एक्सप्रेस और पुरुलिया एक्सप्रेस का रास्ता बदल कर चलाया गया। कटक-निरगुंडी रेलवे सेक्शन पर निरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास बेंगलुरू-कामाख्या एसी सुपरफास्ट ट्रेन कैसे डीरेल हुई, इसके पीछे क्या कारण है, इसको लेकर रेलवे ने कोई खास जानकारी साझा नहीं की है। इसलिए दुर्घटना क्यों हुई इसको लेकर कुछ कहा नहीं जा सकता है, लेकिन इस दुर्घटना के बाद अनेक सवाल खड़े हुए हैं और सभी सवालों की तह तक जाना जरूरी है। सबसे पहले तो यह हाल के दिनों में विशेषकर ओडिसा में ही बालासोर में भीषण रेल दुर्घटना के बाद कई बार ट्रेनों के डीरेल होने की घटनाएं हुई हैं। कई बार ट्रेनों को डीरेल करने की साजिश भी सामने आयी है। बालासोर में हुई दुर्घटना रेलवे इंजीनियरों की लापरवाही का परिणाम था और जांच के बाद रेलवे ने बड़ी कार्रवाई भी थी। लेकिन बार-बार ट्रेनों के डीरेल होने और डीरेल करने की जो साजिशें हुई इसकी व्यापक जांच करना जरूरी है। ट्रेनों को डीरेल करने की जांच का दायरा सिर्फ एक-दो घटनाओं तक ही सीमित रखने के बजाय बीते एक-दो साल में जितनी भी ट्रेनें डीरेल हुई हैं उनको और साथ ही ओडिसा में बेंगलुरू-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के डीरेल होने की घटना की भी गंभीरता से जांच करना जरूरी है। अगर ट्रेनें पटरियों की खराबी की वजह से डीरेल हो रही हैं, तो इस दिशा में पहल होनी चाहिए और रेलवे सेफ्टी को गंभीरता से लेते हुए दुनिया की इस विशाल रेलवे को अब दुनिया की सुरक्षित और बेहतरीन रेलवे भी बनाने की जरूरत है। यह भी कि अगर गाड़ियों के पलटने के पीछे कहीं कोई साजिश है, तो उसकी तह में जाना चाहिए और हरेक घटनाओं का पर्दाफाश करने के साथ ही दोषियों को पकड़ना भी चाहिए। भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे को फुलप्रूफ व्यवस्था भी करनी चाहिए।

## विचार

जिस तरह पानी को कोई जल, कोई आब, कोई वाटर कहते हैं, उसी तरह एक ही सच्चिदानन्द परमेश्वर को कोई अल्लाह, कोई हरि, कोई गुरु, कोई गॉड कहकर पुकारते हैं।

-रामकृष्ण परमहंस.

जो भलाई से प्रेम करता है, वह देवताओं की पूजा करता है, अनादरणीय प्राणियों का सम्मान करता है और ईश्वर के निकट रहता है।

-इमर्सन.

जिंदगी में जिसे धीरज है और जो कभी मेहनत से नहीं घबराता, कामयाबी उसकी दासी है।

-दयानन्द सरस्वती.

भाषा मनुष्य की बुद्धि के सहारे चलती है, इसलिए जब किसी विषय तक बुद्धि नहीं पहुंचती तो भाषा अधूरी होती है।

-महात्मा गांधी.

# विवादित मुद्दों को भड़का रही है डीएमके



मनोज बाजपेयी

भारत की संसदीय और सांविधानिक व्यवस्था में विवादित मुद्दों का समाधान खोजने की क्षमता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि केन्द्र कोई बेहतर समाधान खोज लेगा और जो विवाद बढ़ाना चाहते हैं, वे सफल नहीं होंगे।

देश की जनसंख्या के अनुपात में लोकसभा की सीटें बढ़ाने के लिए 2026 में प्रस्तावित परिसीमन से पहले गंभीर विवाद खड़ा हो गया है। कभी हिन्दी भाषा, कभी उत्तर भारत को लेकर, कभी सनातन धर्म को लेकर विवाद खड़ा करने वाली तमिलनाडु की सत्तारूढ़ डीएमके पार्टी ने इस बार लोकसभा सीटों का परिसीमन करने और बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में सीटें बढ़ाने को लेकर विवाद खड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने इस मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए परिसीमन से प्रभावित होने की आशंका वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाकर इसका विरोध किया है और सांविधानिक व्यवस्था के तहत प्रस्तावित परिसीमन को अगले 25 वर्षों के टालने की मांग की है। लोकसभा सीटों का जनसंख्या के आधार पर परिसीमन और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से परिभाषित करने की प्रक्रिया सांविधानिक बाध्यता है। लेकिन डीएमके और उसके नेता तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना और अन्य छोटे राज्यों में यह भय बैठा रहे हैं कि आगामी जनगणना और उसके आधार पर प्रस्तावित परिसीमन के परिणाम स्वरूप उनकी संसदीय सीटें कम हो जाएंगी और उत्तर प्रदेश तथा बिहार जैसे बड़े उत्तरी राज्यों की सीटें बढ़ जाएंगी। उनकी शिकायत है कि उन्हें अपनी जनसंख्या वृद्धि को सफलतापूर्वक नियंत्रित करने के लिए दंडित किया जा रहा है।

तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने परिसीमन को दक्षिण भारत के राज्यों के प्रतिनिधित्व को कम करने और उनकी आवाज को दबाने से जोड़ दिया है। देश में जनसंख्या और शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है और इस कारण बीस-पच्चीस साल में सीटों की जनसंख्या काफी बदल जाती है। ऐसे में परिसीमन के जरिए सभी लोकसभा सीटों पर समान जनसंख्या का अनुपात रखा जा सके यह जरूरी है। जहां तक सीटें बढ़ने का मुद्दा है, तो यह नीतिगत एवं सांविधानिक फैसला है। वर्ष 2000 में परिसीमन प्रस्तावित था लेकिन तब इसे 2026 तक के लिए टाल दिया गया था। अब वह समय आ रहा है जब परिसीमन होगा और नये सिरे से लोकसभा सीटों की संख्या, सीटों के तहत आने वाला क्षेत्र और मतदाताओं की संख्या तय होगी।



भारत सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि किसी राज्य को नुकसान नहीं होगा। ऐसे में दक्षिणी राज्यों का विरोध समझ से परे है। फिर भी अगर कोई आशंका है, तो भारत सरकार से आपसी बातचीत कर इस मुद्दे पर सहमति बनायी जा सकती है। लेकिन स्टॉलिन को बातचीत या सहमति की जरूरत नहीं है, उन्हें तो बस विवाद भड़कार सियासी स्वार्थ साधना है और यही वे कर रहे हैं। इस तरह के क्षेत्रीय विवाद दरअसल भारत की एकता के सामने एक नई चुनौती है। छोटे राज्य, खास तौर पर दक्षिण के, सरकार की परिसीमन योजना का विरोध करने के लिए एकजुट हो रहे हैं। परिसीमन जनसंख्या के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से परिभाषित करने की संवैधानिक रूप से आवश्यक प्रक्रिया है। हमारी संसद भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण राष्ट्र का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं करती है, जिससे यह सार्थक राष्ट्रीय चर्चाओं लिए अनुपयुक्त हो जाती है। अन्य लोकतंत्रों की तुलना में, यह जनसंख्या का काफी कम प्रतिनिधित्व करती है। औसतन, एक भारतीय सांसद ढाई-पौने तीन मिलियन नागरिकों का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि अमेरिका में यह संख्या 748,000, पाकिस्तान में 576,000 और जापान में केवल 273,000 है। अब अगर 2026 की जनगणना के अनुरूप लोकसभा सीटों का परिसीमन किया जाता है तो वर्तमान लोकसभा की जो 545 सीटें हैं वह बढ़कर 800 से भी अधिक हो जायेंगी। नयी

### विमर्श

संसद भी 2026 के परिसीमन को ध्यान में रखते हुए ही बनायी गयी है। इसमें आठ सौ से अधिक सांसदों के बैठने की व्यवस्था है। इस तरह जनसंख्या के अनुरूप सीटें बढ़ने से अनुमान लगाया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में 143 सीटें हो जायेंगी। इसी तरह बिहार, बंगाल, झारखंड जैसे राज्यों की भी सीटें बढ़ेंगी। हालांकि, दक्षिण के राज्यों के विरोध के कारण, 1973 के बाद से लोकसभा सीटों की संख्या में संशोधन नहीं किया गया है।

2000 में प्रस्तावित परिसीमन को टालने के कारण लोकसभा की सीटें अत्यधिक व्यापक हो गयी हैं। ऐसे में यह जरूरी है लोकसभा की सीटें बढ़ें ताकि जनप्रतिनिधियों की संख्या बढ़े और जनसंख्या का उचित प्रतिनिधित्व देश की संसद में हो। अगर दक्षिण के और छोटे राज्य परिसीमन को अपनाते हैं और लोकसभा सीटों की संख्या में वृद्धि होती है तो संसद लोगों की भावनाओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करेगी। भारत में जिस सहकारी (कोआपरेटिव) संघवाद का प्रचार किया जाता है, वह व्यवहार में होना भी जरूरी है। राज्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे केंद्र की मांगों का अनुपालन करें अन्यथा उन्हें परिणाम भुगतने होंगे। असहयोगी राज्य सरकारों को उनके कानूनों को अवरुद्ध करके, नए कार्यक्रमों या संस्थानों से बाहर करके, उनके वैध धन को रोककर, या राष्ट्रपति शासन के तहत रखकर दंडित किया जाता है। सरकारिया आयोग द्वारा 1980 के दशक में राष्ट्रपति शासन के 57 मामलों के अध्ययन के अनुसार, लगभग 50 प्रतिशत मामले केंद्र सरकार की मात्र इच्छा के कारण थे। आज भी, विपक्षी नेतृत्व वाली राज्य सरकारों द्वारा पारित कई कानून केंद्र द्वारा रोके गये हैं। भारत ने महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों को संबोधित करने के लिए राज्य सरकारों के लिए समान प्रतिनिधित्व के सिद्धांत को पहले ही सफलतापूर्वक लागू कर दिया है। उदाहरण के लिए, जीएसटी परिषद में प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से एक प्रतिनिधि शामिल है, जो राज्यों के वित्त मंत्री होते हैं। इस तरह की व्यवस्था को आगे बढ़ाकर परिसीमन के विवाद को हल किया जा सकता है।

संयुक्त राज्य अमेरिका में, उनकी संसद के एक सदन जिसे सीनेट कहते हैं, में राज्य सरकारों का समान प्रतिनिधित्व एक ऐसा एकीकृत विचार था जिसने सभी राज्यों को चाहे वह छोटे हों या बड़े सीनेट में समान अधिकार दिया है और इस कारण कानूनों के निर्माण से लेकर केन्द्रीय प्रशासन तक में राज्यों की भूमिका काफी हद तक समान हो गयी है। दरअसल वहां भी बड़े राज्य जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व चाहते थे, जिससे उन्हें विधानमंडल में अधिक शक्ति मिलेगी, जबकि छोटे राज्यों को डर था कि वे पीछे छूट जाएंगे और प्रभाव खो देंगे। अमेरिका के महान नेताओं ने ऐसा मध्य मार्ग खोजा जो दोनों पक्षों के हितों की रक्षा करे और किसी भी समूह को विधायी प्रक्रिया पर हावी होने से रोके। भारत के सभी दलों और बड़े-छोटे राज्यों के नेताओं को भी इसी तरह की समझदारी दिखानी चाहिए। पिछले 50 सालों से हो रही परिसीमन में देरी और बढ़ाना ठीक नहीं है। इस मुद्दे का ऐसा सर्वमान्य समाधान जरूरी है जिससे छोटे-बड़े सभी राज्यों के हितों को साधा भी जा सके और बढ़ी हुई आबादी को वाजिब प्रतिनिधित्व भी मिल सके। भारत की संसदीय और सांविधानिक व्यवस्था में मुद्दों का समाधान खोजने की क्षमता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि केन्द्र कोई बेहतर समाधान खोज लेगा और जो विवाद बढ़ाना चाहते हैं, वे सफल नहीं होंगे।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

## सोशल मीडिया

आने वाले समय में पंजाब में लोगों को सरकारी काम करवाने के लिए ऑफिस के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि एक काल पर सरकार ही आपके घर आकर काम करेगी। अरविंद केजरीवाल.



त्याग, बलिदान और शौर्य की अमर गाथाओं से गुंजायमान पावन भूमि राजस्थान के स्थापना दिवस की सभी राजस्थनवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभ कामनाएं। सीएम योगी.



महात्मा गांधी के बारे में कुछ तो ऐसा है जो उन्हें श्रद्धा से सिर झुकाने पर मजबूर कर देता है, आज संसद स्क्वायर बेस्ट मिंस्टर लंदन में उनकी प्रतिमा के चरण में पुष्प अर्पित किया। ममता बनर्जी.



# प्रकृति का उपहार

## अंतर्दृष्टि

प्राचीन काल में ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमखु कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्त्रा दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है। भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमे शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है। तपस्वियों के एकान्त सेवन गुफा निवास की बात तो सर्वविदित ही है।

# ये कैसा कलयुग आ गया!

## व्यंग्यलोक

हे प्रभु! ये कैसा कलियुग आ गया! जिस चीज को भी छूने की कोशिश कर रहा हूं दूर भागी जा रही है। सपनों को छूने की कोशिश करता हूं तो सपने दूर भागे जा रहे हैं। अपनों को छूने की कोशिश करता हूं तो अपने दूर भागे जा रहे हैं। शिमला मिर्च को छूने की कोशिश करता हूं तो शिमला मिर्च हाथ से मछली की तरह फिसली जा रही है। टमाटर छूने की कोशिश करता हूं तो टमाटर बहुत दूर भागे जा रहे हैं। अदरक छूने की कोशिश करता हूं तो अदरक दूर भागा जा रहा है। आखिर ये रोजमर्रा की चीजें आम जनता से इतनी दूर क्यों हो गई रही हैं प्रभु! क्या मेरी बिरादरी की तकदीर में सब कुछ दूर से ही देखना लिखा है प्रभु? लाख पकड़ने की जद्दोजहद के बाद भी मेरे हाथ में आखिर ये टमाटर क्यों नहीं आते? क्या इन दिनों मेरे मुंह के भाग्य में टमाटर, अदरक खाना नहीं लिखा है? प्रभु! इस उम्र में अब पत्नी से प्रताड़ित होकर तुलसीदास भी नहीं हो सकता। हो भी जाऊं तो आदिपुरुष की तरह अनाप शनाप लिख मारा तो....ऐसे घोर कलिकाल में समझ नहीं आ रहा मैं किसको कोसूं? केंद्र सरकार को कि राज्य सरकार को? अपने को या फिर बीवी को! किसान को या बिचौलिए को? मैंने प्रभु के चरण पकड़े कहा तो प्रभु पसीजे, उठो वत्स! बहुत रो लिए टमाटर का रोना। बहुत रो लिए अदरक का रोना। मेरा आदेश! फिलहाल टमाटर त्याग दो। अदरक त्याग दो। प्रभु! बिना आत्मा के शरीर की कल्पना की जा सकती है, पर टमाटर के बिना दाल की कल्पना नहीं की जा सकती। बिना हृदय के जीव की कल्पना की जा सकती है, पर बिन अदरक सब्जी की कल्पना नहीं की जा सकती। तो ऐसे में आप कह रहे हैं कि टमाटर त्याग दूं? सच पूछो तो प्रभु मैं शरीर त्याग सकता हूं, पर टमाटर नहीं। मैं शरीर त्याग सकता हूं, पर अदरक नहीं। मेरी रग रग में अब पचासियों विषैली स्प्रे किए टमाटरों का स्थाई वास हो चुका है और एक आप हो कि जनहित में बाजार में टमाटर सस्ते करने के बदले अपने भक्त को टमाटर, अदरक का त्याग करने को कह रहे हो?

इंपॉसिबल प्रभु! इंपॉसिबल! हे वत्स! जनहित की दुहाई दे मुझसे इमोशनली मत खेलो। पॉलिटिक्स न करो! क्योंकि जिन्होंने आज तक जनहित की बात की, फाइनली अपने हित ही साधे। हैप्पी लाइफ का सिंपल सा फंडा ये है कि जो भी समाज में भाव दिखाए, उस हर एक को त्याग दो। वह चाहे बीवी ही क्यों न हो! कह प्रभु अंतरध्यान। बंधुओ! आखिर प्रभु का कहने का तात्पर्य क्या है? ये तो नहीं कि मैं टमाटर खाने छोड़ दूं? ये तो नहीं कि मैं अदरक दाल में पाना छोड़ दूं? या फिर ये जीभ ही त्याग दूं? न रहे जीभ, न सताए स्वाद!



अशोक गौतम

# ग्लोबल वार्मिंग के कारण पक्षियों की प्रजनन दर घटी



वन्य जीवन

के.पी.सिंह

ग्लोबल वार्मिंग से सिर्फ इंसान ही नहीं परेशान बल्कि धरती के सभी जीव जंतुओं पर इसका कहर टूट रहा है। सबसे बड़ा असर हाल के दिनों में पक्षियों पर देखने को मिला है। चाहे सारस हो या आर्कटिक हंस, पिछले एक दशक में न सिर्फ इनकी संख्या में भारी कमी आयी है बल्कि इनकी प्रजनन क्षमता भी बहुत कम हो गई है। अमेरिका से प्रकाशित ह्यजर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेजह्ल (पनास) में छपे एक अध्ययन के मुताबिक साल 1970 से 2019 के बीच 50 सालों में 104 पक्षियों की जिन प्रजातियों पर ग्लोबल वार्मिंग के असर का अध्ययन किया गया है, उसमें स्पष्ट हुआ है कि धरती के बढ़े तापमान के कारण पक्षियों की संख्या और उनकी प्रजनन दर पर लगातार कहर टूट रहा है।

धरती में पिछले 50 सालों में जैसे जैसे तापमान बढ़ा है, उसका असर पक्षियों की शारीरिक संरचना, उनके वजन, गुणों, आवास की जरूरतों और सबसे बड़ी बात उनके प्रजनन क्षमता और प्रजनन दर पर देखा गया है। आर्कटिक में पाये जाने वाले हंस की संख्या में पिछले 50 सालों में 93 फीसदी तक की कमी आयी है, लेकिन इसेस भी खतरनाक ट्रेंड यह है कि पहले जहां आर्कटिक हंस के जोड़े साल में कम से कम दो चूजे पैदा कर लेते थे, अब कई कई जोड़ों के बीच भी पूरे साल में एक भी चूजा नहीं पैदा हो रहा। यही नहीं उनके आकार और प्रवासन में भी बदलाव देखा गया है। चूंकि उनके आकार में 50 साल पहले के मुकाबले काफी कमी आ गई है, इसलिए उनकी प्रजनन संबंधी क्षमता और व्यवहार में भी बहुत बदलाव देखने को मिल रहा है। कुछ पक्षी ग्लोबल वार्मिंग के कारण समय से बहुत पहले ही अंडे दे देते हैं, जिसके कारण समय से पहले ही उनके तमाम अंडे बर्बाद हो जाते हैं। दूसरी तरफ बहुत बड़े पैमाने पर पक्षी समय गुजर जाने के बाद भी अंडे देना शुरू नहीं कर पाते और अंत में उनका यह चक्र गड़बड़ा जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि कई पक्षियों में जैसे भारत के सारस पक्षी में प्रजनन हेतु निकटता का आकर्षण काफी ज्यादा घट गया है। पक्षियों के जोड़े साथ रहते हुए भी मैथुन प्रक्रिया से नहीं गुजरते। वैज्ञानिकों ने पाया है कि उनमें मैथुन की इच्छा खत्म होती लग रही है। ग्लोबल वार्मिंग का एक और बड़ा प्रभाव पक्षियों में यह देखने को मिल रहा है कि कार्बन डाइ ऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रेस ऑक्साइड और सीएसफसी गैसों के बढ़ते उत्सर्जन के कारण उनमें बहुत अनदेखी किस्म की अपंगता बढ़ रही है। जिसके कारण उनकी उम्र भी घट रही है, स्वास्थ्य भी बिगड़ रहा है और प्रजनन दर भी प्रभावित हो रही है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर समय रहते ग्लोबल वार्मिंग पर काबू नहीं पाया गया तो इंसानों से पहले कम से कम जीव जंतुओं की कई हजार प्रजातियां लुप्त हो जाएंगी। संयुक्त राज्य अमेरिका की विज्ञान अकादमी से निकलने वाला जर्नल पनास सालों से विभिन्न सरकारों को इस समस्या की तरफ ध्यान खींच रहा है, लेकिन बड़ी बड़ी बातों के बावजूद भी ग्लोबल वार्मिंग को रोकने में कोई निर्णायक सफलता नहीं मिल रही। क्योंकि हर देश खुद से नहीं दूसरे से पहल करने का इंतजार कर रहा है। पक्षियों पर ग्लोबल वार्मिंग के असर हेतु पनास ने जो बड़ी रिसर्च की है, उससे पता चलता है कि पक्षियों की कोई एक दो नहीं बल्कि जिन 104 प्रजातियों के प्रजनन पर ग्लोबल वार्मिंग के असर का अध्ययन किया गया था, उसमें आधे से ज्यादा 56.7 फीसदी पक्षियों की प्रजनन दर में भारी गिरावट दर्ज की गई है। यहां तक कि जिन पक्षियों के लगातार कम होते जाने या लुप्त होने की तरफ बढ़ते होने को जाना नहीं जा पा रहा था, उन पर भी ग्लोबल वार्मिंग का यह असर देखा गया है। वैज्ञानिकों ने पक्षियों के 15 से 49 प्रजनन सीजन की जांच की है और पाया है कि सीजन दर सीजन उन पर इसका दुष्प्रभाव बढ़ते देखा गया है। सबसे ज्यादा असर अमेरिकी पक्षी मोटागु हैरियर और वाइट स्टॉर्क पर देखा गया है। वाइट स्टॉर्क दरअसल सफेद सारस है और यह भारतीय सारस प्रजाति का ही पक्षी है। इसकी पूंछ काली और लंबी तथा कुछ घुमावदार होती है। साथ ही यह सफेद और हल्के पीले सारस से कुछ बड़ा होता है। इसे जंगल ड्रेगन भी कहते हैं। इसकी प्रजनन क्षमता पर सबसे ज्यादा ग्लोबल वार्मिंग का असर देखा गया है। भारत के दाढ़ी वाले गिद्धों पर भी यह प्रभाव देखने को मिला है। हाल के सालों में उनकी जिस तेजी से संख्या घटी है, अब समझ में आ रहा है कि उसके पीछे ग्लोबल वार्मिंग एक बड़ा कारण है।

**के पी सिंह.**

## आपकी बात

### नियमों का करें पालन

हर दिन बढ़ती दुर्घटनाएं, प्रति वर्ष डेढ़ लाख के करीब लोगों की सड़क दुर्घटनाओं मौत, इस बात को अजागर करती है कि हम सड़कों पर चलते हुए हद दरजे की लापरवाही करते हैं, कानूनों का पालन नहीं करते, आवश्यक सुरक्षा को नहीं अपनाते हैं और बेतरतीब ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। इससे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को संकट में डालते हैं। देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है। अप्रैल, मई 2020 में लॉकडाउन के समय दुर्घटनाएं बहुत कम हो गयी थीं लेकिन जैसे-जैसे सब कुछ खुला और वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ी तो फिर से दुर्घटनाएं बेतहाशा होने लगीं। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। दरअसल देश में जिस तरह सड़क नेटवर्क बढ़ रहा है, हाइवे और एक्सप्रेस वे बढ़ रहे हैं, उसी तरह यह भी जरूरत है कि लोगों को ड्राइविंग का प्रशिक्षण भी दिया जाये। फिलहाल अभी ड्राइविंग प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

**गिरीश चन्द्र वर्मा, लखनऊ.**

### बेरोजगारी चिंताजनक

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए।

**अशोक कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## डॉ.आर.के. बनौधा बने आईएमए अयोध्या के अध्यक्ष

**अयोध्या।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ( आईएमए ) अयोध्या का ताज आखिरकार डॉ.आरके बनौधा को मिल ही गया है। अध्यक्ष पद के लिए डॉ. बनौधा ने अपने प्रतिद्वंदी डॉ. मंजूषा पांडेय को 29 वोटों से हरा दिया। वहीं सेक्रेटरी पद के लिए डॉ. प्रवीण मौर्य को बम्पर वोट हासिल हुए हैं। दोनों प्रत्याशियों की जीत के बाद चुनाव स्थल मैसानिक लॉज में देर रात तक जश्न का माहौल रहा। साथी चिकित्सकों ने जमकर आतिशबाजी की। मैसानिक लॉज में शाम चार बजे के करीब चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई। अध्यक्ष और सेक्रेटरी पद के लिए 167 वोट पड़े। अध्यक्ष पद के दो और सेक्रेटरी के एक वोट इनवैलिड रहे। आठ बजे वोटिंग समाप्त होने के बाद बैलेट बॉक्स खोला गया। 45 मिनट तक दोनों प्रतिद्वंद्वी व उनके खेमों में सन्नाटा छाया रहा। इसके बाद नतीजे घोषित होते ही डॉ. बनौधा और डॉ. प्रवीण को उनके समर्थकों ने गोद में उठा लिया। इलेक्शन आफिसर डॉ. नानक सरन ने बताया कि सेक्रेटरी पद पर डॉ. प्रवीण व डॉ. डीके झा आमने-सामने थे।

# राम हमारे जीवन का स्पंदन: प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र

जिला संवाददाता(vol)




**अयोध्या।** उच्च शिक्षा निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा अनुदानित और साकेत महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित ह्लद आईडिया ऑफ राम इन फॉक लिटरेचरह्ल विषय पर दो दिवसीय सेमिनार आरम्भ हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग

- **द आईडिया ऑफ राम इन फॉक लिटरेचर विषय पर हुआ सेमिनार**

के प्रो. कृष्ण मोहन पाण्डेय व हिन्दी विभाग की डॉ. प्रीति त्रिपाठी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिन्दू परिषद् के केंद्रीय मंत्री अशोक तिवारी ने किया। संगोष्ठी के प्रथम सत्र में साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दानपति तिवारी ने रामायण और श्रीरामचरितमानस में वर्णित युद्धशास्त्र पर प्रकाश डाला। प्रो. कृष्ण मोहन पाण्डेय ने श्री राम कथा के अनेक दृष्टांतों के माध्यम से लोक साहित्य में राम विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। डॉ प्रीति त्रिपाठी ने बताया कि लोक साहित्य बहुत बड़ा है। लोक साहित्य की व्याप्ति लोकनाट्यों, लोक कहावतों और लोकगीतों तक है। तत्पश्चात साकेत महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष दीप कृष्ण वर्मा ने लोक साहित्य में राम विषय पर अपना विचार अभिव्यक्त किया। अन्त में अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. असीम त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा मंच संचालन का कार्य डॉ. नीता पाण्डेय ने किया। संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में बलिया विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रो. अजय कुमार चैबे ने श्रीराम पर आधारित लोक साहित्य में प्रचलित अनेक गीतों का उल्लेख किया। तत्पश्चात प्रो. अशोक कुमार मिश्रा ने अवधी में राम विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। इसके बाद साकेत महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के पूर्व प्राध्यापक डॉ. जनार्दन उपाध्याय ने भी राम पर आधारित लोकगीतों की चर्चा की। अंत में डॉ. जनमेजय तिवारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

मंच संचालन का कार्य डॉ. विष्णु कुमार ने किया। सेमिनार के दूसरे दिन मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर सूर्य प्रसाद दीक्षित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष एल बी एस डिग्री कॉलेज गोंडा के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शैलेंद्र नाथ मिश्रा व वक्ता डॉक्टर जयशंकर तिवारी थे। प्रा.सूर्य प्रसाद दीक्षित ने बताया कि लोक शब्द का अर्थ सामुदायिक, जनपदीय या क्षेत्रीय होता है। जिसकी सबसे बड़ी शर्त यह होती है कि उसका कर्ता कोई व्यक्ति नहीं होता, लोक मानस होता है। लोक साहित्य समष्टिगत रचना होती है, कोई एक व्यक्ति नहीं होता है। लोकमानस ने युगों की लंबी यात्रा में एक-एक पद जोड़कर उद्भावना बढ़ाते हुए उसकी रचना करता है।

डॉ. जयशंकर तिवारी ने बताया कि शास्त्र और लोक सरयू के दो किनारे हैं। शास्त्र लोकाचार से अनुमोदित होता है। लोक शास्त्र से प्रेरणा ग्रहण कर सकता है और नहीं भी ग्रहण कर सकता है। साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दानपति तिवारी ने कहा कि प्रायः पढ़ते चले आ रहे हैं- ह्ललोके वेदे चह्ल। इसमें ह्लवेदह्ल शब्द से पहले ह्ललोकह्ल शब्द का प्रयोग किया गया है। इसे स्वतः सिद्ध होता है कि वेद में जो कुछ भी आया है वह पूर्व में लोक में सिद्ध था। इसलिए लोक भी प्रमाण है और वेद भी प्रमाण है। बीएड विभाग की मीनाक्षी उपाध्याय ने अपना शोध पत्र पढ़ा। तत्पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र ने कहा कि राम हमारे जीवन का स्पंदन हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि इस संसार में जो भी शोध से प्राप्त हुआ वह सब मनुष्य के लिए ही है। धरती पर हमारे पास भौतिकता के नाम पर जो कुछ है वह शोध और प्रबंधन के कारण है। इसी को अंग्रेजी में रिर्सच एण्ड मनेजमेंट कहते हैं। यदि हम इसे संक्षिप्त रूप से कहें तो वह होगा राम। इस प्रकार सिद्ध होता है कि राम संपूर्ण विश्व में व्याप्त हैं। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर जनमेजय तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा मंच संचालन का कार्य अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. असीम त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर योगेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, मुख्य नियंता डॉ. बी के सिंह, छात्र कल्याण अधिकारी डॉ. संतोष कुमार व डॉ. रवि कुमार चैरसिया परुइया आश्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर परेश पाण्डेय, प्रोत्र अनुराग मिश्रा, प्रोफेसर शिवकुमार तिवारी, प्रो. नर्वदेश्वर पाण्डेय, डॉक्टर नीरज पाण्डेय, प्रो. अमूल्य सिंह, प्रो. आशीष प्रताप सिंह, बलिया विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग केसरोज, विपिन कुमार सिंह, डॉ. प्रशांत पाण्डेय , डॉ अविनाश तिवारी, डॉ रामलाल विश्वकर्मा, अवधेश अग्रहरि आदि उपस्थित थे।

## वार्ड वासियों ने भाजपाइयो के साथ सुनी मन की बात



**बाराबंकी।** मोहल्ला सत्यप्रेमी नगर के बूथ संख्या 286 व 287 पर सभासद प्रतिनिधि देवेन्द्र प्रताप सिंह ज्ञानू के आवास पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द मौर्य के नेतृत्व मे लोगो ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात को सुना। कार्यक्रम मे राम प्रकाश श्रीवास्तव, विष्णु प्रभाकर वर्मा, रचना श्रीवास्तव, सूरज सिंह, सरिता सिंह, चंद्र प्रकाश गुप्ता, उषा शर्मा, स्पंदन सिंह, संतोष मिश्रा, मनोज कुरील, कुशाग्र श्रीवास्तव, मदन शुक्ला, ऋषि, अनिल तिवारी, हरिशंकर रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## अपहृता सकुशल बरामद

**बाराबंकी।** थाना जैदपुर पुलिस ने मु0अ0सं0 111/2025 धारा 87 बीएनएस से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद किया गया।

## 20 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्यवाही

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 20 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## तमंचा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना असन्द्रा पुलिस ने अभियुक्त अंकित श्रीवास्तव पुत्र हरिओम निवासी ग्राम हरपालपुर थाना हैदरगढ़ को 1 अदद अवैध तमंचा मय 1 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

## डीएम और एसपी ने पीस कमेटी के साथ की बैठक



**बाराबंकी।** ईद-उल-फितर पर्व को लेकर जिलाधिकारी शांशक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने पीरबटावन मैदान मे पीस कमेटी सदस्यो के साथ बैठक की। बैठक मे जिलाधिकारी ने मुस्लिम धर्मगुरुओं, ईदगाह कमेटी सदस्यों को सामाजिक एवं धार्मिक एकता के साथ शान्ति पूर्वक मनाने एवं ईद की नमाज को ईदगाह एवं मस्जिदों में ही पढ़ने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक व साम्प्रदायिक सौहार्द प्रभावित करने वाली पोस्ट न करने की भी अपील कीं। इसके उपरान्त डी0एम व एस0पी ने मस्जिदों एवं ईदगाहों का भ्रमण कर सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक मे अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका संजय कुमार शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अमित प्रताप सिंह, सभासद मुजीबुद्दीन असांरी आदि मौजूद रहे।

# नगर निगम अयोध्या के उप सभापति चुने गये राजेश गौड़

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** अयोध्या नगर निगम बर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से भाजपा पार्षद राजेश गौड़ उपसभापति चुने गए। बैठक की अध्यक्षता महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने की। संचालन नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा ने किया।

बैठक में कार्य समिति के सदस्यों एवं उपसभापति के चुनाव के लिए अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार को निर्वाचन अधिकारी, लेखाधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह को सहायक निर्वाचन अधिकारी बनाया गया। सभी पदों पर एकल नामांकन होने के कारण सर्व सम्मति से चुनाव सम्पन्न हो गया। उपसभापति के पद पर भाजपा पार्षद राजेश गौड़ को निर्वाचित घोषित किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में भाजपा पार्षद विकास कुमार, चंदन सिंह, सपा के विशाल पाल, प्रिया शुक्ला, जगत नारायण यादव तथा निर्दलीय सूर्य कुमार तिवारी चुने गए। सर्व समिति से चुनाव होने पर महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्त, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने सभी को बधाई दी।

इस मौके पर सभी को भारतीय नव वर्ष, नवरात्र तथा ईद की बधाई दी गई पहली बार बैठक में आए सांसद अवधेश प्रसाद के प्रतिनिधि हामिद जाफर मीसम का स्वागत किया गया। बैठक में सपा पार्षद रामभवन यादव समेत अधिकतर पार्षद मौजूद रहे।

इस मौके पर विभागीय समितियां के गठन पर भी चर्चा की गई। इससे पूर्व भाजपा के प्रभारी विजय प्रताप सिंह एवं महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव का सदन में स्वागत किया गया।

# योगी सरकार का मिल्कीपुर को तोहफा, 29 किमी धार्मिक मार्ग के लिए 17 करोड़ जारी

मिल्कीपुर-अयोध्या। विधानसभा उपचुनाव संपन्न होने के बाद मिल्कीपुर वासियों को योगी सरकार ने एक बड़ा तोहफा दिया है। कुमारगंज बाजार के उसरहन भवानी मंदिर से

- **अमानीगंज से कामाख्या धाम तक सड़क का होगा चौड़ीकरण, आस्था और पर्यटन को बढ़ावा**

महर्षि बामदेव, संत भीखा दास आश्रम मोहली होते हुए कामाख्या धाम के मेधा ऋषि आश्रम तक 29 किमी सड़क के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वीकृति प्रदान की है।

निर्माण के लिए 17 करोड रुपए की प्रथम किस्त जारी कर दी गई है। अमानीगंज के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह द्वारा ब्लॉक प्रमुख श्रीदेवी के हवाले से पत्र देकर दिसंबर में मुख्यमंत्री से धार्मिक महत्व की सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग की थी।

प्रमुख की मांग पर धर्मार्थ मार्गो के चैड़ी करण/सुद्दढीकरण एवं विकास हेतु एक मुश्त व्यवस्था योजना अंतर्गत धर्मार्थ योजना अंतर्गत उक्त मार्ग की स्वीकृति प्राप्त प्रदान की गई है। चैड़ीकरण एवं सुद्दढीकरण कार्य की प्रयोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा आंकलित कर लागत 48.64 करोड़ की लागत से प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृत प्रदान करते हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत लागत के सापेक्ष धनराशि रुपया 17.02 करोड़ रुपए अवमुक्त किया है। उक्त सड़क का निर्माण नगर पंचायत



कुमारगंज स्थित मां उसरहन भवानी स्थान से शुरू होकर महर्षि बामदेव स्थल होते हुए रायपुर, रौतावां, संत भीखा दास की तप स्थली मोहली से बकचुना गांव होते हुए रुदौली विधानसभा क्षेत्र स्थित पौराणिक सिद्ध पीठ मां कामाख्या देवी के मेधा ऋषि आश्रम तक होगा। सुद्दढीकरण एवं चैड़ीकरण व उच्चीकरण की अत्यंत आवश्यकता होने की ब्लॉक प्रमुख सहित ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह ने मांग की थी। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री से मिलकर जनपद में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सिद्ध पीठ एवं हजारों की संख्या में प्रत्येक दिन पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों का आवागमन होने की बात कही थी।

## प्रभावित भूखण्ड के लिए 03 अप्रैल को प्रस्तुत करें दावा

**बहराइच ।** सक्षम प्राधिकारी/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बहराइच ने बताया कि उप मुख्य इंजी./निर्माण/सामान्य पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा जनपद बहराइच में खलीलाबाद-बहराइच नई रेलवे लाईन निर्माण का कार्य प्रस्तावित है। उक्त प्रस्तावित निर्माण के भू-अधिग्रहण प्रस्ताव मे रेल अधिनियम 1989 की धारा 20ड. का प्रकाशन भारत के राजपत्र मे 03 मार्च 2025 को एवं दैनिक जागरण समाचार पत्र में 20 मार्च 2025 को हुआ है। भारत के राजपत्र मे प्रकाशित अधिसूचना में ग्राम नगरौर, परगना व तहसील बहराइच, जनपद बहराइच की भूमि प्रभावित है। उन्होंने बताया कि योजना में प्रभावित भूखण्ड के हितबद्ध व्यक्ति कपूरथला परिसर स्थित सक्षम प्राधिकारी/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में 03 अप्रैल 2025 पूर्वान्ह 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना क्लेम ( दावा ) प्रस्तुत कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य 01 अप्रैल को करेंगी जनसुनवाई

**बहराइच ।** सदस्य, राष्ट्रीय महिला आयोग श्रीमती ममता कुमारी का जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. सदस्य श्रीमती कुमारी 01 अप्रैल 2025 को विकास भवन सभागार में जनसुनवाई करेंगी, जिला कारागार, सखी वन स्टाप सेन्टर, वृद्धाश्रम एवं चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगी तथा जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एसएचओ व आईओ के साथ बैठक कर रात्रि विश्राम लो.नि.वि. निरीक्षण भवन, बहराइच में करेंगी।

# मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में छात्रा अविका मिश्रा ने पाया प्रथम स्थान




बहराइच । बहराइच 30 मार्च। गीता इंटरनेशनल कॉलेज बलरामपुर रोड गोंडा में आयोजित मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में बाल शिक्षा निकेतन बहराइच की कक्षा 11 की छात्रा अविका मिश्रा ने सभी प्रतिभागी बच्चों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उल्लोनीय है कि गुरूवार को आयोजित मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में देवीपाटन मंडल के चारों जिलों गोंडा, बहराइच बलरामपुर और श्रावस्ती से जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता से चयनित 15-15 उत्कृष्ट मॉडलों के बीच आयोजित की गई थी।

मण्डीलीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए अविका मिश्रा ने रू. 10000=00 का पुरस्कार भी प्राप्त किया। स्टेम सेल टेक्नोलॉजी पर आधारित अविका का मॉडल आयोजन में आकर्षण का मुख्य बिंदु था। इसके अलावा मण्डलीय प्रतियोगिता में आश्रम पद्धति इंटरमीडिएट कॉलेज चिरैयाटांड़ हुजूरपुर बहराइच की छात्रा रुबीना ने नाप क्लीन मॉडल बनाते हुए सांत्वना पुरस्कार के रूप में रू. 2000 प्राप्त किया। यह जानकारी देते हुए जिला समन्वयक जिला विज्ञान क्लब डॉ. नंद कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रत्येक मंडल से चयनित प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्राप्त प्रतिभागी राज्य स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। डॉ. शुक्ला ने बताया कि मॉडल को बनाने में विज्ञान अध्यापक हनी टंडन व सूरज शुक्ला का विशेष योगदान रहा। उन्होंने यह भी बताया कि उपनिदेशक/जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार व विद्यालय प्रधानाचार्य श्रीमती अर्चना मराठे ने इस विशेष उपलब्धि के लिए अविका मिश्रा को बधाई देते हुए राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भी जीत की शुभकामनाएं दी हैं।

# पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर के पूर्व भाजपा विधायक गोरखनाथ बाबा ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। पूर्व विधायक ने इस दौरान विधानसभा क्षेत्र की जनहित एवं विकास संबंधी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने बताया कि भरदहन भवानी मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए मुख्यमंत्री जी ने तत्काल स्वीकृति करायें जाने का निर्देश दिया तथा सड़क संबंधी कार्यों के लिए जल्द ही स्वीकृत करायें जाने का आश्वासन दिया। विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र देकर मांग की है कि 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर पड़ने वाली ग्रामसभा आदिलपुर के रेवतीगंज बाजार में 100 से अधिक दुकानें, कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय, सावित्री शिक्षण संस्थान एवं आठ धार्मिक स्थल पूर्णतया जद में आ रहे हैं। जिससे स्थानीय बाजार वासियों को काफी नुकसान हो रहा है साथ ही पारंपरिक परिक्रमा पर स्थित आठवां विश्राम स्थल भी मुख्य मार्ग से छूट रहा है। जनहित को देखते हुए पारंपरिक परिक्रमा मार्ग पर ही 84 कोसी राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कराया जाए। विधायक ने अमानीगंज के भखौली गांव में स्थित अति प्राचीन मां भरदहन भवानी मंदिर के जीर्णोद्धार करायें जाने का भी पत्र सौंपा, मुख्यमंत्री ने जीर्णोद्धार कराए जाने की स्वीकृति दिए जाने के निर्देश दिए। साथ ही अमानीगंज खंडासा संपर्क मार्ग से ब्लॉक मुख्यालय अमानीगंज होते हुए वाया देवगांव सत्थिन घाट तक 17 किलोमीटर सड़क का चैड़ीकरण व उच्चीकरण का निर्माण कार्य तथा ड्योढ़ी संपर्क मार्ग से महात्मा गांधी चैराहा, ब्लॉक मुख्यालय बहादुरगंज होते हुए अमेठी जनपद की सीमा तक 25 किलोमीटर चैड़ीकरण व उच्चीकरण का निर्माण कार्य की स्वीकृत करायें जाने का निवेदन किया।

## बंदियो को गौमूत्र से जैविक खाद बनाने का दिया जा रहा प्रशिक्षण



**बाराबंकी।** जिला कारागार परिसर में बंदियो को अब बेहतर खेती और कृषि उत्पादों के लिए निमदस संस्था के सहयोग से केचुआ खाद के साथ गौमूत्र से जैविक खाद बनाने का गुण सिखाया जा रहा है। जिसका प्रशिक्षण लेकर वे कृषि कार्यों के साथ ही बेहतर उत्पादन में सहयोगी बन सकेंगे। उक्त बात जेलर जे0पी तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय जैविक कृषि मिशन से जोड़ते हुए जिला कारागार में केंचुआ खाद उत्पादन इकाई मे बंदियो को गौमूत्र से जैविद खाद बनाने का दिये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम मे कही।

जेलर श्री तिवारी ने बताया कि बंदियों को इस यूनिट के माध्यम से जैविक खाद उत्पादन और जैविक कृषि का प्रशिक्षण समय-समय पर दिया जाएगा। ताकि जेल से छूटने के बाद वह जैविक खाद एवं जैविक कृषि को स्वरोजगार के रूप में अपनाकर सम्मानजनक जीवन यापन कर सकें। संस्था प्रबंध-निदेशक एसके वर्मा ने कहा कि गौमूत्र को जैविक खाद के रूप में इस्तेमाल कर एक नई तकनीक अपनायी है। इससे फसल को भरपूर नाइट्रोजन मिलेगी। जिससे सब्जियों की अच्छी पैदावार होगी।

# आयुर्वेद कुंभ रचेगा इतिहास, हरिद्वार बनेगी साक्षी

**अयोध्या।** आयुर्वेद जगत के तीन सबसे बड़े विश्व कीर्तिमान एवं 2 महामहोत्सव आयुर्वेद कुंभ की अपार सफलता के पश्चात आयुर्वेद कुंभ का तृतीय संस्करण 22, 23 24 दिसंबर को प्रेम नगर आश्रम हरिद्वार में होने जा रहा है। आयुर्वेद संहिता धाम, आयुर्वेद यज्ञशाला, गौशाला और औषधीय उद्यान होगा। आयुर्वेद कुंभ वैद्यकीय जगत का सबसे बड़ा महोत्सव है। आयुर्वेद कुंभ वैद्यकीय जगत में एक नई क्रांति के रूप में कार्य किया है। आयुर्वेद कुंभ की सफलता एवं विश्व के लिए शुभ हो ऐसी कामना। इस

- **2 हजार आयुर्वेद वैद्य सुश्रुत संहिता का करेंगे पाठ, बनेगा फिर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड**
- **मां गंगा के पावन तट पर होगा आयुर्वेद महाकुंभ, महंत संजयदास ने जारी किया फोल्डर**



कुंभ तृतीय को देवभिषजौ श्रीअश्विनौ भगवान को समर्पित किया है। जिसका विषय ह्लरसचिकित्साह्ल और कैंसर है। वैद्यों का सबसे बड़ा महोत्सव वैद्यों का महाकुंभ आयुर्वेद कुंभ में पूरे विश्व से 5000 से अधिक वैद्य आने वाले हैं जिसमें भगवान अश्विनौ का दिव्य यज्ञ अनुष्ठान, रसचिकित्सा एवं कैंसर विषय पर चिकित्सकीय संभाषा, आयुर्वेद संहिता धाम की शोभा यात्रा, आयुर्वेद एक्सपो, वैद्यगांव चिकित्सा शिविर आदि विभिन्न आयोजन सम्पन्न होंगे। जीवन अमृत आयुर्वेद द्वारा विश्व का प्रथम आयुर्वेद संहिता धाम बनाया जा रहा है वैद्यगांव गोंडा में जिसमें आयुर्वेद देवों की प्रतिमा, कार्यक्रम में 50 ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ खास तौर से अपनी विधा से लोगों में दुर्लभ रोगों की चिकित्सा का मार्गदर्शन करेंगे। संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास आज कार्यक्रम का फोल्डर जारी करते हुए पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि प्राचीन काल से ही अयोध्या का वैशिष्ट्य रहा है। अयोध्या में राम हैं तो राम का ज्ञान कराने वाला गुरू ग्रंथ रामचरित मानस भी है। यह परंपरा है। हमारे गुरू और ग्रंथ की। इसी गुरू-शिष्य परंपरा को अक्षुण्ण बनाया है। आयुर्वेद शास्त्र ने क्योंकि प्राचीन काल से ही गुरू शिष्य परंपरा के माध्यम से ही आयुर्वेद चिकित्सा शास्त्र का ज्ञान अर्जन होता रहा है। इसी आयुर्वेद घ्चिकित्सा शास्त्र को पूर्वोत्तर भारत का प्रमुख राज्य उत्तरप्रदेश के समस्त जनमानस तक पहुंचाने का बीड़ा प्रदेश के युवा वैद्यों ने उठाया है। जिसका पहला पड़ाव श्रीराम की नगरी अयोध्या रहा, दूसरा पड़वा हरिद्वार रहा और तीसरा भी मां गंगा का पावन तट हरिद्वार ही है।

तीन दिवसीय आयुर्वेद कुंभ के दौरान पूरे देश के विख्यात वेद्यों का समागम होने जा रहा है। आचार्य सुश्रुत जिनके द्वारा रचित सुश्रुत संहिता का नियत समय में एक साथ दो हजार आयुर्वेद वैद्य सुश्रुत संहिता का पाठ करके एक बार फिर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड का कीर्तिमान स्थापित करने जा रहे हैं। 22 दिसंबर से 24 दिसंबर तक होने वाले आयुर्वेद महाकुंभ में वृहद निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। जिसमें देश के लगभग 50 आयुर्वेद विशेषज्ञ जो कि चिकित्सा के अलग-अलग विधा में पारंगत हैं वो अपनी सेवाएं दिन के प्रथम प्रहर तक देंगें। उसके पश्चात महर्षि सुश्रुत की भव्य रथयात्रा एवं भगवान धन्वंतरि की का मां गंगा तट पर पूजन व महाआरती का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में देश के 30 युवा वैद्यों को यूथ वैद्य अवार्ड से सम्मानित भी किया जाएगा। इस दौरान संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अध्यक्ष वरिष्ठ पुजारी हेमंतदास, वैद्य अभय नारायण मिश्र, महंत संजयदास के निजी सचिव शिवम श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष चुनाव में 31 लोगों ने लिया नामांकन पत्र

**अयोध्या।** भाजपा संगठन में जिलाध्यक्ष के लिए होने वाले चुनाव को लेकर रविवार को नामांकन पत्र जिला सहायक चुनाव अधिकारी शोभनाथ वर्मा व अशोक मिश्रा ने सहादतगंज स्थित भाजपा कार्यालय में वितरित किया। सोमवार को इन नामांकन पत्रों को भाजपा कार्यालय में 12 बजे से 2 बजे तक जमा किया जाएगा। नामांकन पत्र लेने वालों में जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू, जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय, इंद्रभान सिंह, अशोक कसौधन, राधेश्याम त्यागी, सर्वजीत सिंह, ब्लॉक प्रमुख मवई राजीव कुमार तिवारी, राम मोहन भारती, इं. रणवीर सिंह, राम सजीवन मिश्र, बब्लू पासी, चन्द्रकेश रावत, मनोज वर्मा, शिव गोविन्द पाण्डेय, अभय सिंह, शिवानंद सिंह शिवम्, सहित 31 लोगों ने नामांकन पत्र प्राप्त किया। जिला सहायक चुनाव अधिकारी शोभनाथ नाथ वर्मा ने बताया कि सोमवार को जिला चुनाव अधिकारी वाई पी सिंह की उपस्थिति में नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच के उपरांत जिला चुनाव अधिकारी उसको लेकर लखनऊ मुख्यालय जाएंगे। लखनऊ मुख्यालय से जिलाध्यक्ष को लेकर निर्णय लिया जाएगा।

## भगवान शंकर और माता पार्वती विवाह की कथा सुन भाव विभोर हुए भक्त

**रुदौली-अयोध्या।** शनिवार की रात्रि में रुदौली विधान सभा क्षेत्र के वनगांवा में चल रही सात दिवसीय शिव पुराण कथा के चैथे दिन कथा वाचक पंडित सुधाकर व्यास जी महराज के मुखारबिंद से भगवान भूत भावन शंकर जी और माता पार्वती जी के विवाह की मार्मिक कथा सुनाई।

इस दौरान देवताओं ने भगवान शंकर जी समाधि भंग करने के लिए काम देव को लाकर किया और क्रोधित होकर अपने त्रिनेत्र से उनको भस्म कर दिया। इसी के साथ भस्मासुर अपनी तपोबल से भोले नाथ को खुश करके आशीर्वाद प्राप्त किया की मैं जिसके ऊपर अपना हाथ रख दूं वह भस्म हो जाए जिसके लिए तथास्तु कह दिया लेकिन यह प्रयोग उसने भोले नाथ पर करना चाहा और वह भाग गए वहीं एक अप्सरा ने अपने खूबसूरती की जाल में फंसा कर उन्हीं के ऊपर सर पर हाथ रखवा दिया और भस्म हो गए।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र पुलिस चैकी देवगांव अंतर्गत लिलहा रसूलपुर गांव में, संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का फंदे से लटकता मिला शव, रविवार की दोपहर जसीम पुत्र वसीम उम्र 25 वर्ष का शव घर के कमरे में लटका मिला, परिजनों के अनुसार युवक के दादा नसीम देवगांव गए थे जब वह घर लौटे तो देखा कि उनका नाती फंदे से लटका हुआ है, देखते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई, आनन फानन में परिजनों ने युवक को फंदे से उतार कर इलाज के लिए सौ सैय्या चिकित्सालय पहुंचाया जहां पर डाक्टर प्रवीण बरनवाल ने युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, सूचना पर पहुंची कुमारगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

संक्षेप

## दुर्घटना में युवक घायल , रेफर

**प्रतापगढ़।** तीव्रगति से आ रही ट्रक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से चोटहिल हो गया। प्रारंभिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सांगीपुर थाना के तारापुर बरेंद निवासी मोहित दुवे 28 पुत्रं रूद्रनारायण शनिवार की शाम लालगंज बाजार आया था। देरशाम नेशनल हाई वे लालगंज - प्रतापगढ़ पर वह स्टेट बैंक के समीप एक चाय की दुकान पर खड़ा था। अचानक प्रतापगढ़ की तरफ से तेज गति से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दिया। युवक के पैर व कमर में गंभीर चोट आ गई। उसे स्थानीय ट्रामा सेंण्टर पहुंचाया गया। प्रारंभिक उपचार के बाद अधिक रक्तस्राव देख डॉक्टरों ने चोटहिल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर कोतवाली ले आयी।

## नवरात्र पर देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

**प्रतापगढ़।** नवरात्रि पर स्थापना मूहूर्त में घर घर देवी मां के आराघना के स्वर गुंजायमान हु आ दिखा।वहीं देवी मंदिरों में दर्शन पूजन को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। स्थापना मूहूर्त में मां शैलपुत्री के स्वरुप में भक्तों ने देवी मां को नारियल, चुनरी, अक्षत, पुष्प अर्पित कर मंगलकामना की। वहीं घरों व मंदिर परिसरों में कन्या पूजन भी शुरू हु आ दिखा। धारूपुर में नन्हीं बालिका रिषिका का देवी स्वरुप धारण करना लोगों को आकर्षित किये दिखा। सनातन संस्कृति का बाल स्वरुप में जागरुकता संदेश सराहा भी गया।मंदिरों में सामूहिक देवी पाठ भी हुये। घरों में भी कलश स्थापना के साथ देवी भक्तों ने सप्तशती पाठ कर कल्याण की कामना की। बाबा घुईसरनाथ धाम में श्रद्धालुओं को सुबह से देर शाम तक देवी प्रतिमाओं के सामने शीष झुकाते देखा गया। वहीं सिद्धपीठ इनहन भवानी धाम, लालगंज के हरिहर मंदिर, गुम्मौर देवी धाम, राहाटीकर दुर्गा मंदिर, संगीपुर वार्ड में चौहर्जन देवी धाम, कल्यानपुर में मां काली मंदिर, भेभौरा में मां संकठादेवी मंदिर में वातावरण देवीमय दिखा। नवरात्र व ईद के मद्देनजरबाजारों व धार्मिक स्थलों पर पुलिस को भी सतर्क दृष्टि जमाये देखा गया।

## इफ्तार-ए-आम आयोजित

**दूबेपुर, सुलतानपुर।** रमजान के पाक महीने में हर साल की तरह इस बार भी बाबा हजरत दामन शहीद रहमतुल्लाह अलैह के मजार-ए-अकदस के पास इफ्तार-ए-आम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने एक साथ इफ्तार किया, जिससे समाज में आपसी भाईचारे और सौहार्द का माहौल बना। आयोजक समिति के बाबू प्रधान और अराकीन-ए-कमेटी ने क्षेत्रवासियों से अपील की थी कि वे इस आयोजन में भाग लें और रमजान की बरकतों का लाभ उठाएं। कार्यक्रम का आयोजन समिति के बाबू प्रधान और अराकीन-ए-कमेटी के द्वारा किया। बाबू प्रधान ने कहा कि इफ्तार-ए-आम न केवल धार्मिक एकता का प्रतीक है, बल्कि यह कार्यक्रम आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को भी बढ़ावा देता है। आयोजकों ने इस बार भी सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की थी, ताकि सभी रोजेदारों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। आयोजकों ने इफ्तार के दौरान सामूहिक रूप से इबादत करने का अवसर प्रदान करने के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द की मिसाल पेश करने का संकल्प लिया है। इस इफ्तार-ए-आम कार्यक्रम की सफलता से यह उम्मीद जताई जा रही है कि यह आयोजन लोगों के बीच मोहब्बत और भाईचारे का संदेश फैलाएगा।

# बच्चे विद्यालय की बगिया के हैं फूल : डायट प्राचार्य

## शैक्षणिक सत्र के आखिरी दिवस पर उत्सव आयोजित



**रायबरेली।** शैक्षणिक सत्र वर्ष 2024-25 के आखिरी दिवस पर परिषदीय विद्यालयों में अलग का उत्सव देखने को मिला। परिषदीय विद्यालयों में जहां बच्चे कक्षाओं के पदोन्नति किए गए तो वहीं पांचवीं और आठवीं के बच्चों की विदाई की गई। शनिवार को परिषदीय विद्यालयों में वार्षिकोत्सव और शारदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अभिभावकों के साथ में बैठक करते हुए अधिकारियों ने बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया।

प्राथमिक विद्यालय कोडरस बुजुर्ग में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता डायट प्राचार्य जेपी सिंह ने की। उन्होंने कहा कि विद्यालय वह स्थान हैं जहाँ पर हर बच्चे के उत्थान की बात की जाती है। गुरुजन वह माली होता है जो अपने बच्चे को फूल की तरह तैयार करता है। मेहनत से पढ़ाई करने वाले बच्चे आगे बढ़ जाते हैं और न पढ़ने वाले बच्चे बाद में पछताते हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की बात कहीं। बच्चों ने पर्यावरण की रक्षा के साथ अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर बीईओ ऋचा सिंह, आरएसएम जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष ब्रजेंद्र सिंह, प्रधानाध्यापक प्रतिमा सिंह, रश्मि साहू, रचना सिंह, पूनम रानी, प्रतिमा पांडेय, रामेश्वर, गोवर्धन, कमल, शिल्पी वर्मा, रणविजय सिंह गंगापारी आदि लोग मौजूद रहे। इसके अलावा उच्च प्राथमिक विद्यालय हरियावां में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य जेपी सिंह रहे। इस मौके पर आरएसएम के ब्लॉक अध्यक्ष बृजेंद्र कुमार व रणविजय सिंह चौहान, डीपीए के महामंत्री अशोक कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शशि प्रकाश श्रीवास्तव, मंत्री अमर सिंह रहे। अमावां ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय जरैला में आयोजित वार्षिकोत्सव की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष ननकऊ और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शीतल यादव रहे। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सबका मनमोह लिया। प्राथमिक विद्यालय कोडरा अहिरन में धूमधाम से वार्षिकोत्सव और कक्षा 5 का विदाई समारोह आयोजित किया गया। प्रा. विद्यालय सारीपुर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान सहदेव ने की। बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## प्राथमिक विद्यालय डीह प्रथम में हर्षोल्लास से मना वार्षिकोत्सव



**रायबरेली।** प्राथमिक विद्यालय डीह प्रथम में वार्षिकोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कक्षा 5 के बच्चों की भावभीनी विदाई भी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने अपने विद्यालय में बिताए सुनहरे पलों को साझा किया और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

प्राथमिक विद्यालय डीह प्रथम में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कमिष्नर कृष्णचन्द ने की। उन्होंने कहा कि विद्यालय वह स्थान हैं जहाँ पर हर बच्चे के उत्थान की बात की जाती है। मेहनत से पढ़ाई करने वाले बच्चे आगे बढ़ जाते हैं और न पढ़ने वाले बच्चे बाद में पछताते हैं। बीईओ तरूण कुमार ने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की बात कहीं। बच्चों ने पर्यावरण की रक्षा के साथ अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपने कौशल का विषेष प्रदर्शन किया, जिससे अतिथिगण अभिभावक और शिक्षक भावुक हो उठे। कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताये अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों से मिली सीख और मार्गदर्शन के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। विद्यालय परिवार ने बच्चों को आगे की शिक्षा के लिए प्रेरित किया और उन्हें सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय द्वारा सभी विद्यार्थियों एवं आगंतुकों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया गया, जिसमें पूड़ी, सब्जी और खीर का स्वाद सभी ने बड़े आनंद के साथ लिया। प्रधानाध्यापक सुषील सिंह ने इस सफल आयोजन के लिए शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि विद्यालय हमेशा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर रहेगा। इस अवसर पर समाजसेवी विनोद अग्रहरि, सभी एआरपी गण, सभी संगठनों के ब्लाक अध्यक्ष, अनुस्मा सिंह, प्रतिभा सिंह, अनुराधा षर्मा, कुनाल यादव, स्मिता श्रीवास्तव, ममता यादव आदि उपस्थित रहे।

# ईद का त्योहार मुल्क की तरक्की का पैगाम : प्रमोद तिवारी

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ईद पर रामपुर खास के दौर पर आयेंगे। वह सुबह सात बजे अझारा तथा सवां सात बजे खानापट्टी एवं इसके बाद खालसा तथा सांगीपुर क्षेत्र के शुकुलपुर, कुम्भीआईमा, धारूपुर, रामपुर आदि स्थानों पर ईद मिलन कार्यक्रमों में शामिल होगे।वही ईद पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने ईद के मौके पर लोगों को मुबारक बाद दी है। विधायक मोना तथा राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने संयुक्त बयान में कहा है कि ईद का मुबारक त्यौहार कौमी एकता के संदेश को मजबूती प्रदान किया करता है। नेताद्वय ने कहा कि मुल्क में लोगों में आपसी भाईचारा तथा प्रेम एवं सौहार्द का वातावरण सदैव मजबूत रखने के लिए ईद पर हमे आगे बढ़ने की सीख लेनी चाहिए। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक मोना ने कहा कि देश व समाज में खुशियों की खुशबू की मंहक के लिए हमें बाटने वाली ताकतों से सर्तक रहकर मुल्क के अमनों शांति व तरक्की के लिए एकजुट होना चाहिए। वही राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने रविवार की देर शाम लालगंज में लोगों से मिलकर नवरात्रि के पर्व पर भी मंगल कामनायें प्रकट की। उन्होने कहा कि हमारे सभी धर्म पूजा तथा इबादत का लोगों को समान अवसर प्रदान करते हुए एक दूसरे के धर्म व मजहब का आदर करने की प्रेरणा दिया करते है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हवाले से जारी विज्ञप्ति में दी गई है।



## जानलेवा हमले का आरोप, दी गयी तहरीर

**प्रतापगढ़।** रंजिशन पीड़ित पर जानलेवा हमले को लेकर रविवार को पुलिस को शिकायती पत्र दिया गया है। लालगंज कोतवाली के महाराजपुर, जगन्नाथपुर निवासी विनोद कुमार गुप्ता पुत्र रामदीन ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि बीती उन्नतीस मार्च को शाम छह बजे वह अपने घर पर मौजूद था। इसबीच रंजिशन गांव के तीन आरोपितों के साथ दो अज्ञात उसके दरवाजे पर आये। आरोपितों ने पीड़ित को गाली दिया। मना करने पर आरोप है कि पीड़ित को आरोपियों ने लाठी डंडे व धरदार हथियार से चुटहिल कर दिया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपित उसके साथ मारपीट करते हुए जबरिया अपने दरवाजे पर ले गये और वह धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया।पीडित की चीख-पुकार पर गांव के लोग दौड़े तो आरोपी जांनलेवा धमकी देते उसे छोड़कर भाग निकले। पीड़ित को बेहोशी हालत में सरकारी एम्बुलेंस से लालगंज ट्रामा सेंटर इलाज के लिए लाया गया। पुलिस घटना के बारे में अनभिज्ञता जता रही है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर जांच कर कार्यवाई की जायेगी।

## कूरेभार ग्राम पंचायत का अब होगा चहुंमुखी विकास

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** कस्बा कूरेभार की महिला ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत में विकास की नई इबादत लिख रही है। ग्राम सभा के विकास गति को तेज करने को लेकर अब कूरेभार पंचायत मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के लिए चयनित हो गई है। जिससे ग्रामवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। गांव के लोगो को आशा है कि पुरस्कार स्वरूप मिलने वाली धनराशि से ग्राम पंचायत का और विकास होगा। ग्राम पंचायत के लोगों ने इसके लिए ग्राम प्रधान गीता कसौंधन पत्नी सुरेश कसौधन को बधाई दी है। बताते चले कि कूरेभार के विकास के लिए ग्राम प्रधान द्वारा लगातार जनहित में कार्य किये जा रहे थे। गांव में सभी गलियों को इंटरलाकिंग मार्ग से जोड़ दिया गया है। ग्राम सभा मे सभी सुविधाओं से युक्त पंचायत भवन की स्थापना के साथ यहां से भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं से लोगों को जोड़ा जा रहा है।यही नही सभी लाभार्थियों को राशन वितरण के लिए मॉडल अन्नपूर्णभवन का निर्माण कराया गया है। कूड़ा-कचरा के निस्तारण हेतु आरआर सी सेंटर गांव में जल निकासी के लिए पक्की नाली निर्माण कराकर गांव को ओडीएफ सहित अन्य तमाम विकास कार्यों को पूरा कराकर ग्राम प्रधान ने ग्राम पंचायत को मॉडल पंचायत बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया है। जिससे गांव का चहुमुखी विकास हो रहा है। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कसौंधन ने बताया कि सीएम पंचायत प्रोत्साहन पुरुस्कार योजना में गांव के चयनित होने से गांव में जनहित के कार्यों में और गति आएगी।

## प्रधान के डीएम से सम्मानित होने पर ग्रामीणों में खुशी



**भेटुआ (अमेठी)।** गांव के क्षय रोग से मुक्त होने के साथ विविध क्रिया कलापों में श्रेष्ठ होने पर ग्राम प्रधान के जिलाधिकारी के हाथों सम्मानित होने पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है। गांव में सड़को के साथ अन्य आवश्यक आवश्यकताओं की पूर्ति होने से ग्रामीणों में खुशहाली झलक रही है। क्षेत्र के पधौली गैरिकपुर गांव की प्रधान बिंदु देवी पत्नी एडवोकेट जगन्नाथ तिवारी को गांव के क्षय रोग मुक्त होने पर जिलाधिकारी अमेठी निशा अनंत ने सम्मानित कर उत्साह वर्धन किया है। ग्राम प्रधान के सम्मानित होने की सूचना से ग्रामीणों में खुशी छा गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि समाजसेवी जगन्नाथ तिवारी ने बताया कि गांव की मुख्य सड़को सहित गलियों, हैंड पंपों सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर साफ सफाई का ध्यान रखा जाता है, साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जाता है। बताया कि कुछ दिनों पहले गांव का ही एक युवक जगत भीम ( 40 वर्ष ) क्षय रोग से पीड़ित हो गया था। जिसका समुचित इलाज सरकारी अस्पताल में चला और जिसके साथ विशेष ध्यान भी दिया गया जिसके चलते आज वह रोगमुक्त हो गया है। गांव के लोगों में खासा उत्साह व्याप्त है। गांव निवासी अनिल तिवारी, विनय कुमार, दया नंद तिवारी, स्वामीनाथ, शिव बहादुर यादव, जगत बहादुर सिंह के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने खुशी जाहिर की है।

# स्वच्छता पखवाड़ा के तहत की साफ-सफाई



**रायबरेली।** डीएम हर्षिता माथुर द्वारा अपनी रायबरेली रमणीय-रायबरेली स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु विकास खंड अन्तर्गत तैनात सफाई कर्मचारियों की टीम लगाकर साफ-सफाई का कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये है। जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु क्रास वेरीफिकेशन हेतु अन्य विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी (पं०) को नामित किया गया है। जिसके क्रम में अब तक 270 ग्राम पंचायतों की 410 राजस्व ग्रामों में साफ-सफाई सम्बन्धित 5217 स्थलों की साफ-सफाई का कार्य करा लिया गया है। नवरात्र एवं ईद के उपलक्ष्य में धार्मिक स्थलों की सफाई का कार्य करा लिया गया है। सहायक विकास अधिकारी (पं०) डलमऊ द्वारा विकास खण्ड-सतावं की ग्राम पंचायत-देदौर का निरीक्षण किया गया जहां लगाई गयी टीम उपस्थित मिली, जिनके द्वारा सफाई का कार्य किया जा रहा था। ग्राम पंचायत मे स्वच्छता अलख जगाने के लिए विभिन्न विकास खण्डों के सहायक विकास अधिकारी (पं०) एवं खण्ड प्रेरकों द्वारा सफाई कर स्वच्छता संदेश दिया एवं आम जन मानस को भी स्वच्छता अभियान में अपना योगदान देने हेतु जागरूक किया। सभी सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि नाली से निकाली गयी सिल्ट को ठेला गाडी के माध्यम से एकत्रित कर उसका सुरक्षित निपटान कराया जाए। जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा न रहे।

**जिला प्रशासन ने एम्स रायबरेली के मुख्य द्वार के बाहर की पर करायी सड़क की सफाई**

**रायबरेली।** एम्स रायबरेली के मुख्य द्वार के बाहर का क्षेत्र पिछले कुछ सालों से अतिक्रमण के अधीन था। जिला प्रशासन के सहयोग से फरवरी माह में इससे मुक्ति पाई गई थी। अब जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर उक्त स्थान की साफ सफाई पूरी कर ली गई है। पंचायत अधिकारी सौम्यशील सिंह के नेतृत्व में 50 सफाई कर्मचारियों के सहयोग से यह कार्य दिनांक 30 मार्च को संपन्न कर लिया गया है। एम्स के जन संपर्क अधिकारी डॉ नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त स्थान का सौंदर्यीकरण के लिए कार्य किया जाएगा ताकि वहां पुनः गंदगी फैलाई न जा सके। अस्पताल परिसर एवं इसके आसपास स्वच्छता का होना मरीजों के लिए एक अनिवार्य एवं पूरक आवश्यकता है। एम्स जिला प्रशासन से भविष्य में भी सहयोग का आकांक्षी है और इस सहयोग के लिए आभारी है।

# क्षय रोग मुक्त ग्राम प्रधानों को किया सम्मानित



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर ।** जयसिंहपुर विकास खंड की आठ ग्राम पंचायतों को क्षय रोग मुक्त घोषित किया गया। इस उपलब्धि के लिए इन ग्राम पंचायतों के प्रधानों व प्रतिनिधियों को केएनआईसी सुलतानपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र और महात्मा गांधी की प्रतिमा भेंट की गई।

**100 दिन का क्षय रोगी खोज अभियान सफल**

**सुलतानपुर।** क्षय रोग से मुक्ति के लिए सरकार द्वारा 100 दिवसीय घर-घर क्षय रोगी खोजो अभियान चलाया गया। इस अभियान में आशा बहुओं, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकताओं और ग्राम प्रधानों ने सक्रिय भूमिका निभाई। अभियान के दौरान पता चला कि जयसिंहपुर विकास खंड की 89 ग्राम पंचायतों में से आठ ग्राम पंचायतों में एक भी क्षय रोगी नहीं है।

**इन ग्राम पंचायतों को किया गया है सम्मानित**

**जयसिंहपुर।** क्षय रोग मुक्त घोषित की गई ग्राम पंचायतें इस प्रकार हैं बरूई, अमदेवा, मसीरपुर, सरतेजपुर, बहाऊदीनपुर, गुड़वड़, बगियागांव, देवपरापार।

**स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान करने वालों को सम्मान**

**जयसिंहपुर।** उधर, उघड़पुर चैराहे पर संचालित सियाराम हॉस्पिटल द्वारा 60 वर्ष से अधिक उम्र के 167 लोगों का मुफ्त चेस्ट एक्स-रे किया गया। इस योगदान के लिए हॉस्पिटल को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर जिला क्षय रोग अधिकारी आर.के. कनौजिया, जिला विकास अधिकारी, एसीएमओ जे.सी. सरोज, पीपीएम भईम अहमद, एसटीएस अरविंद पांडेय सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही सम्मानित प्रधानों में कुलदीप यादव, रमन सिंह, अरुण दुबे, भगेलू राम निषाद आदि शामिल रहे। यह उपलब्धि सरकार और स्थानीय प्रशासन के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है, जिससे टीबी उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

## मातृभूमि सेवा मिशन ने मनाया हिंदू नववर्ष

**रायबरेली।** मातृभूमि सेवा मिशन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की रायबरेली इकाई के तत्वावधान में स्थानीय राणा बेनीमाधव पार्क में चल रहे योग कार्यक्रम में आज हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ पर एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसके मुख्य अतिथि आईटीआई लिमिटेड के उपमहाप्रबंधक राजा पांडेय रहे।

कार्यक्रम के आरंभ में मां सरस्वती की धवि के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया एवं छवि पर पुष्पहार अर्पित किया गया। नियमित योग कक्षा योग गुरु पी एन पाठक एवं योगाचार्य बृजमोहन के नेतृत्व में सुबह 5 बजे से ही शुरू हो गई थीं। योग कक्षा के उत्तरार्ध में इस अवसर पर कार्यक्रम में एकत्र जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने मानव जीवन में योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए, सत्संग की महिमा का भी वर्णन किया। वाणी की देवी सरस्वती की महिमा का वर्णन करते हुए मुख्य अतिथि ने शब्दों के सार्थक उपयोग पर जोर दिया और अक्षर ब्रह्म का बृहद निरूपण किया। उन्होंने बताया कि ब्रह्म के साकार एवं निराकार दोनों स्वरुप एक ही नाम से संबोधित हो जाते हैं अतः शब्द ही ब्रह्म है और वाणी द्वारा भगवन्नाम के उच्चारण से ही कलियुग में प्राणियों का उद्धार संभव है। संयोजक प्रदीप पाण्डेय ने सनातन धर्म एवं हिंदू राष्ट्र के उत्थान के लिए संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयासों एवं प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि को कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप पाण्डेय द्वारा भगवान रामलला की छवि एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बीओबी के प्रबंधक सौरभ गुप्ता, महिला योग शिक्षिका सोनम गुप्ता, राधिका गुप्ता, अजयपाल सिंह एडवोकेट, आईटीआई लिमिटेड से सेवानिवृत्त अजय मिश्रा, पवन यादव, ज्योति, अमित सिंह, बीपी सिंह सहित कई बालक बालिकाएं भी उपस्थित रहे।

## आरएसएस की पथ संचलन यात्रा संपन्न

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के दूबेपुर ब्लॉक स्थित मुरलीनगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पथ संचलन का आयोजन किया गया। यह संचलन कमला विद्या मंदिर, खैचला के प्रांगण से प्रारंभ होकर मुरलीनगर और पैगापुर बाजार से होते हुए पुनः कमला विद्या मंदिर में संपन्न हुई। पथ संचलन में संघ के कार्यकताओं ने अनुशासन और उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सह जिला कार्यवाह शक्ति पाठक, सह खंड संघचालक श्रीनाथ भार्गव, सह खंड कार्यवाह नंदलाल, अजय विक्रम, विजय पांडेय, शिवेंद्र, संतोष सिंह, मनोज श्रीवास्तव, और बृजसेन यादव, मनोज राय, सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग पर राष्ट्रभक्ति और अनुशासन का माहौल देखने को मिला। स्वयंसेवकों ने भगवा ध्वज के साथ कदमताल करते हुए राष्ट्रप्रेम के संचलन गीत से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। कुड़वार थाना प्रभारी चंद्रभान वर्मा एवं कोतवाली नगर से अमित कुमार मिश्र ने पुलिस बल के साथ यात्रा का नेतृत्व किया, जिससे संपूर्ण मार्ग पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनी रही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित इस पथ संचलन का उद्देश्य समाज में राष्ट्रवाद और अनुशासन की भावना को जागृत करना था। बौद्धिक सह जिला कार्यवाह शक्ति पाठक का रहा। इस आयोजन से क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा और लोगों ने यात्रा का स्वागत किया।



**आरएसएस के भव्य पथ संचलन का जगह-जगह हुआ स्वागत**

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** हिंदू नववर्ष के शुभ अवसर पर आरएसएस ने रविवार शाम को भव्य पथ संचलन निकाला। यह संचलन कस्बे की विभिन्न प्रमुख सड़कों से होते हुए सीएचसी मोतिगरपुर से गुजरा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया, वहीं सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय और ब्लॉक प्रमुख मोतिगरपुर चंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई।

## हरचंदपुर में अवैध लकड़ी कटान के मामले में तीन ठेकेदारों पर केस दर्ज

**रायबरेली ।** हरचंदपुर में अवैध लकड़ी कटान के मामले में तीन ठेकेदारों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। वन दरोगा संजय सिंह की तहरीर पर सरकारी काम में बाधा डालने वाले तीन ठेकेदारों पर कार्यवाही हुई है। एसडीएम की कोर्ट ने 14 दिनों के लिए जेल भेज दिया है। सौरभ सिंह पुलिस की गिरफ्त से दूर है, पुलिस की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार थाना हरचंदपुर क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम अतरी में वन विभाग द्वारा किए गये वृक्षारोपण के वृक्षों को काटकर ले जाया जा रहा था। जिसके संबंध में थाना हरचंदपुर पर वन दरोगा संजय सिंह की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत किया गया। आरोप है की लगातार रात के अंधेरे में अवैध पेड़ों पर इनके द्वारा आरा चलाया जा रहा था। शिकायत पर जांच करने गई वन विभाग के कर्मचारियों से गाली गलौज कर जान से मरने की दी थी धमकी और वीडियो बनाकर पैसे की लेनदेन का झूठा आरोप लगाकर बदनाम करने की नीयत से सोशल मीडिया में वीडियो वायरल किया था। हरचंदपुर पुलिस टीम द्वारा शिवपूजन पुत्र अवधेश निवासी लाखन सिंह का पुरवा व मंगेश सिंह पुत्र सुरेश सिंह निवासी ग्राम पैडेपुर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उ0नि0 तुषार आ हितेश कुमार शामिल थे।



# दुःख में रामनाम का ही मिलता है सहारा



**लालगंज, प्रतापगढ़।** गौखाड़ी के प्रभु प्रेम आश्रम श्री बूढेश्वर महादेव धाम में हो रही नौ दिवसीयसंगीतमयी श्रीराम कथा भक्तिज्ञान यज्ञ में रविवार को श्रीराम नाम संकीर्तन के साथ कथा का शुभारम्भ हुआ। कथा व्यास स्वामी सम्पूर्णानन्द महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम जगत के कल्याण के शाश्वत अवतार हैं। उन्होने कहा कि जीवन में जब भी दुख की घड़ी आये व्यक्ति को निर्मल भाव से श्रीराम नाम का जाप करना चाहिए। उन्होने कहा कि भगवान श्रीराम भक्ति द्वारा शुद्व मन से उपासना को सहज स्वीकार किया करते है। श्रीराम की शरण में जब भी कोई अपने आप को समर्पित किया करता है, भगवान उसके प्रति क्षमाशील होते हुए अनुकंपा किया करते है। कथा व्यास ने कहा कि प्रभु श्रीराम ने अनीति तथा असत्य केमार्ग पर चलने वाले आतताईयों का वध कर धर्म मार्ग का पथ प्रदर्शन किया करते है। उन्होने कहा कि भगवान की दृष्टि से मनुष्य का कोई भी कर्म कभी भी ओझल नही हुआ करता। उन्होने कहा कि ऐसे में मनुष्य को चाहिए कि वह सदैव सदमार्ग पर चलते हुए श्रीराम नाम की कृपा का अमृतफल चखता रहे। कथा में प्रभु श्री राम व मॉ जानकी की आराधना से जुड़ें भजनों को सुनकर रामभक्त मगन हो उठे दिखे। कथा के सयोजक धमार्नुरागी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। पूर्व प्रधान राजू पाण्डेय ने ग्रमीणों के साथ कथा व्यास को सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधान लालजी गुप्ता, गया प्रसाद तिवारी, प्रमोद पांडेय, विपिन पांडेय, रामलखन जायसवाल, उमाधर पांडेय, विजय जायसवाल, आशा गुप्ता, धीरज गुप्ता आदि रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मिलता है परमानन्द

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के जूही शुकुलपुर में संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास परमहंस आश्रम टीकरमाफी के आचार्य शुभाष शांडिल्य महराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत मानव मूल्यों पर आधारित महापुराण है। भागवत कथा को आत्मसात कर लेने से मनुष्य को मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है, साथ ही आध्यात्मिक, मानसिक और नैतिक रुप से मजबूती प्रदान होती है। कथा सुनने के लिए श्रद्वालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथा के दौरान भगवान के भजनों को सुन भक्त भाव-विभोर हो उठे दिखे। कथा व्यास ने कहा श्रीशुकदेवजी ने कलियुग में भागवत की अमृत वर्षा कर मानव मूल्यों की सुरक्षा का कार्य किया। उन्होंने कहा आत्मा की शुद्धि के लिए भागवत से बढ़कर कोई शास्त्र नहीं है। आचार्य ने बताया कि ईश्वर भी भागवत का अमृतपान करने के लिए लालयित रहते है। कथा के संयोजक सतीश चन्द्र मिश्र ने व्यासपीठ का पूजन-अर्चन किया। इस मौके पर स्वामी योगेश्वराचार्य , फूलचंद्र पांडेय, कल्लू मिश्र, पवन मिश्र पवन प्रखर शुक्ल, डॉ. अभिताभ शुक्ल, सुरेशचंद्र शुक्ल, दिलीप चंद्र शुक्ल, योगेन्द्र पांडेय, बालेंदु तिवारी, अक्षय शुक्ल आदि रहे।

## किराये के मकान में रह रहे व्यक्ति का चार पहिया वाहन से आये लोगों ने किया अपहरण

**लंभुआ, सुलतानपुर ।** कोतवाली क्षेत्र के बूधापुर मोड पर किराए का कमरा लेकर पत्नी के साथ रह रहे व्यक्ति का चार पहिया वाहन से आए कुछ लोगों ने जबरन अपहरण कर लिया और उसे जान से मारने की धमकी देते हुए अपने साथ ले गए। पीड़ित पत्नी की सूचना के बाद कोतवाली प्रभारी के निर्देशन में एक टीम गठित हुई और सही लोकेशन की तलाश करते हुए अपहरण कताओं से उस व्यक्ति को बरामद किया और केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के बूधापुर मोड़ के निकट किराए का मकान लेकर पत्नी के साथ निवास कर रहे यज्ञनारायण सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत करवाया कि प्रयागराज जनपद हड़िया थाना क्षेत्र के सैदापुर निवासी श्याम बाबू हमारे गुरु भाई हैं। व्यवसाय के सिलसिले में दोनों में लेनदेन चलता था। 29 मार्च को उपरोक्त श्याम बाबू एक अज्ञात चार पहिया वाहन से आए और जबरन गाड़ी पर बैठाकर लेकर चले गए। पत्नी की सूचना पर पुलिस एक्टिव हुई और मुझे अपहरण करता के चंगुल से छुड़वाई। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने बताया कि आरोपी श्याम बाबू तथा एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपी श्याम बाबू को कोर्ट में प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के बाद न्यायालय ने न्यायिक हिरासत में उसे जेल भेज दिया।

संक्षेप

## छत्ता क्षेत्र में नकली घी का भंडाफोड़

**आगरा।** नवरात्र में मिलावटी खाद्य सामग्री परोसने वालों के खिलाफ कार्रवाई के प्रदेश सरकार के आदेश पर सक्रिय हुए खाद्य विभाग ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली घी बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। यहां से भारी मात्रा में नकली घी के टिन बरामद किए हैं। डीएम के निर्देश पर आज एफएसडीए की टीम ने सहायक आयुक्त शशांक त्रिपाठी के नेतृत्व में छत्ता स्थित पंजा मदरसा मोहल्ले में एक मकान पर छापा मारा। अंदर बड़ी संख्या में नामी कंपनियों के नाम के नकली घी के टिन रखे थे। एफएसडीए की टीम ने पंजा मदरसा में नामी कंपनियों का 1605 किलो मिलावटी घी पकड़ा। यहां टीम ने को पांच नामी कंपनियों की दुकान के 105 टिन भी मिले हैं।

## 115 वांछित वारंटी गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** एसएसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में एसआर वांछित एनबीडब्ल्यू वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस ने बीती रात्रि 115 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिसमे थानावार की गई कार्यवाही में थाना उत्तर 5 थाना दक्षिण 3 थाना रामगढ़ 3, थाना रसूलपुर 11, थाना टूंडला 9 पचोखरा 2, थाना रजावली 7, थाना नारखी 5, थाना नगला सिंघी 3, थाना सिरसागंज 12, अरांव 3, नगला खंगर 3 नसीरपुर 5 थाना शिकोहाबाद 10, मक्खनपुर 2 खैरगढ़ 4 जसराना 6 थाना फरिहा 2, एका 8, थाना लाइनपार 3, मटसेना 1 बसई मोहमदपुर 8 इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम ने बीती रात्रि 5 घण्टे में एनबीडब्लू वारंटियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 115 एनबीडब्लू वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

## देवनारी गांव में चलीं गोलियां, एक घायल

**आगरा।** थाना फतेहपुर सीकरी के देवनारी गांव में दीवार निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच संघर्ष हो गया। झगड़े के दौरान गोलियां भी चली हैं। संजय नाम का एक व्यक्ति गोली लगने से घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव में पुलिस पहुंच गई है। तनाव बना हुआ है। यह झगड़ा गांव के निवासी संजय और फौरन सिंह पक्ष के बीच हुआ। संजय का कहना है कि उनका बेटा विनय कुमार अपने मकान का पटाव करा रहा था। इसी दौरान फौरन सिंह, उनके लड़के हरमिंदर और हिमांशु तथा वाईपी सिंह आदि 20-22 लोगों के साथ आये और मकान के पटाव को लेकर आपत्ति दर्ज करने लगे। इसी बात पर दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ। पता चला है कि दूसरे पक्ष के लोग हथियार लेकर आये थे। इन्हीं लोगों द्वारा चलाई गई गोली से संजय घायल हुआ है। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य फरार हो गये।

## युवक को गोली मारी

**मथुरा।** चैमुहां के थाना छाता कोतवाली के गांव अकबरपुर में सुबह पानी लेने गए युवक को गोली मार दी गई। एक गोली उसकी हथेली को चीरती हुई निकल गई। वहीं दूसरी गोली उसकी कमर में जाकर फंस गई। गंभीर हालत में परिजन ने उसे अस्पताल भर्ती कराया। जहां अब उसकी हालत खतरे से बाहर है। गांव अकबरपुर निवासी रवि पुत्र भूदेव रविवार सुबह अकबरपुर सिहाना रोड स्थित आझई रेलवे स्टेशन पर पीने का पानी लेने गया था। तभी गांव निवासी चंदन सिंह पुत्र झनक सिंह अपने चार से पांच साथियों के साथ आया। रवि पर तमंचे से गोली चला दी। गोली उसकी हथेली को चीरती हुई उसके कमर में जा फंसी। गोली की आवाज सुनकर स्टेशन पर खड़े लोग घटनास्थल की तरफ दौड़े। इतने में आरोपी बाइक लेकर वहां से भाग खड़े हुए।

# संस्कृति विवि के मंच पर बिखरा पलक मुच्छल का जादू

### स्पार्क 2025



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय स्पार्क 2025 के दूसरे दिन मुख्य मैदान में सजे मंच पर प्रसिद्ध गायिका पलक मुच्छल के गीतों की धूम रही। इस दौरान जहां एक ओर विद्यार्थियों का जबरदस्त शोर रहा वहीं दूसरी ओर तालियों ने पूरे माहौल को गरमा दिया।

स्पार्क 2025 के मुख्य आकर्षण के रूप में दूसरे दिन प्रसिद्ध गायिका पलक मुच्छल की गीतों भरी शाम शुरू हुई। तेज संगीत और विद्यार्थियों के बीच अनेक अनेक गीतों को एक लड़ी में प्रयोग कर पलक मुच्छल ने अपनी शाम की शुरूआत की। जब वे मंच पर आई तो विद्यार्थियों का शोर अपने चरम पर पहुंच गया। जैसे ही जिया जाए, जिया जाए ना मोरे पिया रे गाते हुए मंच पर आई तो संस्कृति के छात्र छात्राओं ने तालियां के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने शुरूआत की एमएस धोनी फिल्म के प्रसिद्ध गीत, जब-जब सांसे भर्ती हूं ..कौन तुझे प्यार करेगा जैसे मैं करती हूं, से की। इसके बाद उन्होंने अपने प्रसिद्ध गीत आशिकी 2, हम तेरे बिन रह नहीं सकते, तेरे बिन अब जीना क्या, क्योंकि तुम ही हो, तुम ही हो तुम ही हो..। पलक के गीतों का यह क्रम जारी था और उनके गीतों पर युवा छात्र-छात्राएं झूम रहे थे। इसके बाद उन्होंने प्रसिद्ध गीत मेरे रश्के कमर तूने पहली नजर, जो नजर से मिलाई मजा आ गया। एक तो यह गीत ही बहुत लोकप्रिय है दूसरा पलक ने जिस अंदाज से इसको गया उसने सारे श्रोताओं के दिल और दिमाग पर जादू सा बिखेर दिया। सभी सुनने वाले गीतों की धुन पर ठुमकने लगे। इसके बाद उन्होंने प्रसिद्ध गीत सनम तेरी कसम गया और फरमाइशी गीतों को गाकर पलक लगातार विद्यार्थियों का दिल बहलाती रहीं। इनमें तेरी दीवानी, तेरे नाम से जी लूं तेरे नाम से मर जाऊं, गब्बर इस बैक का प्रसिद्ध गीत, सनम तू मेरा, तेरी मेरी कहानी, अभी चलता हूं दुआओं में याद रखना, सुनाया। ढेर सारी फरमाइशों को देखते हुए उन्होंने अपने गाए सभी गीतों को एक लड़ी में पिरोकर सुनना शुरू कर दिया, मैं तेनू समझावां की, तू है तो फिर क्या चाहिए, दिल एक दरिया, केसरिया तेरा इश्क है पिया सुनाया। पलक ने अपने गीतों के बीच अपने भाई पलाश पलाश मुच्छल को भी इंट्रोड्यूस किया। उन्होंने काफी गीत सुनाए और कुछ देर के लिए पलक को विश्राम भी दिया। पलाश मुच्छल के बाद फिर से पलक आई और उन्होंने अपनी शुरूआत के गीतों जिसमें प्रेम रतन धन पायो, जैसे गीत सुन कर युवा विद्यार्थियों का खूब मनोरंजन किया। इस गीतों भरी शाम का शुभारंभ संस्कृत विश्वविद्यालय की परंपराओं के अनुसार मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। दीप प्रज्वलन संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ सचिन गुप्ता ने कुलपति प्रोफेसर बीएम चेट्टी, सीईओ श्रीमती मीनाक्षी शर्मा और अन्य अतिथियों के साथ किया। संस्कृति विवि के प्रो चांसलर राजेश गुप्ता ने शानदार आयोजन के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं इस मौके पर दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम भी बहुत सराहा गया। विद्यार्थियों ने गीतों भरी शाम को देर रात तक खूब एंजॉय किया पलक मुच्छल के बाद प्रसिद्ध डीजे ने जब मंच पर गीतों की संख्या शुरू की तो समय कब गुजर गया पता ही नहीं चला श्याम लगभग 7:30 बजे से शुरू हुआ यह कार्यक्रम देर रात 12:00 के बाद तक चला।

### बेसहारा बच्चों की बड़ी मदद करती हैं पलक

अपनी दिल को छूने वाली आवाज के साथ बॉलीवुड, यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक जैसे प्लेटफार्म पर राज करने वाली पलक सात वर्ष की उम्र से गा रही हैं। उन्होंने बताया कि वे अपनी कमाई का 99 प्रतिशत से अधिक हृदय रोगी बच्चों के ऑपरेशन के लिए खर्च कर देती हैं। अब तक तीन हजार चार सो अट्ठासी बच्चों के हार्ट का ऑपरेशन कराकर उनको स्वस्थ जीवन दे चुकी हैं, जिसके लिए उन्हें राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिल चुकी है। इसके लिए उन्होंने विशेष रूप से बॉलीवुड स्टार सलमान खान के सहयोग की प्रशंसा की।

## भाजपा का कहना अब मथुरा की बारी, हमारा नारा हमारी भी तैयारी है: प्रदीप माथुर

**मथुरा।** महानगर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष यतेंद्र मुकदम ने कहा है कि वह अपने नये पुराने तथा वरिष्ठ और कनिष्ठ कांग्रेस के साथियों को साथ लेकर चलेंगे और महानगर में आने वाले सभी वार्डो में कांग्रेसियों को एकजुट करके मजबूत संगठन खड़ा करेंगे। लंबे समय से उपेक्षित कांग्रेसी अब अपने आपको महानगर अध्यक्ष समझेंगे उनका किसी से कोई राग द्वेष नहीं है। वह पार्टी हित में कार्य करने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता पदाधिकारी और समर्थक के साथ हमेशा खड़े रहेंगे। यह बात उन्होंने महानगर अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में कहीं। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सदस्य एवं उद्योगपति महेश पाठक ने कहा कि वह चाहते हैं कि अब केंद्र और राज्य में भाजपाकी सरकार सत्तारूढ़ है। और उन्होंने दिल्ली में भी यमुना शुद्धिकरण के नाम पर अपनी सरकार बनाई है उन्हें कहीं भी पक्ष में विपक्ष न्यायपालिका शासन प्रशासन का विरोध का सामना नहीं करना पड़ेगा। व

## लायंस क्लब ने मनाया चार्टर नाइट और अधिकारिक यात्रा कार्यक्रम



**टूंडला।** लायंस क्लब की 52 वीं चार्टर नाईट समारोह एवं अधिकारिक यात्रा कार्यक्रम विमल बैंकट हॉल में आयोजित किया गया। इसमें अतिथियों एवं पदाधिकारियों का फूलमाला एवं बुके देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजीव तोमर ने मां सरस्वती के चित्र माल्यार्पण एवं मंडलाध्यक्ष स्वाती माथुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मंडलाध्यक्ष संजीव तोमर ने कहा कि लायंस क्लब संस्था हमेशा से ही गरीब असहाय मजदूर लोगों की मदद करते हुए आई है। और आगे भी करती रहेगी। हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य गरीब असहाय लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य समय समय करती है। इसके अलावा क्लब द्वारा कराए गए कार्यों की जानकारी दी गई। वहीं सेवाकार सनी को साईकिल प्रदान की गई। इस दौरान लायन सचिव आलोक उपाध्याय ने एक वर्ष में क्लब द्वारा कराए गए कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर क्लब की अध्यक्ष नीतू श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों एवं पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर डॉ. संजीव जैन, कोषाध्यक्ष अल्पना शर्मा, जोन चेयरपर्सन संदीप श्रीवास्तव, अशोक गुप्ता, केएस यादव, नीरज जैन, पुष्पेंद्र उपाध्याय, अमित गुप्ता, एमपी पोनिया, नीरज जैन, मयंक शर्मा, अग्रज जैन, संजीव गौतम राजीव जैन आदि के अलावा बड़ी संख्या में पदाधिकारी व सदस्यगण मौजूद रहे।

## सोल दाना फैक्ट्री में भीषण आग, दमकल की गाड़ियों ने आग बुझाई, एनओसी नहीं है

**आगरा।** बिचपुरी रोड पर स्थित एक सोल का दाना बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग बुझाने के प्रयास में जुट गईं हैं। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है, जिसके कारण आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है। बिचपुरी रोड पर ओम फैक्ट्री के निकट स्थित सोल के दाने बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां तत्काल मौके पर पहुंच गईं। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, लगभग 8 बजे जूते के सोल के दाने बनाने वाली फैक्ट्री से अचानक आग की तेज लपटें उठने लगीं। आसपास के लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस और फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंच गईं। फैक्ट्री में आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख होने की आशंका है।

## चम्बल में नहाते युवक को खींच ले गया मगरमच्छ, दो दिन से तलाश जारी

**आगरा।** बाह तहसील में पिनाहट क्षेत्र से सटी मध्य प्रदेश के मुरैना जिले की सीमा में चम्बल में नहाते एक युवक को मगरमच्छ खींच ले गया। पिछले दो दिन से युवक की खोज की जा रही है, लेकिन अभी तक पता नहीं चल सका है। आज सुबह से फिर से रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया है। यह घटना मुरैना जिले के विंडवा घाट पर हुई। बीते कल 11 बजे विंडवा घाट पर बीते कल विंडवा निवासी राम निवास सिंह तोमर की मां का अंतिम संस्कार हुआ था। अंत्येष्टि में शामिल हुए लोग नदी में स्नान कर रहे थे। गोरखनाथ सिंह तोमर का 24 वर्षीय पुत्र करण सिंह भी इस घाट पर चम्बल में उतरकर नहा रहा था। अचानक से एक मगरमच्छ ने करण सिंह के पैरों को मुंह में जकड़ा और गहरे पानी में खींचकर ले जाने लगा। यह युवक चीखा तो घाट पर मौजूद लोगों का ध्यान उसकी ओर गया। लोग कुछ नहीं कर पाये और मगरमच्छ युवक को लेकर गहरे पानी में चला गया। सूचना मिलने के बाद मुरैना जिले के महुआ थाने की पुलिस एसडीआरएफ की टीम को लेकर मौके पर पहुंची। पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों ने मोटरबोट से तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया। कल शाम तक युवक का कोई पता नहीं चल पाया था। आज सुबह से फिर से अभियान शुरू किया गया है। विंडवा घाट पर बड़ी संख्या में आसपास के गांवों के लोग भी मौजूद हैं।

## एसएसपी ने पुलिस कर्मियों को ब्रीफिंग कर दंगा नियंत्रण ड्रिल का अभ्यास कराया

**फिरोजाबाद।** जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था सुदृढ़ रखने व आगामी त्योहारों को सकुशल एवं सुरक्षित कराने के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा ब्रीफिंग कर फिरोजाबाद पुलिस एवं प्रशासन द्वारा की गयी तैयारियों एवं अचूक सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। तदोपरान्त पुलिस लाइन ग्राउंड पर दंगा नियंत्रण ड्रिल के प्रशिक्षण एवं अभ्यास का आयोजन किया गया, जिसमें ड्रिल के दौरान पुलिसकर्मियों को लोगों भीड़ को तितर बितर करने हेतु बलवा ड्रिल के तर्हत कार्यवाही करायी गयी तथा पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरण रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन टीयर स्मोक सेल, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के संबंध मे जानकारी दी गयी एवं बल्वा ड्रिल का डिमॉस्ट्रेशन कराया गया तथा प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी अवगत कराया गया।

दंगा नियंत्रण में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों एवं टैक्टिस का क्रमवार अभ्यास किया गया। इस दौरान एसएसपी ने बताया कि आगामी त्योहारों को शांति पूर्वक संपन्न कराने हेतु जनपद में समस्त थानो के विभिन्न स्थानों पर भारी मात्रा में दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ फोर्स की ड्यूटियां लगाई गई है, सादा वस्त्रों में तैनात पुलिस टीम अभिसूचना इकाई द्वारा भी हर गतिविधि पर लगातार निगरानी की जा रही है। ड्रोन कैमरा दूरबीन से लैस पुलिस टीम की रुफ टॉफ ड्यूटी भी लगायी गयी है। फिरोजाबाद पुलिस जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु कटिबद्ध है। इस दौरान एएसपी नगर/ग्रामीण, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक समस्त थाना प्रभारी मय पुलिस फोर्स मौजूद रहे।

# संघ ने मनाये नववर्ष के उत्सव



**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मथुरा महनगर के अंतर्गत आने वाले सभी 10 नगरों ने अपने अपने वष प्रतिपदा उत्सव विभिन्न शाखा स्थलों पर मनाये। संघ अपने प्रारम्भ से ही या उत्सव अनिवार्य कार्यक्रम की भांति मनाता रहा है उसी रीतिनीति पर चलते हुए आज ये कार्यक्रम मनाये गए। ज्ञात हो की आज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन विक्रमी सम्वत के अनुसार नववर्ष प्रारम्भ होता है तो यह दिन प्रत्येक हिन्दू परिवार के लिए विशेष होता है उस पर आज संघ के संस्थापक डॉ केशवराव बलिराम हेडगेवार जी काजन्मदिवस भी रहता है तो यह दिन संघ के स्वयंसेवकों के लिए अतिविशिष्ट बन जाता है। आज के दिन सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश पहन कर डॉ हेडगेवार के चित्र के सामने उन्हें प्रणाम करते हैं, जिसे संघ की निति में आद्यसंघचालक प्रणाम कहते हैं। यह प्रणाम वर्ष में केवल आज के दिन ही किया जाता है एवं सिर्फ डॉ हेडगेवार को ही किया जाता है। आज के दिन बौद्धिक कर्ता अपने नववर्ष की महत्त्वता पर चर्चा करते हैं एवं डॉ हेडगेवार के जीवन चरित्र के बारे में बताते हैं. डॉ हेडगेवार के जीवन पर बताते हुए बौद्धिक कर्ता बताते हैं हेडगेवार जन्म से ही देशभक्त थे, बचपन में ही स्कूल में टोली बनाकर अंग्रेज अफसरों को परेशान करना उनके क्रांतिकारी व्यवहार एवं नेतृत्त्व गुण को प्रदर्शित करता है, कलकत्ता से डाक्टरी की पढ़ाई करने पश्चात भी उन्होंने आजादी की लड़ाई लड़ने को क्रांतिकारी बनने का रास्ता चुना।

विभिन्न कार्यक्रमों में नगर कार्यवाह मनीष, अखिलेश, पवन, मनोज, गौरव, रणवीर, अजय, धर्मेंद्र अनिल, राजकुमार एवं चंद्रभान का विशेष प्रयास रहा। बौद्धिक देने वालों में महानगर प्रचारक सचिन, विभाग कार्यवाह छैलबिहारी, विभाग प्रचारक अरुण, भाग संघचालक सत्यनारायण, विभाग प्रचार प्रमुख कमल कौशिक, प्रांत प्रचार प्रमुख केशव, विभाग सहसंपर्क प्रमुख प्रदीप, महानगरसह कार्यवाह श्रीओम, विभाग बौद्धिक प्रमुख उपेंद्र एवं सह विभाग कार्यवाह डॉ संजय रहे।

# संस्कार विहीन व्यक्ति शून्य होता है : मोहित मराल



**मथुरा।** नववर्ष मेला समिति के तत्वाधान में सेठ बी०एन० पोद्दार इंटर कॉलेज में आयोजित 24 वें विशाल नववर्ष मेला के नववर्ष समारोह में मुख्य अतिथि श्री राधावल्लभ संप्रदाय प्रधान पीठाधिपति तिलकायत अधिकारी गोस्वामी श्रीहित मोहित मराल जी महाराज ने नवसंवत्सर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री कृष्ण ने धर्म की रक्षा के लिए ब्रजभूमि में जन्म लिया था। हमें भी आज से यह प्रण लेना होगा कि हम भी हिंदू तिथि के अनुसार अपना जन्म दिवस व सालगिरह बनायेंगे। उन्होंने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर हम अपने घर पर पीला ध्वज फहराएं, कलश एवं स्वास्तिक बनाकर इस दिन को त्यौहार की तरह मनाएं। संस्कार विहीन व्यक्ति शून्य होता है तो यह हमारा धर्म है कि हम अपने आने वाली पीढ़ी को संस्कार दें, जिससे सनातन संस्कृति भविष्य में उत्कृष्ट हो एवं भारत विश्व गुरु बने। विशिष्ट अतिथि बेबीरानी मौर्य मंत्री महिला कल्याण एवं बाल विकास उ०प्र० ने कहा कि यह नवसंवत्सर हिंदुओं का नववर्ष है। यह सदियों से बनता आ रहा है। बीते कुछ समय में पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव के कारण हम चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को भूलकर एक जनवरी को नववर्ष बनाने लगे थे। भारत विश्व गुरु तभी बनेगा जब हम देश की संस्कृति के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। मंगलायतन यूनिवर्सिटी के कुलपति पीके कसोरा, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी एवं कार्यक्रम स्वागताध्यक्ष कल्यानदास अग्रवाल बृजवासी समाज सेवी एवं उद्योगपति ने नवसंवत्सर की मंगलकामनाएं देते हुए विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व मां भगवती के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर नववर्ष समारोह शुरू हुआ। अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने एवं धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष कमलेश अरोड़ा ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रांत कार्यवाह राजकुमार, राज्यसभा सांसद चै० तेजवीर सिंह, विधायक श्रीकांत शर्मा, पूरन प्रकाश, एमएलसी ठा०ओम प्रकाश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी, मेयर विनोद अग्रवाल, विभाग सह कार्यवाह संजय अग्रवाल, महानगर प्रचारक सचिन भारत, कार्यवाह विजय बंटा, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजू यादव, एबीवीपी संगठन मंत्री दिव्यांशु पचैरी, यादवेंद्र अग्रवाल, डा० शैलेन्द्र प्रताप सिंह, योगेन्द्र शर्मा, डॉ दीपा अग्रवाल, योगेश आवा, रजत बाल्मीकि, अनिरुद्ध अग्रवाल, सुभाष सैनी, अजय अग्रवाल, गंगाधर अरोड़ा, मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, विशाल रोहेला, समीर बंसल, देवेश कुमार, ब्रिजेंद्र नागर, राजीवकृष्ण सहित हजारों की संख्या लोग उपस्थित रहे।

## गौवंश से भरा कंटेनर पलटा, नौ गौवंश मृत मिले, तस्कर फरार

**आगरा।** सरकार की लाख सख्ती के बावजूद जिले में गौ तस्करी जारी है। अछनेरा के गांव सांथा में गौवंश से भरे एक कंटेनर के पलटने के बाद गौ तस्करी के बड़े मामले का खुलासा हुआ है। पलटे कंटेनर में से नौ गौवंश मृत हालत में मिलने से तनाव की स्थिति बन गई है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस उन गौ तस्करों की तलाश में जुट गई है जो कंटेनर से गौवंश को लेकर जा रहे थे। सांथा गांव में रविवार की सुबह इस मामले का खुलासा हुआ तब हुआ जब सोकर उठे लोग खेतों की ओर गये, जहां उन्होंने एक कंटेनर को पलटे हुए देखा। लोग कंटेनर के पास पहुंचे तो देखा कि उसमें गौवंश भरे हुए थे। यह खबर गांव में आग की तरह फैली और मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गये।

सूचना पाकर बजरंग दल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी आ गये। लोगों ने पाया कि पलटे कंटेनर से ले जाये जा रहे कुल 14 गौवंश में से नौ की मौत हो चुकी है जबकि पांच जीवित अवस्था में हैं। सूचना पाकर पुलिस भी दौड़ी-दौड़ी पहुंची और मौका मुआयना करने के बाद लोगों को भरोसा दिया कि कंटेनर में गौवंश को लेकर जा रहे तस्करों को जल्द पकड़ लिया जाएगा। यह घटना बताती है कि जिले में गौ तस्करी जारी है। मुख्य मार्गों पर पुलिस चेकिंग के अलावा बजरंग दल की भ्रमण करती टीमों का डर रहता है, इसलिए गौ तस्करों ने उन सड़कों का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है जो गांवों को जोड़ते हैं। इन सड़कों से रात के समय गौ तस्करी की जाती है। गौ तस्करी के लिए रात का समय चुना जाता है। मौके पर पहुंचे बजरंग दल के विभाग संयोजक आरके इंदौलिया, जिला संयोजक यदुवीर चाहर, जिला गौरक्षा प्रमुख पुष्पेंद्र चाहर, जिला मंत्री मनोज शर्मा, जिला सह संयोजक मोनू पचौरी और बजरंग सिसौदिया का कहना था कि बजरंगियों की टीमें गौ तस्करों पर बराबर नजर बनाए हुई थीं, जिसकी वजह से गौ तस्कर किरावली तहसील से बाहर तो नहीं निकल पाए। वे गांवों के रास्तों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## धाम अयोध्या सजा चुके अब मथुरा की बारी

**मथुरा।** नववर्ष मेला समिति के विशाल नववर्ष मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को देर रात्रि सेठ बी०एन० पोद्दार इंटर कॉलेज में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में वीर रस और हास्य रस के कवियों ने अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को बांधे रखा। कवि सम्मेलन का शुभारंभ मोनिका देहलवी ने सरस्वती वंदना से किया। वीर रस के कवि अजय अंजाम ने अपनी प्रसिद्ध हल्दीघाटी की कविता सारे जग के ऊपर अपना ध्वज फहराने की तैयारी है, धाम अयोध्या सजा चुके अब मथुरा जी की बारी है से श्रोताओं में जोश भर दिया। राधाकांत पांडे ने ब्रज की अलौकिक छटा को निहार कर, नववर्ष पर राधे-राधे बोलिए का गायन किया। डॉ० कुमार मनोज ने प्रेम रस की कविता मोहब्बत जब कभी करना तो पौधों की तरह करना, जो महल में भी माटी साथ ले जाती है को सभी ने सराहा। हास्य कवि पार्थ नवीन और महेंद्र अजनबी ने हास्य कविताओं से लोगों को खूब गुदगुदाया। वीर रस की कवियित्री ज्योति त्रिपाठी की कविता जो जीवन दर्शन जाने उसे सनातन कहते हैं, कण कण में ईश्वर पहचाने उसे सनातन कहते हैं, सारी वसुधा को जो घर माने उसे सनातन कहते हैं ने सभी श्रोताओं को ताली की गड़गड़ाहट को मजबूर कर दिया। वीर रस कवि मनवीर मधुर के काव्य पाठ कुछ दहन किया जाए तन से रावण, कुछ मन से राम बन जाए को खूब सराहा गया। मनवीर मधुर और डॉ० कुमार मनोज ने संयुक्त रूप से कवि सम्मेलन का संचालन किया। इससे पूर्व मां भगवती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। सभी कवियों का समिति पदाधिकारी द्वारा स्वागत किया गया।

## नकली डीजल फैक्ट्री का भंडाफोड़

**मथुरा।** फरह थाना क्षेत्र तहत चुरमुरा गांव के पास कल्पतरू की निष्प्रयोज्य बिल्डिंग में अर्धनिर्मित फ्लैटों में संचालित नकली डीजल फैक्ट्री का आबकारी टीम और फरह पुलिस व एसओजी टीम ने पदार्फाश किया है। मौके से भारी मात्रा में डिनेचर्ड स्प्रिट व डीजल/ पेट्रोल बरामद हुआ है। पुलिस ने मौके से छह लोगों को अरेस्ट कर लिया है। गिरोह में शामिल लोग टैंकरों से वाल्व काटकर डीजल चोरी करते थे। इसमें केमिकल मिलाकर नकली डीजल भी तैयार करते थे। गौरतलब हो कि आबकारी निरीक्षक अंजली शर्मा को मुखबिर से सूचना मिली कि शहजादपुर गांव के सामने कल्पतरू के अर्धनिर्मित फ्लैटों में नकली डीजल बनाने की फैक्ट्री संचालित हो रही है। शनिवार सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा, आपूर्ति निरीक्षक रविकांत सी, आबकारी अधिकारी उपेन्द्र आबकारी निरीक्षक अंजली शर्मा, स्वाट टीम अभय कुमार की टीम मौके पर पहुंची और फ्लैटों को चारों तरफ से घेर लिया। आबकारी निरीक्षक अंजली शर्मा ने बताया कि टीम की छापामार कार्यवाही में 7 ड्रम ( 1400 लीटर अवैध स्प्रिट ), 250 लीटर अपमिश्रित पेट्रोलियम पदार्थ, मैक्स पिकअप रजि सं. यूपी85 डीटी 4249 व सैन्ट्रो कार रजि सं. यूपी 80 बीक्यू 6027 एक खाली बीकर लगभग 10 लीटर, 2 पीपा कीप, एक टीन की कुप्पी, 6 प्लास्टिक के खाली कैन रंग पीला धारिता लगभग 26 लीटर, एक प्लास्टिक कैन रंग नीला धारिता लगभग 60 लीटर, एक प्लास्टिक बाल्टी रंग पीला धारिता 20 लीटर, एक प्लास्टिक बाल्टी रंग नीला धारिता 20 लीटर, एक ऑक्सीजन सिलिंडर 4 फीट, बरामद करते हुए। जगन्नाथ पुत्र गोपाल निवासी चकदौलतपुर, थाना चिकसाना, जिला भरतपुर, मोहित पुत्र केहरी निवासी चकदौलतपुर थाना चिकसाना जिला भरतपुर ( राजस्थान ), अमित उर्फ टिंकू पुत्र पीतम सिंह निवासी ग्राम गजू थाना राया, मोनू पुत्र ओमवीर निवासी गांव नं0 अर्जुन थाना बलदेव, विकास पुत्र ओमवीर निवासी गांव नं0 अर्जुन थाना बल्देव, सुरेश पुत्र गीतम सिंह निवासी गांव लोहवन गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने बताया कि हम गुड्डू चैधरी पुत्र मांगेलाल चैधरी निवासी बलरई थाना फरह जनपद मथुरा व उसका मित्र विजयपाल यादव के इशारों पर काम करते हैं यही दोनो यहाँ डीजल व तरल पदार्थ के टैन्कर भिजवाते थे हम लोग यहाँ डीजल निकालकर गाडी पिकअप व सैन्ट्रों कार में कैनों में भरकर आगरा की तरफ आने जाने वाले लोगो को बेच देते हैं जिससे हमलोग काफी अच्छा मुनाफा कमाते है। उक्त सभी गाडियां हम लोगो के मिलने वालों की हैं।

## एबीवीपी ने प्रदर्शन कर फूंका सपा सांसद रामजीलाल सुमन का पुतला

**आगरा/ खेरागढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खेरागढ़ इकाई ने आज सपा के सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान के विरोध में खेरागढ़ डाकबंगला से प्रदर्शन कर कागारौल चौराहे पर पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। राणा सांगा पर राज्यसभा सदस्य सुमन द्वारा टिप्पणी किए जाने के बाद बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। आगरा में भी जगह - जगह विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। देश भर में रोष व्याप्त है। जिला संगठन मंत्री रजत जोशी ने कहा कि राणा सांगा जैसा महान व्यक्तित्व जिसने 100 युद्ध लड़े और केवल 1 युद्ध में पराजय हुई। 80 घाव जिस महापुरुष ने अपने तन पर झेले, फिर भी अपनी आखिरी सांस तक भारत को विदेशों आक्रांतों के हाथों में नहीं जाने दिया। उस महापुरुष के बारे में ये बयान दिया जाता है कि वे बाबर को भारत को लाए, यह सरासर गलत है। बाबर को दौलत खान लोधी ने आमंत्रित किया था न कि राणा सांगा ने और उन्हें गद्दार कहने वाले देश के सबसे बड़े गद्दार हैं। विभाग संयोजक दीपक कश्यप ने कहा यदि सांसद सुमन ने सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी तो अभाविप संसद के बाहर उनका पुतला दहन करेगी। नगर मंत्री शुभ शर्मा ने कहा कि जिन्हें इतिहास का अधूरा ज्ञान है तो उनको संसद में बैठने का कोई अधिकार नहीं है। नारेबाजी के बीच कार्यकताओं ने सुमन का पुतला फूँका। प्रदर्शन में मोहित सिकरवार प्रदेश सह संयोजक एग्रीविजन, सुमित कटारा, देवांश सिंघल, बृजेश राजपूत नगर सहमंत्री, अमन तोमर, अंकित बघेल, धर्मेंद्र बघेल, सौरभ शर्मा, नवीन सविता, विशाल सविता, अनुज ठाकुर, अजय चौहान, शिव कुमार, पूर्व कार्यकर्ता सुधीर गर्ग गुड्डू, रमन शर्मा, सचिन गोयल, राजा सिकरवार, राहुल जोशी, विवेक सिकरवार, रजत रावत आदि शामिल थे।

# ग्रामीण पत्रकार एसो. का सम्मान समारोह आयोजित




**फिरोजाबाद।** ग्रामीण पत्रकार एशो. ने शनिवार को आर एस फार्म हाउस नगला खार रोड उसायनी में होली मिलन एवं सम्मान समारोह तथा कवि सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ सुरेश चंद्र दक्ष वरिष्ठ पत्रकार राष्ट्रीय अध्यक्ष गौ रक्षा दल तथा डॉ प्रेम शर्मा वरिष्ठ पत्रकार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ सुरेश चंद्र दक्ष ने कहा कि पत्रकार समाज व सरकार का आईना होता है। पत्रकार न हों तो इस देश में सरकार व प्रशासन निरंकुश हो जाएगा। वहीं एसडीएमअनुराधा सिंह ने कहा कि पत्रकारों के माध्यम से ही हम लोगों की समस्याओं की जानकारी ले पाते हैं तथा समस्याओं का निस्तारण भी कर पाते हैं। प्रेम अतुल यादव ने कहा कि पत्रकारिता हर किसी के बस की बात नहीं इसमें तमाम अधिकारियों से लेकर गुंडे माफियाओं तक से दुश्मनी मोल लेनी पड़ती है एक सच्चा ओर निडर पत्रकार होना बहुत ही बड़ी बात है। वहीं उन्होंने कहा कि सरकार को पत्रकारों के बारे में सोचना चाहिए तथा इनकी सुरक्षा के लिए पत्रकार आयोग कर गठन करना चाहिए यह एक लंबे समय से पत्रकारों की मांग भी रही है। एसो. के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों का जोरदार स्वागत किया, तथा अतिथियों द्वारा सभी पत्रकारों तथा आगंतुकों का भी शील्ड देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आयोजित कवि सम्मेलन में हास्य कवि राम राहुल ने सभी को हंसा हंसा कर लोट पोट किया। वहीं कवि पंकज टूट पड़े भी अपनी कविता के माध्यम से लोगों को हंसाने पर टूट पड़े, कवि यशपाल यश ने अपनी कविता के माध्यम से चूड़ियों के महत्व को बताया, कवि डॉ ए पी चौबे ने भी अपनी कला से कार्यक्रम में चार चांद लगाए। कार्यक्रम का सफल संचालन शिवकांत पलिया ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मयंक भटनागर संरक्षक समाजसेवी अनुराधा सिंह उप जिलाधिकारी टूंडला विनीत कुमार क्षेत्राधिकारी टूंडला प्रेम अतुल यादव जिलाध्यक्ष भाकियू टिकैत, सुरेश चंद्र दीक्षित पूर्व प्रवक्ता एसआरके इंटर कॉलेज, अखिलेश सक्सेना आगरा मंडल अध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसो., उद्देश्य तिवारी जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद, धर्मेंद्र कुमार जिला महासचिव, सोमेंद्र पोनियां जिला उपाध्यक्ष, राजू उपाध्याय, मनमोहन पाराशर, विमल किशोर तहसील अध्यक्ष टुंडला ताराचंद्र प्रधान उसायनी प्रतिनिधि सहित ग्रामीण पत्रकार एसो. की आगरा मंडल व जनपद फिरोजाबाद की टीम मौजूद रही। कार्यकम संयोजक विपिन कुमार ने आगंतुकों तथा अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## संक्षेप

### आयकर विभाग ने इंडिगो पर 944 करोड़ जुर्माना लगाया

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने एयरलाइन कंपनी इंडिगो पर 944.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। इंडिगो ने जुर्माना आदेश को गलत बताते हुए कहा है कि वह इसे चुनौती देगी। यह आदेश देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लेब एविएशन को शनिवार को मिला। इंडिगो ने रविवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि आयकर विभाग (आयकर प्राधिकरण) की आकलन इकाई ने आकलन वर्ष 2021-22 के लिए 944.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश पारित किया है। एयरलाइन ने कहा कि यह आदेश इस गलत समझ के आधार पर पारित किया गया है कि कंपनी द्वारा आयकर आयुक्त (अपील) (सीआईटी (ए)) के समक्ष धारा 143 (3) के तहत आकलन आदेश के खिलाफ दायर अपील खारिज कर दी गई है, जबकि अभी यह मामला लंबित है और इसपर निर्णय आना है। इंडिगो ने कहा कि उसे पूरा भरोसा है कि आयकर विभाग प्राधिकरण द्वारा पारित यह आदेश कानून के अनुसार नहीं है और त्रुटिपूर्ण है। कंपनी ने इस आदेश के खिलाफ उचित कानूनी कदम उठाने का फैसला किया है।

### गेल को अगले महीने से मिलेगी कतर एनर्जी से एलएनजी की आपूर्ति

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड का कतरएनर्जी ट्रेडिंग से पांच साल के लिए 12 कार्गो सालाना का करार अगले महीने से लागू होने जा रहा है। गेल को इस करार के तहत कतरएनर्जी ट्रेडिंग से तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) मिलेगी, जिससे वह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा करने के लिए बेहतर स्थिति में होगी। गेल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संदीप कुमार गुप्ता ने कहा, सौदे के तहत खरीद अप्रैल से शुरू होगी। गेल ने पिछले साल दिसंबर में कतर एनर्जी ट्रेडिंग को अप्रैल, 2025 से पांच साल की अवधि के लिए सालाना 12 कार्गो खरीदने के लिए एलएनजी खरीद निविदा दी थी। कतर एनर्जी से करार के अलावा गेल ने हाल के महीनों में कई आपूर्तिकर्ताओं के साथ दीर्घकालिक एलएनजी खरीद समझौते किए हैं। इसने विटोल एशिया के साथ 10 साल तक सालाना 10 लाख टन की खरीद का करार किया है। इसकी शुरुआत 2026 से होगी। इसके अलावा गेल ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की एडनॉक के साथ 2026 से 10 साल के लिए सालाना पांच लाख टन एलएनजी की खरीद का करार किया है। ये समझौते भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद करेंगे।

### द बॉडी शॉप के साथ मनाएं ईद

बंगलुरू। ईद खुशियां बांटने, साथ रहने और पुरानी परंपराओं को संजोने का समय है। यह जश्न मनाने के साथ ही अपनी देखभाल करने व सोच-समझकर उपहार देने का एक बिल्कुल सही मौका है। अगर आप अपने स्किनकेयर रूटीन को नया करना चाहते हैं, त्योहार के समय अपने चेहरे की चमक बढ़ाना चाहते हैं, या ईदी के लिए अच्छा उपहार चुनना चाहते हैं, तो द बॉडी शॉप के पास स्किनकेयर, मेकअप और फ्रैगरेंस के शानदार प्रोडक्ट्स हैं। ये तोहफे आपके त्योहार को और खास बना देंगे। भारत से प्रेरित चार खास बॉडी मिस्ट्स के इस शानदार कलेक्शन को बॉटैनिकल एक्सट्रैक्ट्स (पौधों के अर्क) से तैयार किया गया है। यह हर मूड और मौके के लिए परफेक्ट है। चाहे आपको फ्लोरल, फ्रूटी या एक्वाटिक नोट्स पसंद हों, यह क्यूरेटेड सेट आपको अपनी खुशबू को आसानी से बदलने का मौका देता है। अपनों के लिए एक शानदार गिफ्ट चुनना हो या खुद को देने के लिए एक लक्जरी ट्रीट यह सेट हर स्प्रे के साथ एक खास अहसास जगाता है।

### किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के 14वें शोरूम का शुभारंभ

मऊ। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने उत्तर प्रदेश के मऊ में अपने 14वें एक्सक्लूसिव शोरूम का भव्य उद्घाटन किया। यह नया शोरूम सहादतपुरा, ब्रह्मस्थान में स्थित है और भारत में किसना का 68वां एक्सक्लूसिव शोरूम है। हमारे एक्सक्लूसिव शो रूम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश में हमारे विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह क्षेत्र हमारे लिए अत्यधिक संभावनाओं से भरा हुआ है और हम यहां की स्थानीय पसंद को ध्यान में रखते हुए बेहतरीन ज्वेलरी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# कंपनियों की पूंजी 88085.89 करोड़ बढ़ी



नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 88,085.89 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक को हुआ।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 509.41 अंक या 0.66 प्रतिशत चढ़ा। शीर्ष 10 कंपनियों में से एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण घट गया। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 44,933.62 करोड़ रुपये बढ़कर 13,99,208.73 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 16,599.79 करोड़ रुपये बढ़कर 6,88,623.68 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस की बाजार हैसियत 9,063.31 करोड़ रुपये बढ़कर 13,04,121.56 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 5,140.15 करोड़ रुपये बढ़कर 9,52,768.61 करोड़ रुपये रहा। आईटीसी के बाजार पूंजीकरण में 5,032.59 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 5,12,828.63 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 2,796.01 करोड़ रुपये बढ़कर 5,30,854.90 करोड़ रुपये हो गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 2,651.48 करोड़ रुपये बढ़कर 9,87,005.92 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। बजाज फाइनेंस के मूल्यांकन में 1,868.94 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ और यह 5,54,715.12 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस रुख के उलट इन्फोसिस का मूल्यांकन 9,135.89 करोड़ रुपये घटकर 6,52,228.49 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 1,962.2 करोड़ रुपये घटकर 17,25,377.54 करोड़ रुपये रह गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

# एफआईआई की गतिविधियों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा



नयी दिल्ली। वैश्विक व्यापार पर दो अप्रैल से लागू होने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क के प्रभाव, विदेशी बाजारों के रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगी। ईद-उल-फितर के मौके पर सोमवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे।

अमेरिका ने दो अप्रैल को भारत सहित अपने प्रमुख व्यापारिक भागीदार देशों पर दो अप्रैल से जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की है। अब सभी की निगाहें ट्रंप की दो अप्रैल की शुल्क घोषणा पर टिकी हैं। इस सप्ताह घोषित किए जाने वाले वृहद आर्थिक आंकड़ों में विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के लिए पीएमआई (क्रय प्रबंधक सूचकांक) आंकड़ों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। आगामी छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में घरेलू मोर्चे पर संकेतकों के अभाव में बाजार भागीदारी की निगाह वैश्विक घटनाक्रमों पर रहेगी। दो अप्रैल से लागू होने वाले जवाबी शुल्क का वैश्विक व्यापार पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इसपर सभी की निगाह रहेगी। आगे चलकर विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का प्रवाह मुख्य रूप से ट्रंप के जवाबी शुल्क पर निर्भर करेगा। यदि शुल्क का प्रतिकूल प्रभाव बहुत अधिक नहीं रहता है, तो एफआईआई का प्रवाह जारी रह सकता है। उन्होंने कहा कि एफआईआई की रणनीति बिकवाली से मामूली खरीद की ओर हो गई है। 21 मार्च को समाप्त सप्ताह में यह दिखाई दिया था और 28 मार्च को समाप्त सप्ताह में भी यह रुख जारी रहा। निवेशकों की निगाह रुपये-डॉलर के रुझान और वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, इस सप्ताह शुल्क को लेकर चीजें अधिक साफ हो सकेंगी। इससे निवेशक वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव का आकलन कर सकेंगे। सप्ताह के दौरान अमेरिका के रोजगार और भारत के पीएमआई आंकड़े आने हैं। इस बीच, निवेशकों का ध्यान कंपनियों के तिमाही नतीजों पर है, जिससे उनके प्रदर्शन को लेकर स्थिति अधिक स्पष्ट हो सकेगी।

# देश का कोयला आयात जनवरी में बढ़कर 2.14 करोड़ टन पर



नयी दिल्ली। देश का कोयला आयात जनवरी में 1.23 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 2.14 करोड़ टन हो गया जबकि पिछले वित्त वर्ष के समान महीने में यह 2.11 करोड़ टन था। ई-कॉमर्स मंच एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड की तरफ से जुटाए गए आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 के पहले 10 महीनों में कोयले का आयात 22.26 करोड़ टन पर स्थिर रहा।

अप्रैल-जनवरी 2024-25 की अवधि में गैर-कोकिंग कोयले का आयात 14.12 करोड़ टन था, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में आयात किए गए 14.68 करोड़ टन से कम है। वित्त वर्ष के इस 10 महीने में कोकिंग कोयले का आयात 4.59 करोड़ टन था, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के लिए दर्ज 4.73 करोड़ टन से कम है। जनवरी 2025 में हुए कुल कोयला आयात में से गैर-कोकिंग कोयले का आयात 1.23 करोड़ टन रहा, जो एक साल पहले आयात किए गए 1.34 करोड़ टन से कम है। जनवरी 2024 में आयात किए गए 45 लाख टन कोकिंग कोल के मुकाबले इस साल जनवरी में कोकिंग कोयले का आयात 52.3 लाख टन था। इन आंकड़ों पर कहा कि घरेलू बाजार में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने से विदेशी माल की कीमतें नरम होने के बावजूद आयातित सामग्री की मांग कम रही है। उम्मीद है कि गर्मियों की शुरुआत तक यह रुझान जारी रहेगा। अप्रैल 2024-जनवरी 2025 की अवधि में देश का कुल कोयला उत्पादन 5.88 प्रतिशत बढ़कर 83.06 करोड़ टन हो गया। पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 78.45 करोड़ टन था।

# अगले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था




नयी दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था अगले वित्त वर्ष (2025-26) में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। ईवाई इकनॉमी वॉच ने यह अनुमान लगाया है।

ईवाई का मानना है कि एक अच्छी तरह से संतुलित राजकोषीय रणनीति जो राजकोषीय विवेक को बनाए रखते हुए मानव पूंजी विकास का समर्थन करती है, दीर्घकालिक वृद्धि की संभावनाओं को बढ़ाएगी। ईवाई इकनॉमी वॉच के मार्च संस्करण में वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। अगले वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसमें कहा गया है कि इसके लिए राजकोषीय नीति को देश की विकसित भारत की यात्रा के मिलाने की जरूरत है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के पिछले महीने जारी संशोधित राष्ट्रीय लेखा खाता आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 से 2024-25 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर अब क्रमशः 7.6 प्रतिशत, 9.2 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए तिमाही वृद्धि दर के संबंध में, तीसरी तिमाही की वृद्धि 6.2 प्रतिशत अनुमानित है। इसका अर्थ है कि एनएसओ द्वारा अनुमानित 6.5 प्रतिशत की वार्षिक जीडीपी वृद्धि प्राप्त करने के लिए चौथी तिमाही में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि की जरूरत होगी। रिपोर्ट कहती है, अंतिम तिमाही में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि के लिए निजी अंतिम उपभोग व्यय में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि की आवश्यकता होगी। हाल के वर्षों में इतनी अधिक वृद्धि देखने को नहीं मिली है। इसका एक विकल्प निवेश व्यय में वृद्धि करना है, जिसमें सरकार की ओर पूंजीगत व्यय वृद्धि एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसमें कहा गया है कि संशोधित अनुमानों के अनुसार, सरकार का राजकोषीय घाटा अनुदान की किसी भी अनुपूरक मांग से प्रभावित हो सकता है। बढ़ती आबादी और विकसित आर्थिक ढांचे के साथ, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में अतिरिक्त निवेश दीर्घकालिक वृद्धि को बनाए रखने और मानव पूंजी परिणामों में सुधार करने के लिए आवश्यक हो सकता है।

# एफपीआई ने शेयर बाजार में 31 हजार करोड़ रुपये डाले



नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मुख्य रूप से आकर्षक मूल्यांकन, रुपये में मजबूती और वृहद आर्थिक संकेतकों में सुधार के चलते चालू माह के आखिरी छह कारोबारी सत्रों में भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 31,000 करोड़ रुपये डाले हैं।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के एक बार फिर लिवाल बनने से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में करीब छह प्रतिशत का सुधार हुआ है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इस ताजा निवेश के बाद मार्च माह में एफपीआई की निकासी घटकर 3,973 करोड़ रुपये रह गई है। इससे पहले एफपीआई ने फरवरी में शेयरों से 34,574 करोड़ रुपये और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये निकाले थे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि आगे बढ़ते हुए, एफपीआई प्रवाह का रुझान मुख्य रूप से दो अप्रैल से लागू होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क पर निर्भर करेगा। यदि ये शुल्क बहुत प्रतिकूल नहीं होता है, तो उनका निवेश प्रवाह जारी रह सकता है। आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने मार्च में भारतीय शेयर बाजार से 3,973 करोड़ रुपये निकाले हैं। हालांकि, पिछले छह कारोबारी सत्रों (21 मार्च से 28 मार्च तक) में उन्होंने शेयरों में 30,927 करोड़ रुपये डाले। विजयकुमार ने कहा कि सतत बिकवाली के बाद मामूली खरीदारी तक एफपीआई की रणनीति में यह बदलाव कई कारकों से प्रभावित है। इनमें सितंबर, 2024 से जो 16 प्रतिशत का करेक्शन हुआ है उससे मूल्यांकन काफी आकर्षक हो गया है। इसके अलावा रुपये में हाल में मजबूती आई है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि, औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े भी अनुकूल संकेत दे रहे हैं, जिससे भारतीय बाजार के प्रति एफपीआई का आकर्षण फिर बढ़ रहा है। बीडीओ इंडिया के भागीदार और लीडर (एफएस टैक्स, टैक्स एंड रेगुलेटरी सर्विसेज) मनोज पुरोहित ने कहा कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने निदेशक मंडल की बैठक में एफपीआई समुदाय के संबंध में कुछ प्रमुख घोषणाएं की हैं, जिससे वे यहां निवेश को लेकर उत्साहित हुए हैं। एफपीआई के रुख में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि एफपीआई के हालिया निवेश की वजह भारत का आर्थिक मोर्चे पर मजबूत प्रदर्शन और निवेशकों का भरोसा है।

# मांग बढ़ने और आवक घटने के बीच बीते सप्ताह तेल-तिलहन की कीमतों में सुधार

नयी दिल्ली। नेफेड द्वारा सोयाबीन की बिकवाली पर अगली बिजाई पूरा होने तक रोक लगाने के बाद आगामी त्योहारों और शादी-विवाह के मौसम की मांग के बीच किसानों द्वारा अच्छे दाम की उम्मीद में मंडियों में आवक घटाने के कारण बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत बंद हुए।

मांग बढ़ने और आवक घटने के बीच सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम पर्याप्त सुधार दर्शाते बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह प्रमुख तेल संगठन सोपा ने सरकार से मांग की थी कि सोयाबीन की अगली बिजाई पूरा होने तक सहकारी संस्था नेफेड सोयाबीन बिक्री के लिए कोई पहल नहीं करे, क्योंकि इससे किसानों का मनोबल टूटेगा और सोयाबीन की बिजाई प्रभावित होगी। इस अनुरोध के अनुरूप नेफेड ने बिकवाली की पहल को बिजाई पूरा होने तक रोक दिया है। इससे किसानों को भारी राहत मिली है जिनकी फसल को हाजिर बाजार में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से काफी कम दाम मिल रहा था। ऐसे में किसानों को अपनी लागत निकालने में मुश्किल हो रही थी। सोयाबीन की बिक्री पर नेफेड की रोक के बाद इसके दाम में सुधार देखने को मिला और इसका सकारात्मक असर बाकी तेल-तिलहनों विशेषकर मूंगफली पर भी पड़ा। सूत्रों ने कहा कि हरियाणा में कई स्थानों पर एमएसपी पर सरसों की खरीद शुरू करने के बाद अब राजस्थान के साथ-साथ कई अन्य राज्यों में जल्द ही एमएसपी पर सरसों की सरकारी खरीद होने की संभावना है। पिछले साल इस अवधि के दौरान सरसों की बाजार में आवक निरंतर बढ़ रही थी लेकिन इस बार किसान निरंतर आवक कम ला रहे हैं। वह स्टॉकिस्टों और मिल वालों के दाम घटाने-बढ़ाने के खेल को समझते हुए उनके झांसे में नहीं आ रहे और अच्छे दाम की उम्मीद में आवक लाने के लिए सही समय का इंतजार कर रहे हैं। समीक्षाधीन सप्ताह के पूर्व सप्ताह में जो सरसों की आवक 14-15 लाख बोरी की थी वह बीते सप्ताहांत घटकर मात्र पांच लाख बोरी रह गई। सरसों का पहले का सभी स्टॉक लगभग खत्म हो गया है।

## पेज एक का शेष

### हिमाचल प्रदेश

अन्य कुछ लोग आए हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल एडीएम, एसडीएम और पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद है।

### युद्धाभ्यास करेगी

रूप में कार्य करता है। भारतीय वायुसेना ने रविवार को जारी एक बयान में कहा, यह अभ्यास यथार्थवादी युद्ध परिदृश्यों के तहत पंद्रह देशों की कई हवाई और सतही परिसंपत्तियों को एकीकृत करेगा, जिसे आधुनिक समय की हवाई युद्ध चुनौतियों का अनुकरण करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें कहा गया, भारतीय वायुसेना युद्धाभ्यास आईएनआईओ सीएचओएस-25 में हिस्सा लेने के लिए उत्सुक है, जो भाग लेने वाली वायुसेनाओं के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग, तालमेल और अंतर-संचालनशीलता को बढ़ाने का एक मंच है। वायुसेना ने कहा कि यह युद्धाभ्यास संयुक्त हवाई अभियानों की योजना बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने, जटिल हवाई युद्ध परिदृश्यों में रणनीति को परिष्कृत करने तथा परिचालन संबंधी सर्वोत्तम प्रथाओं की जानकारी प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा।

### संघ भारतीय

रहा है, क्योंकि देश 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि 1925-47 का समय संकट का समय था, क्योंकि देश आजादी के लिए संघर्ष कर रहा था और अब 100 वर्षों के बाद आरएसएस एक और मील के पत्थर की ओर अग्रसर है। मोदी ने कहा, 2025 से 2047 तक का समय महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारे सामने बड़े लक्ष्य हैं। हमें अगले 1,000 साल के मजबूत और विकसित भारत की आधारशिला रखनी है। उन्होंने रेखांकित किया राष्ट्र इस वर्ष संविधान की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है और आरएसएस अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे कर रहा है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि माधव नेत्रालय ने लोगों के कल्याण के लिए कई वर्षों तक कड़ी मेहनत की है। यह संघ की निस्वार्थ सेवा की विचारधारा से प्रेरित है। उन्होंने कहा, यह अच्छा नहीं लगता कि लोग स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित हैंअ इसलिए आरएसएस स्वयंसेवकों ने माधव नेत्रालय में जरूरतमंदों को दृष्टि प्रदान करने के लिए निस्वार्थ भाव से काम किया है। भागवत ने कहा कि आरएसएस के स्वयंसेवक अपने लिए कुछ नहीं चाहते, बल्कि समाज में दूसरों के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस के लिए सेवा ही जीवन का ध्येय है। मोदी ने सुबह रेशिमबाग क्षेत्र में स्थित डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा किया और आरएसएस के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक एम.एस. गोलवलकर को समर्पित स्मारकों पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने वहां मौजूद आगंतुक पुस्तिका में लिखा कि ये स्मारक भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद और संगठन के मूल्यों को समर्पित हैं। उन्होंने लिखा, भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद और संगठन शक्ति के मूल्यों को समर्पित यह स्थली हमें राष्ट्र की सेवा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। संघ के दो मजबूत स्तंभों का यह स्मारक देश की सेवा में समर्पित लाखों स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा के प्रति खुद को समर्पित किया है। उन्होंने लिखा, हमारे प्रयासों से मां भारती का गौरव सदा बढ़ता रहे। उन्होंने कहा, मैं परम पूजनीय डॉ. हेडगेवार और पूज्य गुरुजी की यादों को संजोए स्मृति मंदिर का दौरा करके अभिभूत हूं। मोदी के स्मृति मंदिर दौरे के दौरान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नागपुर में स्मृति मंदिर जाना एक बहुत ही खास अनुभव है। आज की यात्रा को और भी खास बनाने वाली बात यह है कि यह वर्ष प्रतिपदा के दिन हुई है, जो परम पूज्य डॉक्टर साहब की जयंती भी है। उन्होंने कहा, मेरे जैसे अनगिनत लोग परम पूज्य डॉक्टर साहब और पूज्य गुरुजी के विचारों से प्रेरणा और शक्ति प्राप्त करते हैं। इन दो महानुभावों को श्रद्धांजलि देना सम्मान की बात थी, जिन्होंने एक मजबूत, समृद्ध और सांस्कृतिक रूप से गौरवशाली भारत की कल्पना की थी।

### हमारे त्योहार

विद्यालयों में कुछ ही सप्ताह बाद गर्मी की छुट्टियां भी शुरू होने वाली हैं और गर्मी के लंबे दिन छात्रों के लिए नए शौक विकसित करने एवं अपने कौशल को निखारने का समय होते हैं। प्रधानमंत्री ने छात्रों के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने वालों से माईहॉलिडेज हैशटैग का उपयोग करने तथा छात्रों एवं अभिभावकों से हॉलिडेमेमोरीज हैशटैग के साथ अपने अनुभव साझा करने का आग्रह किया। मोदी ने अपने संबोधन में विभिन्न तरीकों से जल संरक्षण कर कैच द रेन अभियान को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि इस तरह के कदमों से पिछले सात से आठ साल में 11 अरब घन मीटर से अधिक पानी बचाया गया है। उन्होंने कहा कि बारिश की बूंदों को संरक्षित करके हम बहुत सारा पानी बर्बाद होने से बचा सकते हैं। मोदी ने कहा कि पिछले कुछ सालों में इस अभियान के तहत देश के कई हिस्सों में जल संरक्षण के अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। मैं आपको एक दिलचस्प आंकड़ा देता हूं। पिछले 7-8 साल में नए बने जलाशय और अन्य जल संचय ढांचों से 11 अरब घन मीटर से भी ज्यादा पानी का संरक्षण हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब आप सोचेंगे कि 11 अरब घन मीटर पानी कितना पानी होता है? भाखड़ा नांगल बांध में जो पानी जमा होता है, उसकी तस्वीरें तो आपने जरूर देखी होंगी। ये पानी गोविंद सागर झील का निर्माण करता है। इस झील की लंबाई ही 90 किलोमीटर से ज्यादा है। इस झील में भी 9-10 अरब घन मीटर से ज्यादा पानी संरक्षित नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि देशवासियों ने अपने छोटे-छोटे प्रयास से देश के अलगअलग हिस्सों में 11 अरब घन मीटर पानी के संरक्षण का इंतजाम कर दिया है। प्रधानमंत्री ने लोगों से सामुदायिक स्तर पर ऐसे प्रयासों में शामिल होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि फिटनेस के साथ-साथ गिनती रखना भी एक आदत बनती जा रही है। उन्होंने लोगों का उदाहरण दिया कि वे एक दिन में चले कदमों की संख्या, एक दिन में खाई गई कैलोरी की संख्या और जलाई गई कैलोरी की संख्या का हिसाब रखते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की उलटी गिनती शुरू हो गई है। योग दिवस में अब 100 दिन से भी कम समय रह गया है। अगर आपने अपने जीवन में अब तक योग को शामिल नहीं किया है तो अब जरूर कर लीजिए अभी देर नहीं हुई है। 10 साल पहले 21 जून 2015 को पहला अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया था। पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 10 वर्ष पहले 21 जून 2015 को मनाये जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब यह दिन योग के एक भव्य महोत्सव का रूप ले चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा, मानवता को भारत की ओर से यह एक ऐसा अनमोल उपहार है, जो भविष्य की पीढ़ी के बहुत काम आने वाला है। साल 2025 के योग दिवस की थीम रखी गई है, एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग। यानि हम योग के जरिए पूरे विश्व को स्वस्थ बनाने की कामना करते हैं। मोदी ने कहा कि यह सभी लोगों के लिए गर्व की बात है कि आज पूरी दुनिया में योग और पारंपरिक चिकित्सा के प्रति जिज्ञासा बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में युवा स्वास्थ्य के लिए एक बेहतरीन माध्यम के रूप में योग और आयुर्वेद को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब जैसे दक्षिण अमेरिकी देश चिली है। वहां आयुर्वेद तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। पिछले साल मैं ब्राजील की यात्रा के दौरान चिली के राष्ट्रपति से मिला था।

### तीर्थयात्रियों के

आयुक्त एवं स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने ट्रिपल एएए रणनीति लागू की है। इसके अंतर्गत एजूकेट-खाद्य व्यवसायियों एवं नागरिकों को प्रयुक्त तेल के दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित करना। एनफोर्स-खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सख्ती से लागू कराना तथा एस्टाब्लिस- प्रयुक्त तेल के संग्रहण एवं निस्तारण के लिए एक सुदृढ़ प्रणाली स्थापित करना। खाद्य सुरक्षा आयुक्त एवं स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि चारधाम यात्रा पर श्रद्धालुओं को सुरक्षित और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। 'आज से थोड़ा कम' और आरयूसीओ जैसी पहलों से न केवल स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने कहा, हमारी पूरी टीम यात्रा मार्ग पर खाद्य सुरक्षा मानकों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए तत्पर है। किसी भी प्रकार की खाद्य असुरक्षा या मिलावट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी खाद्य व्यवसायियों को तय मानकों के अनुसार कार्य करना होगा, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, हम तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को स्वस्थ और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक खाद्य व्यवसायी को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा के मानकों का पालन करें। इन पहलों के माध्यम से उत्तराखंड को एक सुरक्षित और आदर्श तीर्थ स्थल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।₹ इन प्रयासों से यात्रा मार्ग पर परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता में सुधार होगा और हर वर्ष आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को स्वास्थ्यवर्धक और सुरक्षित भोजन मिल सकेगा।

### ओडिशा में बेंगलुरु

के प्रशासनिक अधिकारी सुभाष चंद्र रे ने कहा कि एक व्यक्ति मारा गया है। सात घायलों में तीन पुरुष और चार महिलाएं हैं। ओडिशा अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी (जिन्होंने दुर्घटना के बाद एनडीआरएफ के साथ मिलकर रेलवे की सहायता की) ने कहा कि बचाव अभियान पूरा हो गया है। यह ट्रेन बेंगलुरु से असम के गुवाहाटी स्थित कामाख्या स्टेशन जा रही थी। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना अत्यंत महत्वपूर्ण हावड़ा-चेन्नई मार्ग की डाउन लाइन पर हुई, जिससे रेल सेवाएं प्रभावित हुईं। उन्होंने बताया कि दुर्घटना स्थल को जल्द से जल्द साफ करने के प्रयास किए जा रहे हैं और अप लाइन को पहले ही चालू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि दुर्घटनास्थल से फंसे यात्रियों को लेकर एक विशेष रेलगाड़ी कामाख्या के लिए रवाना हो गई है। पटरी से उतरने के कारण तीन ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। ये ट्रेनें धौली एक्सप्रेस, नीलांचल एक्सप्रेस और पुरुलिया एक्सप्रेस हैं। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने दुर्घटना पर चिंता व्यक्त की और कहा कि अधिकारी घटनास्थल पर हैं, सहायता सुनिश्चित कर रहे हैं और जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने में जुटे हैं। सहायता के लिए हेल्पलाइन सक्रिय कर दी गई हैं। हेल्पलाइन नंबर 8455885999 और 8991124238 हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि दुर्घटना में उनके राज्य के दो लोग घायल हुए हैं और उनका इलाज जारी है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दोनों खतरे से बाहर हैं। शर्मा ने कहा कि उनका कार्यालय ओडिशा सरकार और रेलवे के संपर्क में है। उन्होंने कहा कि हम हर उस व्यक्ति तक पहुंचेंगे जो प्रभावित है।

### पाक सेना के

आम नागरिक हताहत हुए। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने कहा कि अभियान के दौरान आम नागरिकों की मौत होना अत्यंत निंदनीय और दुखद है। सरकार ने कहा कि वह घायलों को चिकित्सकीय सहायता प्रदान कर रही है और पीड़ितों के परिवारों को राहत एवं मुआवजा उपलब्ध करा रही है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि अभियान के दौरान आम नागरिकों की मौत होने के संबंध में पूर्ण जांच की जाएगी। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री के सूचना सलाहकार बैरिस्टर मोहम्मद अली सैफ ने भी अभियान के दौरान निर्दोष लोगों की मौत होने पर गहरा दुख व्यक्त किया।




## संक्षेप

### सबालेंका ने मियामी ओपन में 19वां टूर खिताब जीता

मियामी गार्डन्स (फ्लोरिडा)। एरिना सबालेंका ने शनिवार को यहां मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जेसिका पेगुला को सीधे सेट में हराकर खिताब जीता। बेलारूस की शीर्ष वरीय सबालेंका ने अमेरिका की चौथी वरीय पेगुला को 7-5, 6-2 से हराकर पहली बार मियामी ओपन का खिताब जीता जो उनके करियर का 19वां टूर खिताब है। सबालेंका ने 24 विनर्स लगाए और 11 लाख डॉलर की इनामी राशि अपने नाम की। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन सबालेंका ने अमेरिकी ओपन 2024 के फाइनल में भी पेगुला को सीधे सेट में 7-5, 7-5 से हराया था। मार्सेलो अरेवालो और मेट पाविच की शीर्ष वरीय जोड़ी ने जूलियम कैश और लॉयड ग्लासपूल की छठी वरीय जोड़ी को 7-6, 6-3 से हराकर पुरुष युगल खिताब जीता।

### आई लीग : नामधारी ने बेंगलुरू एससी को हराया

लुधियाना। नामधारी एफसी ने आई लीग फुटबॉल के मैच में रविवार को एससी बेंगलुरू को 2 . ।से हराकर नौवीं जीत दर्ज की। मेजबान नामधारी टीम हाफटाइम तक 1 . 0 से आगे थी। आकाशदीप सिंह ने 28वें मिनट में नामधारी को बढत दिलाई। इसके बाद फ्रांसिस अड्डो ने 85वें मिनट में दूसरा गोल किया। बेंगलुरू के लिये एकमात्र गोल क्लारेंस फर्नांडिस ने 90वें मिनट में किया। नामधारी आई लीग की तालिका में 21 मैचों में 32 अंक लेकर छठे स्थान पर है। वहीं एससी बेंगलुरू 21 मैचों में सिर्फ 20 अंक के साथ रेलिगेशन (नीचे की श्रेणी में खिसकना) जोन में है।

### गुजरात ने दिखाया कि उस विकेट पर कैसे गेंदबाजी करनी है : बोल्ट

अहमदाबाद। मुंबई इंडियन्स के सीनियर तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने कहा कि गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम की काली मिट्टी की पिच का अच्छी तरह इस्तेमाल किया और गेंद की गति को कम करके मुंबई के बल्लेबाजों को सफलतापूर्वक बांधे रखा। मेजबान टाइटंस ने शनिवार को आईपीएल मैच में आठ विकेट पर 196 रन बनाने के बाद मुंबई इंडियन्स को 36 रन से हराया। बोल्ट ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, विरोधी टीम की अच्छी रणनीति। अगर आपके पास ऐसा करने के लिए विकल्प हैं तो यह समझदारी भरा है लेकिन मुझे नहीं लगता कि हम इसे बहाने के तौर पर इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने कहा हमारी टीम में ऐसे खिलाड़ी हैं जो पूरे देश में हर तरह के विकेट पर खेल चुके हैं। इसलिए ईमानदारी से कहूं तो आज रात प्रदर्शन अच्छा नहीं था, मुझे लगा कि उन्होंने (टाइटंस) अच्छा स्कोर बनाया और उन्होंने हमें दिखाया कि उस विकेट पर कैसे गेंदबाजी करनी है। इसलिए उन्हें पूरा श्रेय जाता है। मैच के लिए लाल मिट्टी की बजाय काली मिट्टी की पिच इस्तेमाल की गई लेकिन न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज ने इसे बहाने के तौर पर इस्तेमाल करने से इनकार कर दिया। बोल्ट ने कहा मुझे लगता है कि अपने फायदे के लिए घरेलू परिस्थितियों का इस्तेमाल करना अच्छा था। जाहिर है कि घरेलू टीम को फायदा होना चाहिए। लेकिन जैसा कि मैंने कहा, हमारे दृष्टिकोण से यह कोई बहाना नहीं है।

### हार्दिक पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख का जुर्माना

अहमदाबाद। मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में उनकी टीम की धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियन्स को शनिवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टाइटंस के खिलाफ 36 रन से हार का सामना करना पड़ा। आईपीएल ने रविवार को एक बयान में कहा, मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या पर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के नौवें मैच के दौरान उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। बयान के अनुसार, यह आईपीएल की आचार संहिता के न्यूनतम ओवर गति से जुड़े अपराधों से संबंधित नियम 2.2 के तहत उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए पंड्या पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# दिल्ली कैपिटल्स ने सनराजर्स को हराया

## आईपीएल : दिल्ली को डुप्लेसी और फ्रेजर मैकगर्क ने पावर प्ले में 52 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई



विशाखापत्तनम। मिचेल स्टार्क और कुलदीप यादव की धारदार गेंदबाजी के बाद फाफ डुप्लेसी के अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराकर दो मैच में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। सनराइजर्स के 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने डुप्लेसी (50 रन, 27 गेंद, तीन चौके, तीन छक्के) और जैक फ्रेजर मैकगर्क (38) के बीच पहले विकेट की 81 रन की साझेदारी से 16 ओवर में तीन विकेट पर 166 रन बनाकर आसान जीत हासिल की। अभिषेक पोरेल (नाबाद 34, 18 गेंद, दो चौके, दो छक्के) और ट्रिस्टिन स्टब्स (21 रन, 14 गेंद, तीन चौके) ने चौथे विकेट के लिए 51 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

स्टार्क ने इससे पहले करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 35 रन पर पांच जबकि कुलदीप ने 22 रन पर तीन विकेट चटकाए जिससे सनराइजर्स की टीम 18.4 ओवर में 163 रन पर सिमट गई। सनराइजर्स ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और सिर्फ अनिकेत वर्मा (74 रन, 41 गेंद, छह छक्के, पांच चौके) और हेनरिच क्लासेन (32) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी भी की। इन दोनों के अलावा ट्रेविस हेड (22) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली को डुप्लेसी और फ्रेजर मैकगर्क ने पावर प्ले में 52 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। फ्रेजर मैकगर्क ने अभिषेक शर्मा पर छक्का जड़ा जबकि डुप्लेसी ने मोहम्मद शमी की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा। डुप्लेसी ने शमी पर इसके बाद एक और छक्का जड़ा। फ्रेजर मैकगर्क आठ रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब कप्तान पैट कमिंस की गेंद पर अनिकेत मिड ऑफ पर उनका मुश्किल कैच पकड़ने में नाकाम रहे। डुप्लेसी ने कमिंस की लगातार गेंदों पर भी चौका और छक्का मारा।

उन्होंने हर्षल पटेल की गेंद पर एक रन के साथ 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन फिर 10वें ओवर में जीशान अंसारी की गेंद पर वियान मुल्डर को कैच दे बैठे। फ्रेजर मैकगर्क ने जीशान के इसी ओवर में लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्का मारा लेकिन अगली गेंद वापस गेंदबाज के हाथों में खेल गए। उन्होंने 32 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और दो छक्के मारे। लोकेश राहुल (15) ने शमी पर दो चौकों और एक छक्के के साथ 11वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया लेकिन अगले ओवर में जीशान की गेंद पर बोल्ड हो गए जिससे टीम का स्कोर तीन विकेट पर 115 रन हो गया। पोरेल और स्टब्स ने इसके बाद जिम्मेदारी संभाली।

पोरेल ने जीशान पर छक्का जड़ा जबकि स्टब्स ने भी मुल्डर पर दो चौके मारे। पोरेल ने मुल्डर पर छक्के के साथ दिल्ली को जीत दिलाई। इससे पहले पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन सनराइजर्स ने पांचवें ओवर में 37 रन तक ही सलामी बल्लेबाजों हेड और अभिषेक शर्मा (01) तथा इशान किशन (02) और नितीश कुमार रेड्डी (00) के विकेट गंवा दिए। हेड ने स्टार्क के पहले ओवर में लगातार दो चौकों से शुरुआत की लेकिन इसी ओवर में अभिषेक रन आउट हो गए। स्टार्क के अगले ओवर में इशान ने बाउंड्री पर स्टब्स को कैच थमाया जबकि एक गेंद बाद नितीश भी दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल को कैच दे बैठे। स्टार्क ने हेड को विकेटकीपर राहुल के हाथों कैच कराके सनराइजर्स को चौथा झटका दिया। क्लासेन ने आते ही स्टार्क की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके के साथ तेवर दिखाए। सनराइजर्स ने पावर प्ले में चार विकेट पर 58 रन बनाए। अनिकेत ने भी विपराज निगम की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा और फिर अक्षर पर लगातार दो छक्के जड़े।

क्लासेन ने 10वें ओवर में कुलदीप पर छक्के के साथ टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। क्लासेन हालांकि अगले ओवर में पवेलियन लौट गए जब मोहित शर्मा की गेंद पर विपराज ने उनका शानदार कैच लपका। उन्होंने 19 गेंद की अपनी पारी में दो छक्के और दो चौके मारे। अभिनव मनोहर भी चार रन बनाने के बाद कुलदीप का शिकार बने जिससे सनराइजर्स का स्कोर छह विकेट पर 119 रन हो गया। अनिकेत ने कुलदीप की गेंद पर एक रन के साथ 34 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन अगली गेंद पर कमिंस (02) ने जैक फ्रेजर मैकगर्क को कैच थमा दिया। अनिकेत ने अक्षर के अगले ओवर में लगातार गेंदों पर एक चौका और दो छक्के मारे लेकिन कुलदीप की गेंद पर मैकगर्क को कैच दे बैठे। स्टार्क ने 19वें ओवर में हर्षल पटेल (05) और वियान मुल्डर (09) को पवेलियन भेजकर सनराइजर्स की पारी का अंत किया।

# गुलवीर ने 10 हजार मीटर में अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा



नयी दिल्ली। भारत के लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने अमेरिका में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर के टूर्नामेंट द टेन प्रतियोगिता में 10 हजार मीटर दौड़ में 27 मिनट 00.22 सेकेंड का समय लेकर अपना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। हांगझोउ एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गुलवीर का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड 27 मिनट 14.88 सेकेंड का था जिसे उन्होंने पिछले साल नवंबर में जापान के हाचियोजी में बनाया था। बैंकॉक में 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले 26 वर्षीय गुलवीर ने पिछले साल दो बार राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया।

उन्होंने जापान में इसे बेहतर करने से पहले मार्च में कैलिफोर्निया के सैन जुआन कैपिस्ट्रानो में 27 मिनट 41.81 सेकेंड का समय लिया था। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, गुलवीर सिंह ने 27 मिनट 00.22 सेकेंड का समय लेकर 10 हजार मीटर के अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किया। वह शनिवार को अमेरिका में द टेन प्रतियोगिता में छठे स्थान पर रहे। उत्तर प्रदेश के रहने वाले गुलवीर ने पिछले साल 13 मिनट 11.82 सेकेंड के साथ 5000 मीटर में भी राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था।

**उदित 61 किग्रा के फाइनल में, पूनिया और दहिया सेमीफाइनल में**

अम्मान (जोर्डन)। भारतीय पहलवान उदित ने रविवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप के पुरुषों के 61 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बनाकर स्वर्ण पदक की उम्मीद जगाई जबकि अनुभवी दीपक पूनिया (92 किग्रा) और मुकुल दहिया (86 किग्रा) भी सेमीफाइनल में पहुंचे।

उदित ने किर्गिस्तान के बेकबोलोट मिर्जानजार उलु को 9-6 से हराने के बाद चीन के वानहाओ झोउ को 2-0 से शिकस्त दी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे पूनिया ने बेकजात राखिमोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत के साथ वापसी की। पूनिया को किर्गिस्तान के प्रतिद्वंद्वी से कड़ी टक्कर मिली लेकिन वह क्वार्टर फाइनल में 12-7 से जीत दर्ज करने में सफल रहे।

## लखनऊ की महिलाओं ने जीती चैंपियनशिप, पुरुषो में मेरठ अव्वल

खेल संवाददाता



लखनऊ। मेजबान लखनऊ ने उत्तर प्रदेश क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप-2025 में महिलाओं के विभिन्न आयु वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 63 अंक के साथ महिला टीम चैंपियनशिप जीत ली। दूसरी ओर मेरठ ने 60 अंक के साथ पुरुष टीम चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया। उत्तर प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में चौक स्टेडियम के लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल में शनिवार देर रात संपन्न चैंपियनशिप में राघव प्ले वर्ल्ड स्कूल की श्वेता,

- **उत्तर प्रदेश क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप**
- **लखनऊ की साधना सीनियर रोमा जूनियर और शिखा मास्टर्स श्रेणी में स्ट्रांगवूमैन**

अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टर जीएस तिवारी व शैलेंद्र श्रीवास्तव, भाजपा नेता देवेश जी के साथ उत्तर प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव अनुज कुमार तिवारी व उपाध्यक्ष चंद्रपाल ने पुरस्कार वितरण कर पदक विजेताओं का उत्साहवर्द्धन किया। चैंपियनशिप में लखनऊ की साधना मिश्रा ने सीनियर वर्ग में स्ट्रांगवूमैन की ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं लखनऊ की रोमा सिंह को जूनियर वर्ग में और लखनऊ की ही शिखा सिंह को मास्टर्स श्रेणी में स्ट्रांगवूमैन के खिताब से नवाजा गया। मेरठ की प्रत्यूषा को जूनियर वर्ग की स्ट्रांगवूमैन घोषित किया गया। पुरुष वर्ग में गौतमबुद्धनगर के हिमांशु यादव ने सब-जूनियर और हापुड़ के संदीप बंसल ने जूनियर वर्ग में स्ट्रांगमैन की ट्रॉफी जीती। अंतिम दिन हुई स्पधाओं में विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

इसमें जूनियर 105 किग्रा भार वर्ग में मथुरा के विष्णु राजपूत ने स्वर्ण, गाजियाबाद के सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने रजत व बहराईच के अमन सिंह ने कांस्य पदक जीता। जूनियर 120 किग्रा भार वर्ग में अलीगढ़ के यश सारस्वत ने स्वर्ण पदक जीता जबकि प्रयागराज के तन्मय अग्निहोत्री ने रजत पदक जीता। सब जूनियर 83 किग्रा भार वर्ग में बागपत के शौर्य चौधरी ने स्वर्ण पदक जीता वहीं गोरखपुर के आयुष सिंह ने रजत व शामली के अभिराज ने कांस्य पदक जीता। सब जूनियर 93 किग्रा भार वर्ग में गौतमबुद्ध नगर के हिमांशु यादव ने स्वर्ण, कानपुर नगर के इंद्र प्रताप सिंह ने रजत व अलीगढ़ के सोहिल खान ने कांस्य पदक जीता। वहीं महिला वर्ग में खिलाड़ियों ने अपनी धाक जमाई। सब जूनियर 63 किग्रा में लखनऊ की वसुंधरा सिंह, जूनियर 63 किग्रा वर्ग में मेरठ की मुस्कान विजेता बनीं।

सीनियर 63 किग्रा में झांसी की देवांशी कमलवंशी ने स्वर्ण जीता, लखनऊ की जयन्ती मधेही ने रजत व लखनऊ की ही महिमा विश्वकर्मा ने कांस्य पदक अपने नाम किया। सीनियर 76 किग्रा वर्ग में लखनऊ की साधना मिश्रा ने स्वर्ण पदक जीता जबकि जूनियर 43 किग्रा भार वर्ग में लखनऊ की रोमा सिंह ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सब जूनियर 63 किग्रा भार वर्ग में आगरा की गरिमा ने स्वर्ण, मेरठ की मीनू ने रजत व लखनऊ की कीर्ति गौड़ ने कांस्य पदक जीता।

## पूनिया और उदित स्वर्ण पदक की चुनौती करेंगे पेश

अम्मान (जोर्डन)। भारतीय पहलवान दीपक पूनिया और उदित ने रविवार को यहां फाइनल में जगह बनाकर एशियाई चैंपियनशिप में अपने पहले खिताब की उम्मीद बरकरार रखी जबकि प्रतियोगिता के अंतिम दिन दिनेश और मुकुल दहिया कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेंगे। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे पूनिया ने बेकजात राखिमोव के खिलाफ 92 किग्रा वर्ग के कड़े मुकाबले में जीत के साथ वापसी की। पूनिया को किर्गिस्तान के प्रतिद्वंद्वी से कड़ी टक्कर मिली लेकिन वह क्वार्टर फाइनल में 12-7 से जीत दर्ज करने में सफल रहे। पूनिया को जापान के ताकाशी इशिगुरो से कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद थी लेकिन भारतीय पहलवान ने उन्हें आसानी से 8-। से हरा दिया। वह अब स्वर्ण पदक के मुकाबले में ईरान के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अमीरहुसैन बी फिरोजपोरबांदपेई से भिड़ेंगे। पूनिया ने एशियाई चैंपियनशिप में चार पदक जीते हैं। वह 2021 में अल्माटी और 2022 में उलानबटोर में फाइनल में हार गए थे जबकि 2019 और 2020 में कांस्य पदक जीते। उदित ने भी 61 किग्रा के फाइनल में जगह बनाकर देश के लिए स्वर्ण पदक की उम्मीद बरकरार रखी है। उन्होंने किर्गिस्तान के बेकबोलोट मिर्जानजार उलु को 9-6 से हराने के बाद चीन के वानहाओ झोउ को 2-0 से शिकस्त दी।

## हैंडबॉल : उत्तर प्रदेश ने रचा इतिहास, पहली बार जीता खिताब

खेल संवाददाता



लखनऊ। मेजबान उत्तर प्रदेश ने तालमेल भरे खेल और बेहतर रणनीति की बदौलत 47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में हिमाचल प्रदेश को करीबी मुकाबले में 19-17 से हराकर पहली बार विजेता होने का गौरव हासिल किया। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के 50वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में

- **47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप**
- **फाइनल में हिमाचल प्रदेश को करीबी मुकाबले में 19-17 से पराजित**

आयोजित चैंपियनशिप के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। आज समारोह में विशिष्ट अतिथि के.रविंद्र नायक (आईएएस, प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन) की भी गरिमामयी मौजूदगी रही। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने उत्तर प्रदेश की विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि आपने इस ऐतिहासिक जीत के साथ प्रदेश को गर्व का अवसर दिया है। खिलाड़ियों ने संघर्ष और अनुशासन के बल पर खुद को साबित किया है। यह सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि प्रदेश में खेल संस्कृति के उत्थान का प्रतीक है। सरकार खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को सर्वोत्तम सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष विधायक ओपी श्रीवास्तव (लखनऊ पूर्वी विधानसभा) ने अतिथिगण का स्वागत करते हुए कहा कि यह चैंपियनशिप न केवल खेल प्रतिभाओं को निखारने का मंच बनी, बल्कि युवा खिलाड़ियों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का भी अवसर प्रदान किया। मैं सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन करता हूँ। अंत में हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय (महासचिव, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन) ने आभार जताया। उन्होंने विजेता उत्तर प्रदेश टीम को बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की टीम ने शानदार खेल भावना और अनुशासन का परिचय दिया। वहीं हिमाचल प्रदेश ने भी उम्दा खेल दिखाया। उत्तर प्रदेश का पहली बार खिताब जीतना सिर्फ एक उपलब्धि नहीं, बल्कि प्रदेश में हैंडबॉल के उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ता कदम है। हम खिलाड़ियों के समर्पण और मेहनत की सराहना करते हैं। इस अवसर पर हैंडबॉल एसोसिशन इंडिया के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिशन के संयुक्त सचिव परमेंद्र सिंह, लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अनिमेष सक्सेना, लखनऊ जिला हैंडबॉल एसोसिएशन के सचिव डा.सुमंत पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी भी मौजूद रहे।

## मुंबई इंडियन्स को कोलकाता नाइट पर वापसी की उम्मीद

एजेंसी



मुंबई। मुंबई इंडियन्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में एक बार फिर खराब शुरुआत करने के बाद सोमवार को अपने घरेलू मैदान पर गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ जीत के साथ अंकों का खाता खोलने के इरादे से उतरेगी।

मुंबई इंडियन्स के लिए आईपीएल सत्र की शुरुआत लगातार हार के साथ करना कोई नई बात नहीं है। टीम को अब तक चेन्नई सुपरकिंग्स और गुजरात टाइटंस के खिलाफ दो मैच में हार झेलनी पड़ी है। टूर्नामेंट में हमेशा धीमी शुरुआत करने वाली यह टीम ट्रॉफी जीतने के लिए एकजुट होकर खेलने के लिए जानी जाती है लेकिन अपने अभियान को पटरी पर लाने के लिए मुंबई को अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन और बल्लेबाजों से निरंतरता की आवश्यकता होगी, विशेषकर तब जब उनके पास निचले क्रम में विशेषज्ञ फिनिशर की कमी है। रोहित शर्मा बल्ले से लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जबकि आक्रामक बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन अपने पहले आईपीएल टूर्नामेंट में भारतीय पिचों पर अभी तक लय हासिल नहीं कर पाए हैं। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज ने अपनी प्रतिभा की झलक तो दिखाई है लेकिन वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। दूसरी ओर रोहित दोनों मैच में दोहरे अंक में पहुंचने में नाकाम रहे जिसमें एक बार वह खाता भी नहीं खोल पाए।

**भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के सभी प्रारूपों की श्रृंखला खेलेगी**

सिडनी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले साल की शुरुआत में सभी प्रारूपों की श्रृंखला के कठिन दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी जिसका समापन मार्च में पर्थ के वाका मैदान में एकमात्र टेस्ट के साथ होगा। यह दौरा 15 फरवरी से नौ मार्च तक होगा जिसमें तीन टी20 और इतने ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले जाएंगे। श्रृंखला की शुरुआत 15 फरवरी को सिडनी में पहले टी20 मैच से होगी जिसके बाद मनुका ओवल और एडीलेड ओवल में बाकी दो मैच खेले जाएंगे।

# राजस्थान ने चेन्नई को दिया 183 रन का लक्ष्य

एजेंसी

गुवाहाटी । राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल-2025 के 11वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 183 रन का टारगेट दिया है। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नई ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। राजस्थान ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 182 रन बनाए। नीतीश राणा ने 36 बॉल पर 81 रनों की पारी खेली। कप्तान रियान पराग ने 37 और संजू सैमसन ने 20 रन बनाए। खलील अहमद, नूर अहमद और मथीश पथिराना को 2-2 विकेट मिले। आर अश्विन और रवींद्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिया। पारी के आखिरी ओवर में मथीश पथिराना ने 7 रन दिए। हालांकि, उन्हें पहली बॉल पर एक विकेट भी मिला। इस तरह राजस्थान की टीम 20 ओवर में 182 रन ही बना सकी। 19वें ओवर में राजस्थान ने 7वां विकेट गंवाया। यहां खलील अहमद ने जोफ्रा आर्चर (शून्य) को आउट किया। उन्होंने यशस्वी जायसवाल (4 रन) का भी विकेट लिया। इसी ओवर में इम्पैक्ट प्लेयर कुमार कार्तिकेय (1 रन) रनआउट हो गए। 18वें ओवर में राजस्थान का छठा विकेट गिरा। यहां रियान पराग (37 रन) को मथीश पथिराना ने बोल्ड कर दिया। 16वें ओवर में शिमरोन हेटमायर को जीवनदान मिला। पथिराना के ओवर में जिमी ओवर्टन से कैच ड्रॉप हुआ। इसी



ओवर में राजस्थान ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। 15वें ओवर में राजस्थान ने 5वां विकेट गंवा दिया है। यहां वनिंदु हसरंगा (4 रन) को रवींद्र जडेजा ने आउट किया। उनकी बॉल पर विजयशंकर ने सामने की ओर डाइव लगाकर कैच पकड़ा। 14वें ओवर में राजस्थान ने चौथा विकेट गंवाया। यहां ध्रुव जुरेल (3 रन) को नूर अहमद ने पथिराना के हाथों कैच कराया। 12वें ओवर में राजस्थान ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां नीतीश राणा 81 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आर अश्विन ने धोनी के हाथों स्टंपिंग कराया। राणा ने 21 बॉल पर फिफ्टी बनाई। 11वें ओवर में राजस्थान ने 100 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। मथिशा पथिराना ने ओवर की पहली बॉल वाइड डाली। इससे टीम का 100वां रन बनाया। अगली बॉल पर रियान पराग ने छक्का लगाकर स्कोर 100 पार पहुंचाया। 9वें ओवर में नीतीश राणा को जीवनदान मिला। वे अश्विन की तीसरी बॉल पर स्वीप करना चाहते थे, लेकिन बॉल पैड पर लगी। अपील पर फील्ड अंपायर ने आउट किया। ऐसे में नीतीश ने ऊफर की मांग की। रिप्ले देखने के बाद थर्ड अंपायर ने उन्हें नॉटआउट करार दिया। 8वें ओवर में राजस्थान ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां संजू सैमसन 20 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नूर अहमद ने रविचंद्रन अश्विन के हाथों कैच कराया। नीतीश राणा ने 21 बॉल पर फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने खलील अहमद के ओवर की 5वीं बॉल पर चौका लगाकर अर्धशतक बनाया। फिर अगली बॉल पर छक्का लगाकर पावरप्ले में राजस्थान का स्कोर 79/1 कर दिया। 5वां ओवर डालने आए रविचंद्रन अश्विन ने एक ओवर में 19 रन दिए। उनके ओवर में नीतीश राणा ने लगातार दो छक्के और एक चौका लगाया। नीतीश राणा ने पारी का दूसरा ओवर डाल रहे जिमी ओवर्टन के ओवर में लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने तीसरी बॉल पर चौका और 5वीं बॉल पर छक्का लगाया। राजस्थान रॉयल्स ने पहले ही ओवर में विकेट गंवा दिया है। यशस्वी जायसवाल चौका लगाकर आउट हुए। उन्होंने खलील अहमद की पहली बॉल पर चौका लगाया। फिर तीसरी बॉल पर खलील ने उन्हें रविचंद्रन अश्विन के हाथों कैच कराया।

चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। उन्होंने टीम में 2 बदलाव किए। प्लेइंग-11 में सैम करन की जगह जैमी ओवर्टन और दीपक हुड्डा की जगह विजय शंकर को मौका मिला। राजस्थान ने अपनी प्लेइंग-11 नहीं बदली। चेन्नई और राजस्थान के बीच कढछ में कुल 30 मुकाबले खेले गए हैं। 16 चेन्नई ने जीते जबकि 14 में राजस्थान को जीत मिली। वहीं, बरसापारा स्टेडियम में पहली बार सामना होगा। राजस्थान रॉयल्स से विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल टीम के टॉप स्कोरर हैं।

# छत्तीसगढ़ में 50 नक्सलियों का आत्मसमर्पण सराहनीय

## लालू ने गायों का चारा भी खा लिया, वह लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते : अमित शाह

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को छत्तीसगढ़ में 50 नक्सलियों के आत्मसमर्पण की सराहना की और कहा कि जो लोग हथियार छोड़कर विकास का रास्ता अपनाएंगे, उनका पुनर्वास किया जाएगा। शाह ने शेष नक्सलियों से भी आत्मसमर्पण के लिए आगे आने और हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा, 31 मार्च 2026 के बाद देश में नक्सलवाद इतिहास बन जाएगा, यह हमारा संकल्प है। उन्होंने हिंदी में एक्स पर लिखा, यह बहुत हर्ष का विषय है कि बीजापुर (छत्तीसगढ़) में 50 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया। हिंसा और हथियार छोड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल होने वालों का मैं स्वागत करता हूं।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति स्पष्ट है कि जो भी नक्सली हथियार छोड़कर विकास का मार्ग अपनाएंगे, उनका पुनर्वास कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें 14 नक्सलियों पर कुल 68 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 50 नक्सलियों में से छह पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम था, जबकि तीन पर



पांच-पांच लाख रुपये का इनाम था। पांच अन्य पर एक-एक लाख रुपये का इनाम था। पुलिस ने बताया कि जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स, विशेष कार्य बल (एसटीएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और इसकी विशिष्ट इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रिजोल्यूट एक्शन) ने उनके आत्मसमर्पण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं दूसरी ओर

गोपालगंज (बिहार)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालूप्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि जो लोग गायों का चारा खाते है, वे बिहार के लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोच सकते। शाह ने गोपालगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की।

शाह ने इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव की ओर इशारा करते हुए कहा, वर्ष 2025 में ही चुनाव होने वाला है। बिहार को एक बार तय करना है कि हमें लालू-राबड़ी के जंगल राज की ओर जाना है या मोदी जी और नीतीश कुमार के विकास के रास्ते पर जाना है। जब से भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बिहार में बनी है, वहां विकास की शुरुआत हुई और जब भी मोदी जी भाजपा के लिए वोट मांगने आए बिहार की जनता ने मोदी जी की झोली कमल के फूल से भरने का काम किया है। और मोदी जी ने भी पीछे मुड़कर नहीं देखा। दस साल के भीतर कई सारे विकास के काम जो 65 साल तक कांग्रेस पार्टी नहीं कर पाई, वह मोदी जी ने इस 10 साल के अंदर करने का काम किया है। उन्होंने कहा लालू यादव से यह पूछना है कि 15 साल तक लालू-राबड़ी की सरकार रही, दस साल तक सोनिया-मनमोहन की सरकार में लालू मंत्री थे, आपने बिहार के लिए क्या किया। दस साल के अंदर जो आप 2004-05 में 23,000 करोड़ रुपये का बजट छोड़कर गए थे, उसे राजग की सरकार ने 13 गुना बढ़ाकर तीन लाख 23 हजार करोड़ रुपये किया।

# पूर्व श्रीलंकाई राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की पार्टी ने नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित श्रीलंका यात्रा का स्वागत किया

कोलंबो। पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की यूनाइटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस सप्ताह निर्धारित श्रीलंका यात्रा का स्वागत किया। मोदी चार अप्रैल को दो दिनों के लिए श्रीलंका की यात्रा करेंगे। यूएनपी ने एक बयान में कहा यह यात्रा हमारे दो महान राष्ट्रों के बीच शाश्वत संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यूएनपी ने कहा कि यह यात्रा जुलाई 2023 में अपनाए गए भारत-श्रीलंका आर्थिक साझेदारी विजन को मजबूत करने का अवसर प्रस्तुत करती है। यूएनपी ने याद दिलाया कि श्रीलंका के आर्थिक संकट के दौरान भारत द्वारा दी गयी चार अरब अमरीकी डॉलर की सहायता हमारी मित्रता की गहराई का प्रमाण थी। विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने कहा कि श्रीलंका के पूर्वोत्तर मन्नार और भारत के दक्षिणी क्षेत्र के बीच समुद्र के नीचे केबल के माध्यम से विद्युत ग्रिड एकीकरण पर समझौता



ज्ञापन यात्रा के दौरान किए जाने वाले द्विपक्षीय समझौतों में से एक होगा। यह 2015 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से मोदी की चौथी श्रीलंका यात्रा होगी। उन्होंने आखिरी बार जून 2019 में श्रीलंका का दौरा किया था। यूएनपी नेता रानिल विक्रमसिंघे मोदी के पिछले दौरों के दौरान श्रीलंका के प्रधानमंत्री थे।

संक्षेप

## केसीबीसी ने वक्फ संशोधन विधेयक का किया समर्थन

कोच्चि। केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल (केसीबीसी) ने राज्य के सांसदों से वक्फ संशोधन विधेयक का समर्थन करने की अपील कर नयी राजनीतिक बहस छेड़ दी है। केसीबीसी की अपील के साथ ही विपक्षी दल कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) और सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) पर मुनंबम भूमि विवाद पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने का दबाव बढ़ गया है। केसीबीसी ने एक बयान में मुनंबम की घटना का जिक्र करते हुए निर्वाचित प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि जब वक्फ अधिनियम में संशोधन संबंधी विधेयक संसद में चर्चा के लिए आए, तो वे असंवैधानिक और अन्यायपूर्ण प्रावधानों में बदलाव के पक्ष में मतदान करें। यह अपील शनिवार को केसीबीसी के अध्यक्ष कार्डिनल बेसिलियोस क्लीमिस कैथोलिकोस ने की। एर्णाकुलम जिले के चेराई और मुनंबम गांवों के निवासियों ने आरोप लगाया है कि वक्फ बोर्ड उनकी भूमि और संपत्तियों पर अवैध रूप से दावा कर रहा है, जबकि उनके पास पंजीकृत दस्तावेज और भूमि कर भुगतान रसीदें मौजूद हैं।

# अमेरिका में मकान पर गिरा विमान, एक की मौत

एजेंसी

ब्रुकलिन पार्क (अमेरिका)। अमेरिका में आयोवा से मिनेसोटा जा रहा एक छोटा विमान शनिवार को दुर्घटनाग्रस्त होकर मिनियापोलिस उपनगर के एक मकान पर गिर गया और इस हादसे में विमान में सवार कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ब्रुकलिन पार्क के प्रवक्ता रिसिकट अडेसाओगुन ने बताया कि मकान में रह रहे लोगों को इस हादसे में कोई चोट नहीं आई है लेकिन मकान नष्ट हो गया है। संघीय उड्डयन प्रशासन ने एक बयान में बताया कि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि एकल-इंजन वाले सोकाटा टीबीएम 7 विमान में कितने लोग सवार थे। एजेंसी ने बताया कि विमान डेस मोइनेस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुआ था और वह अनोका काउंटी-ब्लेन हवाई अड्डे जा रहा था। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड इस दुर्घटना के संबंध में जांच कर रहा है।

> अनोका काउंटी-ब्लेन हवाई अड्डे जा रहा था

# भाजपा से फिर कभी नाता नहीं तोड़ेंगे : नीतीश

एजेंसी

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में अब जबकि कुछ ही महीने बचे हैं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को आश्वासन दिया कि वह फिर कभी भारतीय जनता पार्टी का साथ नहीं छोड़ेंगे, जबकि वह दो बार गलती से ऐसा कर चुके हैं।

जनता दल के अध्यक्ष ने यह बात पटना में आयोजित एक समारोह के दौरान कही। इस कार्यक्रम में शाह और उन्होंने केंद्र और राज्य की कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने शनिवार देर रात कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि बिहार



में हमारी जीत का असर दूर-दूर तक होगा। शाह ने हाल में एक समाचार चैनल से बातचीत में यह कहने से परहेज किया था कि नीतीश कुमार एक बार फिर मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। हालांकि, पटना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शाह कुमार के साथ गर्मजोशी से मिले। नीतीश कुमार ने कार्यक्रम के दौरान कहा इससे पहले सत्ता में रहने वाले (राजद-कांग्रेस गठबंधन) क्या करते थे। वे मुसलमानों के वोट लेते थे, लेकिन समुदायों के बीच झगड़े को कभी रोक नहीं पाए। उन्होंने राज्य में जदयू-भाजपा गठबंधन के सत्ता में आने को याद करते हुए कहा, बिहार में नाम मात्र भी स्वास्थ्य सेवा नहीं थी। अच्छी शैक्षणिक सुविधाएं नहीं थीं। हम नवंबर, 2005 में सत्ता में आए और चीजें सुधरने लगीं। वर्ष 1990 के दशक के मध्य से भाजपा के सहयोगी रहे कुमार 2014 में राजग से अलग हो गए थे, लेकिन तीन साल बाद फिर से साथ हो गए। उन्होंने 2022 में फिर से अपने रास्ते अलग कर लिए और भाजपा को केंद्र की सत्ता से हटाने और देश भर की पार्टियों को एक साथ लाकर इंडिया गठबंधन बनाने और उसे मजबूत करने की दिशा में सक्रिय हो गए।

# कर्नाटक सरकार भद्रा जलाशय से दो टीएमसी पानी छोड़ेगी : सिद्धरमैया

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार को कहा कि सरकार ने एक से पांच अप्रैल तक भद्रा जलाशय से दो टीएमसी (एक अरब घनफुट) पानी छोड़ने का फैसला किया है ताकि कल्याण कर्नाटक क्षेत्र में फसलों और पीने के वास्ते तुंगभद्रा नहरों तक पानी पहुंच सके।

उन्होंने एक बयान में कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने तुंगभद्रा नहरों में जल प्रवाह के लिए एक से पांच अप्रैल तक भद्रा जलाशय से दो टीएमसी पानी छोड़ने का फैसला किया है। इससे कोप्पल, रायचूर और यादगिर में खड़ी फसलों की रक्षा करने में मदद मिलेगी और साथ ही इन जिलों के लिए पर्याप्त पेयजल सुनिश्चित होगा।

तीस मार्च की स्थिति के हिसाब से भद्रा जलाशय में 28 टीएमसी पानी था। मुख्यमंत्री ने कहा, आठ मई तक सिंचाई के लिए 11 टीएमसी और पेयजल के लिए 14 टीएमसी पानी की जरूरत है - जिससे तीन टीएमसी पानी की बचत होगी।

छह अप्रैल से नहरों का इस्तेमाल केवल पेयजल आपूर्ति के लिए किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार अपने किसानों और लोगों के साथ खड़ी रहने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भाजपा पर फरिश्ते दिल्ली के योजना बंद करने का आरोप

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत दिल्ली सरकार पर फरिश्ते दिल्ली के योजना को बंद करने का आरोप लगाया।

फरिश्ते दिल्ली के योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए लोगों को निजी अस्पतालों में मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है। भाजपा ने आप के इस आरोप पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। आप की दिल्ली इकाई के प्रमुख और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि पूर्ववर्ती आप सरकार द्वारा शुरू की गई इस



पहल से हजारों लोगों की जान बचाने में मदद मिली थी, लेकिन अब इसे बंद किया जा रहा है।

भारद्वाज ने सवाल किया ऐसी अच्छी योजना जो लोगों की जान बचाती है, उसे कोई कैसे बंद कर सकता है? भाजपा सरकार ने इसे बजट से हटा दिया है। साल 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा शुरू की गई फरिश्ते दिल्ली के योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए लोगों का निजी अस्पतालों में इलाज कराया जाता है और इलाज का पूरा खर्च सरकार उठाती है, ताकि राहगीर वित्तीय बोझ के डर के बिना घायलों की सहायता करने के लिए प्रोत्साहित हों।

आप के अनुसार, इस पहल के तहत 10,000 से अधिक लोगों की जान बचाई गई। भारद्वाज ने दावा किया कि स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान भी उपराज्यपाल द्वारा नियुक्त अधिकारियों ने इस योजना को बंद करने का प्रयास किया था।

# खार्कीव पर रूसी हमले में दो लोग मारे गए, दर्जनों घायल

एजेंसी

कीव। रूसी ड्रोन ने शनिवार देर रात खार्कीव में एक सैन्य अस्पताल, शॉपिंग सेंटर, अपार्टमेंट ब्लॉक और अन्य इमारतों पर हमला किया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए।

यूक्रेनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर पर हुए हमले में 67 वर्षीय एक पुरुष और 70 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने सैन्य अस्पताल पर जानबूझकर, लक्षित गोलाबारी की निंदा की। इसमें कहा गया कि हमले का शिकार हुए लोगों मे उपचार करा रहे सैनिकै भी शामिल हैं। इस बीच रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने छह यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया। यूक्रेनी सरकार और सैन्य विश्लेषकों के अनुसार, रूसी सेना यूक्रेन पर दबाव बढ़ाने और युद्ध विराम वार्ता में क्रेमलिन की स्थिति को मजबूत करने के लिए आने वाले हफ्तों में एक नया सैन्य आक्रमण शुरू करने की तैयारी कर रही है।

सभी जनपदवासियों को ईद उल फितर (ईद) की दिली मुबारकबाद
होडिंग, बैनर, बेल्डिंग
जनाब हाजी रईस अहमद चिश्ती
मो. कैफ (अनस)
पता- कचहरी रोड कॉपरेटिब बैंक के सामने, इटावा





सभी जनपदवासियों को ईद उल फितर (ईद) की दिली मुबारकबाद
मो. कमालुद्दीन चिश्ती
निवास- अकालगंज, इटावा



इंटरटेनमेंट...

# पूरी दुनिया में छाया मालिनी अवस्थी का लोकगीत

**मुंबई**। फेमस लोक गायिका और पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित मालिनी अवस्थी ने हाल ही में कोक स्टूडियो भारत के लिए 'होली आए रे' गाया था। इस लोकगीत ने स्पॉटीफाई के ग्लोबल टॉप 100 में प्रवेश करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जिससे यह अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अब तक के सबसे सफल भारतीय लोकगीतों में से एक बन गया। हाल ही में मालिनी अवस्थी ने दैनिक भास्कर से खास बातचीत के दौरान बताया कि पूर्वजों की लोकगीत के विरासत को लोगों तक पहुंचाना है। नाम और पैसा के लिए गाना उनका मकसद नहीं है।

आपने अपनी गायकी को आधुनिक धारा में ढालने की कोशिश नहीं की, बल्कि अपनी शुद्ध लोक शैली को ही दुनिया तक पहुंचाने का काम किया है। आपके गानों में मिलावट नजर नहीं आता है? जब विश्वास और संगीत का लक्ष्य कुछ और हो तब वहां मिलावट नहीं होती है। वहां सिर्फ शुद्ध चीज ही मिलेगी। गीत की अभिव्यक्ति को लेकर जब कलाकार बहुत संजीदा होता है, तब वहां कुछ और विचार नहीं आता है। इसे आप दुर्भाग्य कह सकते हैं कि अब इंडस्ट्री पूरी तरह से मार्केट पर निर्भर हो गई है। अब म्यूजिक इंडस्ट्री में भी मार्केट की मांग के हिसाब से गाने बन रहे हैं। कभी सुनने वालों का दबाव होता है, तो कभी मेकर्स का। कभी-कभी कलाकार को खुद भी यह ख्याल आता है कि



वह अपनी इमेज बदलें। मुझे लगता है कि इस पूरे प्रोसेस में कई लोग हैं। मैं नाम और पैसा कमाने के लिए इस क्षेत्र में नहीं आई हूं। जो गाने हमारे पूर्वजों ने रचे हैं, उसे लोगों तक पहुंचना मेरा उद्देश्य है। अगर आपकी नियति ईमानदार है, विचार में पवित्रतता है तो कोई कितना भी प्रलोभन दे। उनकी तरफ ध्यान नहीं जाएगा।

# सिकंदर मूवी रिव्यू : सलमान की फिल्म में लॉजिक की कमी

**मुंबई**। फिल्म सिकंदर 30 मार्च को रिलीज हो चुकी है। सलमान खान, रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म सिकंदर आज रिलीज हो चुकी है। अगर आप भी फिल्म देखने का प्लान बना रहे हैं। फिल्म सिकंदर राजकोट के राजा संजय उर्फ सलमान खान की कहानी है, जिन्हें राजकोट की जनता भगवान का दर्जा देती है।

फिल्म की शुरूआत में मिनिस्टर के बेटे अर्जुन को फ्लाइट में एक महिला के बुरा व्यवहार करते दिखाया जाता है। मौके पर मौजूद संजय, अर्जुन का वहीं सबक सिखा देता है। अर्जुन, इस बेइज्जती का बदला लेना चाहता है, जिसके चलते मिनिस्टर के गुंडे संजय के पीछे पड़ जाते हैं। इस बदले की लड़ाई में संजय अपनी पत्नी साईंश्री को खो देता है, जिसका किरदार रश्मिका मंदाना ने निभाया है। साईंश्री



मरने से पहले अपना अंगदान करती है, जिससे 3 अलग-अलग लोगों की जान बच जाती है। अब मिनिस्टर के गुंडे उन तीन लोगों की भी तलाश में जिन्हें अंगदान किया गया है, वहीं दूसरी तरफ संजय पत्नी की मौत का बदला लेने और उन तीन लोगों को बचाने के लिए राजकोट से मुंबई पहुंच जाता है। वो तीन लोग कैसे मिलेंगे, मिनिस्टर उनकी तलाश क्यों कर रहा है और संजय उन्हें बचा सकेगा या नहीं।

## जी के फाउंडर ने रिया चक्रवर्ती से मांगी लिखित माफी : सीबीआई

मुंबई। सुशांत सिंह राजपूत डेथ केस में हाल ही में सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट फाइल की है। इसमें कहा गया है कि सुशांत को हत्या के लिए उकसाने जैसे कोई सबूत नहीं मिले हैं। इसी के साथ रिया चक्रवर्ती को मामले में क्लीनचिट दे दी गई है। अब जी न्यूज के फाउंडर सुभाष चंद्र ने रिया चक्रवर्ती से लिखित माफी मांगी है। जी के फाउंडर सुभाष चंद्र ने ऑफिशियल प्लेटफॉर्म पर लिखा है। सुशांत सिंह राजपूत के मर्डर केस में सीबीआई ने क्लोजर रिपोर्ट फाइल की है। मुझे लगता है ये सबूतों की कमी के आधार पर है। अस्पष्टता की कोई गुंजाइश नहीं है, जिसका अर्थ है कि कोई केस नहीं बनता है। पीछे पलटकर देखने पर लगता है।

# मोहनलाल की फिल्म 'एल-2' के 17 सीन में बदलाव

मुंबई। मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन स्टारर फिल्म एल2: एंपुरान 27 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है, जिसके बाद से ही फिल्म विवादों में है। फिल्म में 2002 में हुए गुजरात दंगे दिखाए गए हैं, जिसके बाद आरएसएस ने फिल्म को हिंदू विरोधी बताते हुए विरोध करना शुरू कर दिया। विवादों के बीच अब सेंसर बोर्ड ने फिल्म के 17 सीन में बदलाव का सुझाव दिया है।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, विवाद बढ़ने के बाद केरला की सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म को दोबारा देखा है। बोर्ड ने 17 सीन में बदला की मांग की है, जो गुजरात दंगों और महिलाओं पर हुए अत्याचारों को दिखाने से जुड़े हैं। महिलाओं के खिलाफ होते अत्याचार



को दिखाने वाले सीन हटाए जाएंगे। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के जिक्र वाले डायलॉग्स म्यूट किए जाएंगे। बोर्ड का सुझाव फिल्म के फिल्म के प्रोड्यूसर गोकुलम गोपालम ने मान लिए और डायरेक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन भी इससे सहमत थे। उनका कहना है कि अगर फिल्म से किसी की भावनाएं आहत होती हैं, तो उन्हें बदलाव करने में कोई आपत्ति नहीं है। बोर्ड ने निदेशों के अनुसार ये बदलाव सोमवार तक पूरे कर दिए जाएंगे, जिसके बाद इसकी स्क्रीनिंग होगी। बदली हुई फिल्म को बुधवार तक रिलीज किया जाएगा।

फिल्म में लीड रोल निभा रहे मोहनलाल की जमकर आलोचना हो रही है। आरोप है कि वो इंडियन आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल की रैंक पर हैं, इसके बावजूद उन्होंने ऐसी फिल्म में काम किया जो, एंटी हिंदू पॉलिटिकल एजेंडा वाली है। फरर का भी आरोप है कि फिल्म में गुजरात दंगों की एकतरफा कहानी दिखाई गई है, जिससे पार्टी की छवि खराब हुई है। फिल्म एल2: एंपुरान ने दुनियाभर में 67.50 करोड़ रुपए की ओपनिंग की थी।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com